CMYK

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-32 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 19 जुलाई 2025
23 मोहर्रम 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com





# डीएम-एसपी ने खाद वितरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** । जिले में खाद वितरण व्यवस्था की हकीकत परखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को तीन वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एआरसीएस रजनीश प्रताप सिंह और विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।निरीक्षण की शुरुआत ओयल क्षेत्र स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी पैक्स) पुरवा सावल समिति से की गई, जहां डीएम ने उर्वरक वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं समिति सचिव को जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान खाद के स्टॉक व अभिलेखों की जांच की तथा किसानों से संवाद कर वितरण की वस्तुस्थिति जानी गई इसके बाद भुलनपुर स्थित बी पैक्स समिति का निरीक्षण किया। यहां पहले से ही एसडीएम मितौली रेनू मिश्रा निरीक्षण में जुटी मिली। डीएम-एसपी ने समिति में खाद भंडारण, वितरण प्रणाली और अभिलेखों की स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी संतुष्टि की स्थिति को भी जाना निरीक्षण के क्रम में राजापुर मंडी स्थित इफको किसान सेवा केंद्र का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अरविंद कुमार द्वारा अवगत कराया कि अब तक 222 पुरुष एवं 39 महिला किसानों को टोकन वितरित किए जा चुके हैं तथा टोकन क्रम के अनुसार खाद का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद वितरण हेतु टोकन प्रणाली लागू की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि टोकन धारकों को निर्धारित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए और किसी भी दशा में कोई भी किसान निराश न लौटे।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन समिति पर खाद वितरण हो रहा है, वहां उस क्षेत्र की खाद उपलब्धता वाली निजी दुकानों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। लेखपाल यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी अधिकृत विक्रय केंद्र समय से खुलें एवं खाद का वितरण शासन द्वारा निर्धारित दरों एवं मापदंडों के अनुसार हो एसपी संकल्प शर्मा ने खाद वितरण स्थलों पर तैनात पुलिस कर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं किसानों की सुविधा हेतु सतर्क रहते हुए कर्तव्यों के निर्वहन के निर्देश दिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सहकारी समितियों और निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक के स्टॉक, वितरण प्रक्रिया और अभिलेखों की बारीकी से समीक्षा की गई।

## सास को कांवड़ में बिठाकर बहू ने अपने पति के साथ की यात्रा शुरू

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सावन मास शिव भक्त कावंड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। बोल बम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। एक ओर जहां रंग-बिरंगी कांवड़ लेकर शिव भक्त अपने गंतव्य की ओर जा रहे है।

वही दूसरी ओर एक आदर्श बहू ने अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर की पैड़ी से गंगाजल लेकर अपनी सास को कांवड़ में बैठाकर की जा रही यात्रा की सर्वत्र सराहना हो रही है।

कलयुग में हालांकि मानव अपनी भौतिकता के रंग में रंगा हुआ है। इसके बावजूद भी कलयुग में कई ऐसे बच्चे भी देखे जा सकते है, जो अपने माता-पिता और बुजुर्गो की सेवा के लिए अलग ही सोच रखते हैं।

सास की इच्छा पूरी करने के लिए करनाल (हरियाणा) की रहने वाली अंजलि ने अपने पति बलवान और सास प्रसन्नी देवी के साथ हरिद्वार पहुंची। बहू अंजलि ने हर की पैड़ी पर गंगाजल भरने के बाद अपनी सास प्रसन्नी देवी को कांवड़ में बैठाकर अपने पति के साथ यात्रा शुरू की। सहारनपुर पहुंचने पर बहू अंजलि ने बताया कि मां बाप का दर्जा भगवान से भी बड़ा होता है, जो लोग माँ-बाप की सेवा नही कर सकते।

भगवान भी उनसे प्रसन्न नहीं हो सकते। इसलिये मां बाप की सेवा ही सच्ची श्रद्धा है। पति बलवान ने कहा कि आज कलयुग मे भी कई लोग अपने माता-पिता के सेवा तन-मन-धन से करते है। कावड़ लाने मे उन्होंने अपनी पत्नी अंजलि की भी जमकर तारीफकी।

सास को कांवड़ रूप में लाकर बहू अंजिल ने समाज को संदेश देने का प्रयास किया है कि हमे अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। पति के साथ अपनी सास को बहू अंजलि ने कंधों पर बैठाया और शिव का ध्यान कर अपनी यात्रा आरंभ कर दी। जिसको देखकर हर कोई बहु अंजलि और उनके पति बलवानी की खूब प्रशंसा कर रहे है।

## जिले की 18 प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे ट्रांसफार्मर पोल, सीडीओ ने दिए निस्तारण के निर्देश



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)**जिले में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार थमती देख सीडीओ अभिषेक कुमार सख्त हो गए हैं। शुक्रवार को विकास भवन में उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में खासतौर पर उन प्रमुख सड़कों की चर्चा हुई, जिनके सुढ़णीकरण और चौड़ीकरण कार्य में विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर रोड़ा बने हुए हैं सीडीओ ने साफ शब्दों में कहा कि डॉन बॉस्को-राजापुर मार्ग, एलआरपी-इंदिरा मनोरंजन पार्क मार्ग समेत जिले के 18 प्रमुख मार्गों पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग में शिथिलता दिखाई जा रही है, जिससे निर्माण कार्य समय से पूर्ण नहीं हो पा रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों में कोई भी देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में सीडीओ ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही विकास कार्यों की प्रगति को बाधित कर रही है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोल व ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं, इसके लिए विभागीय समन्वय और टाइमलाइन आधारित कार्रवाई जरूरी है सीडीओ ने कहा कि जहां भी कार्य शिथिल पड़ा है, वहां की जमीनी हकीकत देखकर स्वयं निरीक्षण कर जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने चेताया कि यदि कार्य में लापरवाही या लटकाने की प्रवृत्ति पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी बैठक में सीडीओ ने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समयबद्ध और स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी क्षेत्र में बार-बार बिजली फाल्ट की शिकायतें आना गंभीर विषय है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि बिजली से संबंधित शिकायतों की मॉनिटरिंग स्वयं करें और साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि ÷जनहित के कार्यों में कोताही करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

## ई रिक्शा चोरी का खुलासा एक आरोपी दबोचा

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मण्डी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर ई-रिक्शा चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

मण्डी कोतवाली प्रभारी बीनू चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 17 जुलाई को वादी मुदस्सिर पुत्र नसीम अहमद निवासी पीर वाली गली नं0 25, थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफवादी की ई-रिक्शा चोरी कर लेने की सूचना पर थाना कोतवाली मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री चौधरी ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडाना, अतुल कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुन्ना लाल एंड जयनारायण गर्ल्स कॉलेज के पास से एक शातिर चोर फहीम पुत्र नदीम निवासी मौ.786 नगर खाताखेड़ी थाना मण्डी को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके कब्जे से चोरी की ई रिक्शा बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## रेलवे रोड नाले पर किया अतिक्रमण स्वयं हटायेंगे दुकानदार

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महानगर के रेलवे रोड के दुकानदार नाले पर किया गया अतिक्रमण स्वयं हटाएंगे। इस अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में निगम अधिकारी और रेलवे रोड के अतिक्रमणकारी दुकानदार कांवड़ के बाद परस्पर बैठक कर निर्णय लेंगे। पार्षद मुकेश गक्खड़ और राजेंद्र कोहली की उपस्थिति में रेलवे रोड के दुकानदारों और निगम अधिकारियों के बीच इस पर सहमति बनी है। दुकानदार आज दोपहर नगरायुक्त शिपू गिरि से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज दोपहर अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा प्रवर्तन दल के साथ रेलवे रोड पहुंचे और दुकानदारों को समझाते हुए उनके द्वारा नाले पर किया गया अतिक्रमण हटाने को कहा। रेलवे रोड पर जनमंच परिसर से सटी नगर निगम की दर्जनों दुकानें हैं। निगम के किरायेदार दुकानदारों ने रेलवे रोड पर बने नाले को अपनी दुकान के



भीतर लेकर उस पर कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं स्मार्ट सिटी द्वारा बनाये गए फुटपाथ और उसके सामने बनी पार्किंग पर भी दुकानदार सामान फैलाकर अतिक्रमण किये रहते हैं। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने दुकानदारों को समझाया कि या तो वे स्वयं नाले पर से अतिक्रमण हटा लें अन्यथा निगम द्वारा अतिक्रमण ध्वस्त कर नाले को कब्जा मुक्त कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के चलते नालों की ठीक से सफाई नहीं हो पा रही है और रेलवे रोड पर वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। सुधीर शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि नाले पर कोई अतिक्रमण नहीं रहेगा। दुकानदार आज से स्वयं इसे तोड़ना शुरु कर दें अन्यथा निगम अपने स्तर से इसे ध्वस्त करेगा। इस बीच वहां पहुंचे क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र कोहली का कहना था कि निगम के कहने पर सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों में नाले पर चैम्बर बनवा लिए थे अब इस कार्रवाई की जरुरत नहीं है।

बाद में पार्षद मुकेश गक्खड़ व राजेंद्र कोहली के साथ रेलवे रोड के दुकानदार नगरायुक्त शिपू गिरी से मुलाकात करने निगम पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराया। नगरायुक्त के साथ बातचीत के दौरान दुकानदारों ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने नाले पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। लंबी चर्चा के बाद दुकानदारों ने आश्वस्त किया कि वे स्वयं नाले पर किया गया अतिक्रमण हटायेंगे। अतिक्रमण कैसे हटाया जायेगा, इस पर कांवड़ यात्रा के बाद दुकानदार निगम अधिकारियों के साथ बैठकर समन्वय बनाते हुए निर्णय करेंगे।

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना खीरी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0498/25 धारा 64(1)/127(2)/351(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अकरम खां पुत्र कुरबान खां नि0 ग्राम कादीपुर सानी थाना व जिला खीरी को मोहम्मदाबाद तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया है।

## आज होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 जुलाई 2025 को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मितौली में होगा।

## दर्दनाक हादसे में 48 वर्षीय किसान की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के सहोरा गांव में एक दर्दनाक हादसे में 48 वर्षीय किसान की मौत हो गई। खेत में ट्रैक्टर से जुताई करते समय रोटावेटर में कपड़े फंस जाने से किसान बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, कैंटर व जरूरी सामान बरामद

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कुतुबशेर पुलिस ने कैंटर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कैन्टर, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बुलेट बाईक बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि वादी धर्मेश कुमार पुत्र रामलोक निवासी कुल्हाड़ी वाला थाना बरोटीवाला जनपद सोलन (हिमाचल प्रदेश) की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफवादी का स्वराज माजदा कैन्टर, दो मोबाइल फोन व अन्य कागजात चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कुतुबशेर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पीजी पिलखनी के पास स्थित अमृत सरोवर तालाब के निकट से दो शातिर चोरों शहजाद पुत्र युसुफ निवासी नमरा मस्जिद मानकमऊ थाना कुतुबशेर व मुस्तकीम पुत्र यासीन निवासी पुराना मदरसा के पास मानकमऊ थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से चोरी गया स्वराज माजदा कैन्टर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पर्स, 02 टूटे हुए मोबाइल आदि व घटना में प्रयुक्त बुलेट बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पूर्व सांसद राघव ने किया रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए कराये जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। इस दौरान पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने लकड़ी के पुल का नवीनीकरण, रेलवे स्टेशन के मुख्य आगमन द्वार, रेलवे स्टेशन में नए आगमन द्वारा का निर्माण, एस्कलेटर एवं लिफ्ट की स्थापना आदि के निर्माण कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने ए.ई.एन. अमन गुप्ता तथा स्टेशन अधीक्षक शिवपाल सिंह को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्यो को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि सहारनपुर रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं के लिए नया आगमन द्वार तथा एस्कलेटर भी स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इन कार्यो के अतिरिक्त प्लेटफार्म 3, 4 और 5, 6 को आपस में जोड़ने के लिए अतिरिक्त एस्कलेटर के लिए भी रेल मंत्री से मिल कर स्वीकृति लेने का प्रयास किया जाएगा।

## चिकित्सा विभाग द्वारा कांवड यात्रा में किये जा रहे सराहनीय कार्य

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आगामी 23 जुलाई तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के लिये व्यापक और उत्साह पूर्ण तैयारिया की गयी है ताकि शिव भक्तों की यात्रा सुगम स्वस्थ, सुरक्षित और व्यवस्थित हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार ने बताया कि काँवड यात्रा में उत्तराखण्ड की सीमा ढाह्ला चौरा से हरियाणा सीमा पर स्थित शाहजंहापुर तक कुल 22 अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाये गये है। जिनमें कांवड़ियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि



काँवड यात्रा मार्ग पर लगाये गये 22 चिकित्सा शिविरों पर 54 चिकित्सा अधिकारी, 54 फार्मासिस्ट एवं अन्य-64 कर्मचारियों सहित कुल 172 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है जो दिन रात अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है। उन्होंने बताया कि काँवड यात्रा हेतु 19 एम्बुलेन्स सतत् कार्य कर रही है। एम्बुलेन्स के द्वारा अभी तक बुखार, दुर्घटना से ग्रसित, मिर्गी के दौरे आदि से पीडित दर्जनभर काँवडियों को जिला चिकित्सालय के एमरजेन्सी में भर्ती कर उपचार किया गया है। सभी चिकित्सा शिविरों पर पर्याप्त मात्रा में दवायें उपलब्ध है। आकस्मिक उपचार के लिये व्यवस्था की गयी है व गम्भीर रोगी को तुरन्त कैम्प से सरकारी जिला अस्पताल या राजकीय मेडिकल कालेज एम्बुलेन्स के द्वारा रेफर किया जा रहा है। समस्त शिविरों में लाखों की संख्या में प्रतिदिन कांवडियों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी शिविरों में सर्पदंश एवं कुत्ते के काटने की दवा उपलब्ध है। रेलवे स्टेशन टपरी एवं रेलवे स्टेशन सहारनपुर पर 24गुणा7 स्वास्थ्य टीम एवं एम्बुलेन्स तैनात है तत्काल कांवडियों को प्राथमिक उपचार करते हुये रेफर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा कॉवड यात्रा मार्ग पर 20 मोटर साईकल/ई-रिक्शा चिकित्सा शिविरों के साथ में लगाई गयी है। जिससे भीड या आकस्मिकता की स्थिति में कांवडियों को तुरन्त उपचार दिया जा सकें।

## पात्र लाभार्थियों का मतदाता सूची में कराये शत-प्रतिशत पंजीकरण: संतोष

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने निर्देश दिये कि भारतीय निर्वाचन आयोग के अपेक्षानुसार 18 वर्ष अथवा अधिक आयु के समस्त पात्र लाभार्थियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। संतोष बहादुर सिंह ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि अर्ह मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल किये जाने हेतु मतदाता जागरूकता के लिए ऑनलाइन पोर्टल का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र मतदाताओं का अधिकाधिक संख्या में ऑनलाइन पंजीकरण कराये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

## सिविल डिफेंस की कावड़ यात्रा में होती है अहम भूमिका: एसएसपी



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने सिविल डिफेंस के वार्डनों को कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिये। एसएसपी आशीष तिवारी आज पुलिस लाइन सभागार में कावंड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सिविल डिफेंस के वार्डनों के साथ वार्ता कर रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासनिक और सिविल डिफेन्स के लोगों को आपस में वार्ता करायी गयी और एक दूसरे के मोबाइल नंबरों को प्रोवाइड कराया गया है, जिससे सिविल डिफेंस और पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों मे ड्यूटी के दौरान किसी भी समस्या को लेकर एक-दूसरे से संपर्क किया जा सकें। इस दौरान सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन के नेतृत्व में सभी वार्डनों ने एसएसपी द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। चीफ वार्डन राजेश जैन ने एसएसपी को आश्वस्त किया कि सिविल डिफेंस के सभी लोग तन मन से कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए अपना पूरा योगदान देंगे। बैठक में उप नियन्त्रक कश्मीर सिंह ने नागरिक सुरक्षा विभाग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा विभाग के कार्यो से अवगत कराया गया।

बैठक में डा. हंसराज सैनी, भूपेन्द्र कुमार, देवेन्द्र बंसल, वसीम अख्तर, एमपी सिंह चावला, राकेश जैन, दीपक गुप्ता, अशोक सैनी, नरेश सैनी, अर्चना रानी, पवन सिंघल, सरफराज खान, वीर सैन जैन, अमित जैन, राजेन्द्र कुमार, अरूण सूरी, सहीराम, मौ.अहमद, अमित सिंघन, अवनेन्द्र, विकास कुमार, मौ.शमीम अहमद, विनय जैन, प्रदीप जैन, शहजाद, जावेद, सुहैल अख्तर, खलिद सिद्दकी, सुशील गुप्ता, मनोज चौधरी, राजवीर सिंह वर्मा, मेहरबान अन्सारी, सूर्यकान्त राणा, उमाशंकर सिंह आदि वार्डन उपस्थित रहे।

## विधायक आशु मलिक ने 3 ब्लॉक में मांगा स्टेडियम



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सपा विधायक आशु मलिक ने विधान सभा की याचिका समिति की बैठक में विधान सभा क्षेत्र के तीनों ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम अकादमी निर्माण कराने की मांग की।

सपा विधायक ने कहा कि गागालहेड़ी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज तथा क्रिकेट अकादमी की स्थापना की जाये, क्योंकि क्षेत्र में न तो कोई स्टेडियम है और न ही कोई मिनी स्टेडियम, जिससे ग्रामीण और शहरी युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी ने बताया कि विधायक आशू मलिक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि गागलहेड़ी क्षेत्र, जो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मध्य बिंदु पर स्थित है, वहां स्पोर्ट्स कॉलेज और क्रिकेट एकेडमी की स्थापना से स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की तैयारी का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने पुवारका, मुजफ्फराबाद और बलियाखेड़ी ब्लॉकों में भी स्टेडियम अथवा मिनी स्टेडियम के निर्माण की आवश्यकता जताई है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों की ग्राम सभाओं पुवारका, गागलहेड़ी, चोरादेव, कैलाशपुर मुगलमाजरा, चन्दरौली, घानाखंडी, धतौली मुगल, बेहड़ा सन्दल सिंह, अलहेड़ी, नोजली, नन्हेड़ागाजी, कोटा और उमाही में स्टेडियम निर्माण के लिए ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध कराने पर सहमति भी दे दी है।

## मण्डल स्तरीय ट्रायल में किया विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों का चयन

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उप्र व खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में कुश्ती हैंड बाल एवं तैराकी के खिलाड़ियों का चयन किया गया। स्थानीय बीआर अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपडा के नेतृत्व में खिलाड़ियों का चयन किया गया। क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने बताया कि कुश्ती के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में 55-65 किग्रा. भार वर्ग में साहिल, अभिषेक कुमार, रितिक जयनागल, 66-80 किग्रा भार वर्ग में मौ.अयान, मौ.असद, चांद आलम, 80 से अधिक भार वर्ग में मौ.नोमान, सन्नी कुमार, नितिन कुमार का चयन किया गया।

उन्होंने बताया कि तैराकी खेल के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल सब



जूनियर बालक-बालिका वर्ग में आहान प्रताप सिंह, सुर्यांश पंवार, शौर्य प्रताप सिंह, मुदित यादव, दलजीत सिंह कटारिया, प्रगुन पांचाल, आयुष पांचाल, लावान्या यादव, अमीना मुदस्सिर, प्राची सहारनपुर का चयन किया। उन्होंने बताया कि बास्केट बाल खेल मे सीनियर महिला वर्ग के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में अनुष्का, अवनी अग्रवाल, ताहूरा, समायरा, पायल, रिया, उपासना, साक्षी सैनी, वर्तिका, आरती, अलिना, आरूषी सहारनपुर का चयन किया गया। जबकि सिबा, चीनू डालका, मरयम को आरक्षित खिलाड़ियों की श्रेणी में रखा गया। उन्होंने बताया कि हैण्डबाल खेल के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में सीनियर महिला वर्ग में शगुन, स्वाति, कोमल, वासवी सैनी, वेदिका सहारनपुर निरंजना, कनिका, तनु पुण्डीर, सुहानी, तनु, प्रियांशी, सपना सिंह मु.नगर का चयन किया गया। जबकि माही टंडन, बरखा रानी, माही का चयन आरक्षित खिलाडियों में किया गया।

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-32 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 19 जुलाई 2025
23 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# टीएमसी के गुंडा टैक्स से बंगाल में निवेश रुका

## दुर्गापुर रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना, बंगाल के युवा पलायन को मजबूर

■ **विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पीएम ने दिए तीन मूलमंत्र**



**दुर्गापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई निवेशक नहीं आ रहे हैं। यहां का विकास रुक गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि टीएमसी के गुंडा टैक्स की वजह से राज्य में निवेशक आने से डरते हैं। इस तरह की भ्रष्ट और भय की राजनीति ने बंगाल की आर्थिक प्रगति को रोक दिया है और युवाओं को रोजगार से वंचित किया है।

पीएम ने इस रैली में दुर्गापुर के लिए कहा कि ये न केवल इस्पात नगरी है, बल्कि भारत की श्रमशक्ति का भी एक बड़ा केंद्र है। पीएम ने बताया कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और गैस आधारित परिवहन को भी मजबूती मिलेगी। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहल भारत को विकसित बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया आज पूरा देश एक ही लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तीन मूल मंत्र भी दिए और कहा कि इसका रास्ता सिर्फ विकास से सशक्तिकरण, रोजगार से आत्मनिर्भरता और संवेदनशीलता से सुशासन है। इन तीन मूलमंत्रों पर काम करते हुए सरकार देश के प्रत्येक कोने तक विकास पहुंचा रही है। भाजपा ने बंगाल के लिए बड़े सपने देखे हैं।

### गैस आधारित कनेक्टिविटी को बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में गैस कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। एलपीजी सिलेंडर आज हर घर तक पहुंच चुका है, और इस उपलब्धि की सराहना दुनिया भर में हुई है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' के तहत 'प्रधानमंत्री ऊर्जा योजना' को गति दी जा रही है। इसमें पश्चिम बंगाल समेत छह पूर्वी राज्यों में गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे उद्योग और परिवहन क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी। हम एक समृद्ध पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। ये सारी परियोजनाएं, इस सपने को साकार करने का प्रयास हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि दुर्गापुर और रघुनाथपुर की फैक्ट्रियों में नई तकनीक के साथ काम हो रहा है। 1,500 करोड़ रुपये का निवेश इन इकाइयों को अपग्रेड करने में किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बनेंगे। साथ ही पश्चिम बंगाल की जनता को उन्होंने इस विकास के लिए बधाई दी।

इस दौरान पीएम ने ये भी कहा कि आज बंगाल अपने बुरे दौर से गुजर रहा है। एक समय था जब लोग यहां देशभर से रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गई है। पश्चिम बंगाल का नौजवान पलायन के लिए मजबूर है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है। बंगाल विकास चाहता है और अगर भाजपा आई तो बंगाल को विकास की रफ्तार मिलेगी। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

पीएम मोदी ने बताया कि भारत के बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से दुनिया आज भारत के विकास की चर्चा कर रही है। सड़क, रेल, गैस, हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में हो रहा परिवर्तन 'विकसित भारत' की नींव रख रहा है। दुर्गापुर में भी इन परियोजनाओं के जरिए एक नया युग शुरू हो रहा है, जिससे लोगों की जिंदगी आसान और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इससे पहले आगामी चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से एक बार बिहार आए। अपने एक दिवसीय दौरे पर उन्होंने मोतिहारी से बिहारवासियों को 7217 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने मोतिहारी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर, रोजगार, विकास, माओवाद और इंडिया गठबंधन पर बातें की।

# इंडिया गठबंधन से अलग हुई आम आदमी पार्टी

■ **सांसद संजय सिंह ने कांग्रेस की भूमिका पर उठाए सवाल**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की।

कांग्रेस की आलोचना करते हुए संजय सिंह ने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट रहना चाहिए था। कांग्रेस इस गठबंधन की बड़ी पार्टी है। लेकिन क्या उसने विपक्षी एकता सुनिश्चित करने में कोई भूमिका निभाई? सरकार का विरोध करने में आम आदमी पार्टी की भूमिका पर संजय ने कहा कि पार्टी हमेशा से ही सत्तारूढ़ दल का कड़ा विरोध करती रही है। हम पूरी ताकत से ऐसा करेंगे। गुजरात में विसावदर विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद, केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ भाजपा ने उनकी पार्टी को हराने के लिए कांग्रेस को भेजा था।

# मोदी के बिना 150 सीटें भी नहीं जीतेंगे



■ **2029 में पीएम के ही नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव : निशिकांत**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आने वाले 15-20 वर्षों तक देश में केवल मोदी का ही युग रहेगा। उन्होंने दावा किया कि अगर पीएम मोदी पार्टी के नेता नहीं रहे, तो भाजपा 150 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। निशिकांत दुबे ने कहा, जब पीएम मोदी आए, तब जो तबका कभी भाजपा का वोटर नहीं था, खासकर गरीब तबका, वह भाजपा का वोट बैंक बन गया। इसलिए 2029 का चुनाव भी पीएम मोदी के नेतृत्व में ही लड़ना होगा।

वहीं अपने विवादित बयान पटक पटक के मारेंगे को लेकर निशिकांत दुबे ने कहा कि वे अपने बयान पर अब भी कायम हैं। उन्होंने कहा, हमारा देश विविधताओं से भरा है, हर राज्य के लोगों को अपने क्षेत्र से लगाव होता है। लेकिन मुंबई में हिंदी भाषियों को मारा-पीटा जाता है, यह गलत है। अगर महाराष्ट्र देश का हिस्सा है, तो कोई भी कहीं बस सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज मुंबई में केवल 31-32 प्रतिशत मराठी भाषी लोग रहते हैं और उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपना सम्मान जताया।

निशिकांत दुबे ने कहा कि 2014 के बाद देश में सोशल मीडिया का जमाना आया है, अब 140 करोड़ लोग पत्रकार बन चुके हैं। उन्होंने कहा, पहले पत्रकारिता पर नियंत्रण होता था, अब सब कुछ खुला है। पीएम मोदी खुद हर चीज पर नजर रखते हैं। वो इतने जुड़ाव में रहते हैं कि जब मैं उनसे मिलता हूं तो वो मुझे मेरे क्षेत्र की ऐसी बातें बताते हैं जो मुझे भी नहीं पता होतीं। इसलिए उनके राज में कोई डीप स्टेट नहीं चल सकता।

### ऑपरेशन ब्लूस्टार पर गंभीर आरोप

ऑपरेशन ब्लूस्टार को लेकर उन्होंने बड़ा दावा किया कि इस कार्रवाई की योजना जनवरी-फरवरी 1984 में ही बन गई थी और इसमें ब्रिटेन की पूर्व पीएम मार्गरेट थैचर की सहमति ली गई थी। उनका कहना था, ऑपरेशन ब्लूस्टार के समय ब्रिटिश सेना के अधिकारी अमृतसर में मौजूद थे।

## जनसुराज प्रमुख प्रशांत किशोर की तबीयत बिगड़ी, कार्यक्रम रद्द

**भोजपुर।** आरा में जनसभा के लिए जा रहे प्रशांत किशोर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अपनी ही गाड़ी के दरवाजे से भीड़ में दबने के बाद उनके सीने में दर्द की शिकायत होने लगी। सांसों में भी दिक्कत बताई जा रही है। उनकी गाड़ी कार्यक्रम स्थल के पास पहुंचते-पहुंचते लौटा ली गई। कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

इस संबंध में जनसुराज के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बिहार बदलाव यात्रा के दौरान शुक्रवार को जन सुराज के सुत्रधार प्रशांत किशोर आरा पहुंचे, जहां वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित सभा मंच पर पहुंचते ही उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। प्रशांत किशोर को सीने में अचानक काफी दर्द होने लगा, जिसके बाद कार्यकर्ता और समर्थकों ने तुरंत प्रशांत को मंच से बिना संबोधन कराएं ही सभा को छोड़ इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

# ओडीओपी की तर्ज पर तैयार होंगे 500 स्टार्टअप

■ **युवाओं को जिले में ही मिलेगा रोजगार**



**लखनऊ।** युवाओं की सोच को साकार करने में सबसे आगे स्टार्टअप्स के लिए बड़ी योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत स्टार्टअप मिशन का गठन कर प्रत्येक जिले में कम से कम 500 स्टार्टअप्स तैयार किए जाएंगे, जो उस जिले की पहचान से जुड़े होंगे। इससे युवाओं को उनके जिले में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

पहले चरण में करीब 35 हजार नए स्टार्टअप बनेंगे, जो क्षेत्रीय विशेषताओं पर आधारित होंगे। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग इस योजना पर काम कर रहा है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। स्टार्टअप मिशन का उद्देश्य एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की तर्ज पर हर जिले में स्टार्टअप्स की श्रृंखला तैयार करना है। इसमें उन स्टार्टअप्स को तरजीह दी जाएगी, जो जिले की पहचान से जुड़े उत्पादों, जीआई टैग या वहां के औद्योगिक स्वरूप पर आधारित होंगे। इसका सर्वाधिक लाभ छोटे कारीगरों को होगा, जिन्हें स्टार्टअप के माध्यम से ग्लोबल प्लेटफार्म और फंडिंग मिलेगी।

ऐसे में आर्थिक विकास केवल नोएडा, ग्रेटर नोएडा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों तक जाएगा। योजना के तहत कानपुर, लखनऊ, अयोध्या वाराणसी, गोरखपुर जैसे जिलों को भी आईटी के औद्योगिक क्षेत्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि जिलों में ही युवाओं को रोजगार देने के लिए स्टार्टअप मिशन का गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिले की पहचान से जुड़े उत्पादों या विशिष्टताओं पर आधारित स्टार्टअप को प्रोत्साहन देना है। एक जिले में कम से कम 500 स्टार्टअप का लक्ष्य है।

उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति, 2020 (पहला संशोधन, 2022) का उद्देश्य राज्य में 10,000 स्टार्टअप्स का निर्माण करना है। प्रत्येक जिले में कम से कम एक इनक्यूबेटर स्थापित करना दर से एक साल तक भत्ता दिया जाता है। सफल पेटेंट दाखिल करने पर भारतीय पेटेंट के लिए दो लाख रुपये तक और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के लिए 10 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाती है।

### यूपी में 15000 स्टार्टअप 50 हजार का लक्ष्य

आईटी विभाग के मुताबिक प्रदेश में लगभग 15 हजार स्टार्टअप पंजीकृत हैं। गैर सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ये लगभग 27 हजार है। 70 इन्क्यूबेटरों की सरकारी मदद की जा रही है, लेकिन ये सभी जिलों में नहीं हैं। अब प्रत्येक जिले में एक इन्क्यूबेटर का लक्ष्य रखा गया है।

## महिलाओं को सशक्त बनाना राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण : भागवत




**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। उन्हें पीछे ले जानेवाले रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए।

शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में गैर-लाभकारी संगठन उद्योगवर्धनी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए भागवत ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एक पुरुष अपनी मृत्यु तक काम करता है। एक महिला भी अंत तक काम करती है। लेकिन वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित भी करती है। एक महिला के प्यार और स्नेह में ही बच्चे बड़े और परिपक्व होते हैं।

संघ प्रमुख ने आगे कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त गुण दिया है, जिससे वे वह काम कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर सकते। साथ ही ईश्वर ने महिलाओं को वे सभी गुण दिए हैं जो उन्होंने पुरुषों को दिए हैं, जिसके कारण वे वह सब कुछ कर सकती हैं जो पुरुष कर सकते हैं। इसलिए पुरुषों का यह दावा करना मूर्खतापूर्ण है कि वे महिलाओं का उत्थान करेंगे।

# कपिल सिब्बल औसत वकील हैं : किरेन रिजिजू

■ **संसद पर नहीं थोप सकते अपना निजी एजेंडा**





**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल पर निशाना साधते हुए उन्हें औसत दर्जे का वकील बताया और कहा कि वे संसद पर अपना निजी एजेंडा नहीं थोप सकते। किरेन रिजिजू का यह बयान उस समय आया जब कपिल सिब्बल ने कहा कि जब तक न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर महाभियोग की जांच शुरू नहीं होती, तब तक विपक्ष को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ सरकार के किसी भी महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन नहीं करना चाहिए।

किरेन रिजिजू ने एक इंटरव्यू में कहा, मुझे जानकारी मिली कि कपिल सिब्बल किसी को बचाने और किसी के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश कर रहे हैं। वे वरिष्ठ हैं, लेकिन निजी एजेंडे से चलते हैं। उनका दूसरों की भलाई से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मैंने उनसे संसद में थोड़ा समय देने को कहा है। वो सोचते हैं कि सांसदों को भाषण देकर खुद कोर्ट चले जाएंगे। पर वो ये नहीं समझते कि संसद में ऐसे कई सदस्य हैं जो उनसे कहीं ज्यादा समझदार और जानकार हैं।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, कपिल सिब्बल एक औसत वकील हैं, लेकिन उन्हें यह भ्रम हो गया है कि वही हर बात पर रोशनी डाल सकते हैं। संसद को वो दिशा नहीं दे सकते। संसद सभी सदस्यों की सामूहिक सोच से चलती है, किसी एक वकील-सांसद के विचारों से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में किसी जज को हटाने की प्रक्रिया तय नियमों के तहत होती है और संसद ही एकमात्र मंच है जहां सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जज को हटाया जा सकता है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, इसलिए वे किसी भी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव या विचार पर अभी कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्होंने दोहराया कि, हम किसी के निजी एजेंडे पर नहीं, देशहित में काम कर रहे हैं। संसद को कोई एक व्यक्ति नहीं, सभी सदस्य मिलकर चलाते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। इसके बाद ईडी ने चैतन्य बघेल को रायपुर कोर्ट में पेश किया है।

गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के सभी विधायक नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, भूपेश बघेल रायपुर जिला कोर्ट पहुंच रहे है। बता दें आज छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र का आखिरी दिन था। सत्र के बीच में ही ईडी की कार्रवाई को लेकर विपक्ष ने विधानसभा से वॉकआउट किया। आज सुबह ही पूर्व सीएम के भिलाई आवास पर ईडी का छापा पड़ा था। भूपेश बघेल ने ट्वीट कर इस रेड की जानकारी दी थी।बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा था ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडानी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। आज ही चैतन्य बघेल का जन्मदिन भी है। भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा जन्मदिन का जैसा तोहफ़ा मोदी और शाह जी देते हैं वैसा दुनिया के किसी लोकतंत्र में और कोई नहीं दे सकता। मेरे जन्मदिन पर दोनों परम आदरणीय नेताओं ने मेरे सलाहकार और दो ओएसडी के घरों पर ईडी भेजी थी।

**मंथन** राजनाथ सिंह के आवास पर शाह-नड्डा समेत कई नेताओं ने की चर्चा

# संसद के आगामी सत्र के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति

■ **मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार, विपक्ष उठा सकता है कई मुद्दे**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा नेताओं ने एक रणनीतिक बैठक की। जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल, जेपी नड्डा, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए। इस दौरान पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। बता दें कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। जबकि, स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी।

रविवार को होने वाली पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के साथ, माना जा रहा है कि मंत्रिसमूह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर सहित कई मुद्दों पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे हंगामे के बीच, प्रासंगिक मुद्दों पर सरकार के रुख पर रणनीति बनाई। इस बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आयोजित होने वाले इस पहले सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। आगामी सत्र के दौरान सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की भी तैयारी में है। इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था और 13 फरवरी तक चला। वहीं संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ था और 4 अप्रैल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया था।

बता दें कि, विपक्ष संसद में एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर बहस की मांग कर रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे प्रमुख विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अन्य राज्यों में लागू होने वाले एसआईआर का उद्देश्य भाजपा को लाभ पहुँचाना है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम में मध्यस्थता करने के दावे का भी सहारा लिया है। सरकार ने ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया है, लेकिन विपक्ष बहस पर जोर दे रहा है और इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग कर रहा है। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को एक बड़ी सफलता बताया है, जिसने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया।

### ये विधेयक हो सकते हैं संसद में पेश

संसद सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक को लोकसभा में पारित करा सकती है।

## अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, छह माओवादी ढेर

■ **राइफलें अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और रोजमर्रा की चीजें बरामद**



**नारायणपुर।** नारायणपुर महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में छह नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है। नक्सलियों के शीर्ष कमांडर के ढेर होने की भी सूचना मिल रही है। अब तक मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव, एके-47/एसएलआर राइफलें, अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और रोजमर्रा की चीजें बरामद की गई हैं। अभियान अभी भी जारी है।

छह माओवादियों के शव बरामद

अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है। अब तक की सर्चिंग कार्रवाई में मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

इससे पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली कन्ना मारा गया था। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई। मुठभेड़ में एक कुख्यात नक्सली को ढेर किया गया। मारा गया नक्सली नक्सलियों की मिलिट्री कंपनी का स्नाइपर बताया जा रहा है। मारा गया नक्सली सोढ़ी कन्ना था, जो जगरगुंडा थाना क्षेत्र के किस्टारम का रहने वाला था। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुठभेड़ को सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, क्योंकि सोढ़ी कन्ना लंबे समय से कई नक्सली वारदातों में सक्रिय भूमिका निभा रहा था और सुरक्षाबलों की हिट लिस्ट में शामिल था।

# अयोध्या पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, रामलला के किए दर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सर्किट हाउस पहुंचने पर उन्हें माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से अयोध्या में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।इसके बाद जितिन प्रसाद ने अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही वे हनुमानगढ़ी भी पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे अयोध्या आकर रामलला और बजरंगबली के दर्शन करने का अवसर मिला। अयोध्या सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है। यहां चल रहे कई विकास कार्यों की शुरुआत मेरे उत्तर प्रदेश में लोक निर्माण मंत्री रहते हुई थी। आज उन्हें साकार होते देखकर अत्यंत गर्व और संतोष हो रहा है।उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच के चलते अयोध्या का कायाकल्प हुआ है।

आज अयोध्या एक विश्वस्तरीय धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी के रूप में उभर रही है, जिसे देखने देश-दुनिया से श्रद्धालु और पर्यटक आ रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश दीक्षित, सुनील तिवारी शास्त्री, डा. अवधेश वर्मा, अंकित पाण्डेय, नीरज ओझा, सौरभ गुप्ता, विनीत सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अमृत भारत ट्रेन के संचालन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने जताया आभार



**अयोध्या।** दरभंगा-गोमती नगर और मालदा टाउन-गोमती नगर के बीच शुरू होने वाली अमृत भारत ट्रेन के संचालन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

उन्होंने बताया कि दोनों अमृत भारत ट्रेन अयोध्या धाम व अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर रुकेगी, जिससे अयोध्या की कनेक्टिविटी और भी सशक्त होगी। उन्होंने बताया कि 15561 दरभंगा-गोमती नगर शनिवार को तथा 15562 गोमती नगर-दरभंगा रविवार को संचालित होगी। 13435 मालदा टाउन-गोमती नगर गुरूवार तथा 13436 गोमती नगर-मालदा टाउन शुक्रवार को चलेगी।

पूर्व सांसद ने कहा कि यह ट्रेन न केवल तीर्थयात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी, बल्कि अयोध्या आने-जाने वाले यात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधाएं भी मिलेंगी। श्रद्धालु अब आरामदायक और तेज रफ्तार से अयोध्या पहुंच सकेंगे, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का रेलवे तंत्र नए युग में प्रवेश कर चुका है। अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के माध्यम से छोटे शहरों को भी बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि ने कहा कि यह कदम अयोध्या के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में अयोध्या विश्व स्तर पर एक नई पहचान बनाएगा।

# 26 तारीख का पीडीए महासम्मेलन साबित होगा मील का पत्थर -अवधेश प्रसाद 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या में होगा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में समाजवादी पार्टी द्वारा प्रस्तावित पीडीए महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को बीकापुर विधानसभा के हीरा मैरिज लॉन मसौधा में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के शिरकत करने पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद ने ने कहा कि 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में ऐतिहासिक पीडीए महासम्मेलन होगा। पीडीए महासम्मेलन में जनपद के हजारों लोग संविधान स्तम्भ मान की शपथ लेंगे। संविधान स्तंभ मान दिवस के दिन रामनगरी अयोध्या से पीडीए के लोग हुंकार भरेंगे। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या में समाजवादियों का ऐतिहासिक जमावड़ा होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा की प्रत्येक बूथों से




बड़ी संख्या में पीडीए महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए 26 जुलाई को फॉर एवर लॉन में पहुंचे और अपनी ताकत का एहसास कराएं। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम को हाजी फिरोज खान 'गब्बर', राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव,जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, बलराम मौर्य, बाबूराम गौड़, संजय यादव, विद्याभूषण पासी, राम करन यादव, ओपी पासवान,सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खामा यादव,राकेश वर्मा,कुंवर बहादुर सिंह,ओम प्रकाश यादव,बाबा रामदीन यादव,मुकेश कुमार सेन,दीपेन्द्र सिंह,नंदभवन यादव, शुभम कुमार,दिलीप वर्मा, रवि वर्मा,आयुष तिवारी,सतीश यादव,बंटी खान,अनस खान, सुनील शंकर यादव,प्रधान अनन्त राम यादव अखिलेष पाण्डेय,सतीश यादव, अरुण यादव,सीताराम यादव, रीता निषाद राजकुमारी सहित बड़ी संख्या पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# नियमित चले पॉलीथिन मुक्त अभियानः डीएम शशांक

## प्रवर्तन कार्य की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रवर्तन कार्य की समीक्षा की। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से विभागवार सभी बिंदुओं पर फीडबैक लिया और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि निरीक्षक नियमित जांच और कार्यवाही करते रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध कटान के मामलों पर छापे मारकर नियमित कार्यवाही की जा रही है। आबकारी अधिकारी द्वारा आबकारी विभाग से सम्बंधित कार्यवाही के विषय में जानकारी प्रदान की। विद्युत विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत चोरी के मामले में जो भी शिकायतें मिलती है जांच करवाकर विद्युत चोरी पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि घटतौली करने वाले दुकानदारों पर बाट-माप अधिकारी नियमित जांच करके कार्यवाही करें। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी इन्द्रसेन, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, सभी एसडीएम, अधीक्षण अभियंता विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य विभागों के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण हटाने के लिये चलाया जाए विशेष अभियान

जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित सभी नगर पंचायतों के ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही करें।

### नियमित चले पॉलीथिन मुक्त अभियान

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद नवाबगंज सहित जिले की सभी नगर पंचायतों में नियमित पॉलीथिन मुक्त अभियान चलाया जाए। जिससे नगर पंचायतों को पॉलीथिन मुक्त किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्ट ही मरीजों को दवाएं दे। यदि कोई अन्य दवाएं देता मिले तो उस पर कार्यवाही की जाए। मेडिकल स्टोरों पर दवाओं पर लेबल लगा हुआ रहे। किसी भी मेडिकल स्टोर पर एस्पायर दवाएं मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। अधिकारी इस बात का ध्यान रखे कि बिना लाइसेंस के यदि कोई औषधि की दुकान चला रहा है तो उसपर कार्यवाही की जाए।

### अवैध प्लाटिंग की जाए ध्वस्त

जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील नवाबगंज सहित जिले भर में बड़ी संख्या में अवैध प्लाटिंग की शिकायतें मिल रही है जिस पर अभियान चलाकर अवैध प्लाटिंग ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा परिवहन विभाग, पूर्ति विभाग, व्यापार कर आदि के मामलों में नियमित जांच और कार्यवाहियां की जाए।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान-2025 के अंतर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने की।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि ब्लॉक व ग्राम स्तर पर समन्वित प्रयास करते हुए बैठकें आयोजित करें और अभियान को प्राथमिकता दें। क्षेत्रीय भ्रमण कर जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करने के भी निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि घर-घर भ्रमण दल गठित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और लक्षणयुक्त व्यक्तियों का परीक्षण व इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है।

# विभाग में अच्छा कार्य करने वाले को मिलेगा सम्मान होगा पुरस्कृतः राजबाला



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** मण्डल में सबसे अधिक प्रोब ओसीआर बिलिंग करने पर सुपरवाईजर संजय सिंह को एलईडी टीवी देकर किया प्रोत्साहित। मण्डल में विभाग द्वारा अधिकृत बिलिंग एजेंसी इन्वेंटिव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के द्वारा बिलिंग कार्य दक्षता को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणादायक पहल की गई। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता इं. राजबाला एवं इं अधिशासी अभियंता विमलेश इं अधिशासी अभियंता नीरज गर्ग, इं अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता इं अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी इं अधिशासी अभियंता खालिद महोदय मद्यांचल विदुत वितरण निगम से बिलिंग एजेंसी के सर्किल इंचार्ज हैदर रिज़वी द्वारा पूरे मंडल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुपरवाइजर संजय सिंह को सम्मानित किया गया। डिवीज़न रामसनेहीघाट के सब डिवीज़न जैदपुर के सुपरवाईजर संजय सिंह को मण्डल में सबसे अधिक प्रोब ओसीआर बिलिंग करने के लिए एल ई डी टीवी देकर प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया यह सभी सुपरवाईजर की मेहनत का सम्मान है एवं अन्य कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा है। आगे इन्वेंटिव सॉफ्टवेर कंपनी द्वारा बताया गया कि आगे भी इसी तरह सम्मानित किया जाएगा जिससे कार्य कुशलता को बढ़ाया मिलेगा।

# टेरा गाँव में जलभराव से परेशान लोग, नाली न होने से सड़कों पर भरा पानी

## स्कूली बच्चों को ही रही दिक्कत, बीडीओ का नही उठा फोन



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेरा में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं। जरा सी बारिश में देखने को मिल जाता है विकास कार्य का नतिजा।भूपति नगर और टंडन पुरवा में पिछले दो दिनों से हुई बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया है। स्थानीय निवासी नूर बानो ने बताया कि नाली न होने के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। एक अन्य महिला नूरजहां ने कहा कि छोटे बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासी सोनू चौहान का कहना है कि ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक के अधिकारी तक कोई भी समस्या देखने नहीं आता। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। टेरा के ग्राम प्रधान राकेश वर्मा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि पिछले तीन सालों से किसी भी विकास कार्य के लिए बजट नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि गांव में इंटरलॉकिंग के लिए ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक और सांसद तक से गुहार लगाई गई है। सभी ने सिर्फ आश्वासन दिया है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# भूजल सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक सभागार बाराबंकी में भूजल सप्ताह 2025 के अंतर्गत संगोष्ठी पौधों का भंडारा एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जनहित कल्याण सेवा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया जिसके मुख्य अतिथि अपर अभियंता भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश अनुपम के द्वारा किया गया जिसमें सेल्फी विद ट्री, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आए हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि अवर अभियंता अनुपम ने छात्रों को जागरुक करते हुए बताया कि भूजल स्रोतों को किस प्रकार सुरक्षित रखकर किस प्रकार मानव व पशु स्वास्थ्य को अच्छा बनाएं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा जल जीवन का आधार जिसके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती



इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि दैनिक जीवन में कम से कम एक लीटर पानी जरूर बचाए इसके साथ ही भूजल उत्सव में चिकित्सा के क्षेत्र में नेत्र चिकित्सक विवेक कुमार व दंत चिकित्सक सत्य मित्र को सम्मानित किया गया साथ ही पर्यावरण क्षेत्र में जन जागरूकता के लिए जुड़े हुए सोशल मीडिया के साथियों को आशीष वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर अवर अभियंता अमोद कुमार व पूर्व संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग नन्दलाल मणि त्रिपाठी के द्वारा बच्चों को जल के महत्व को बताया गया आगे कार्यक्रम संबोधित करते हुए रचना श्रीवास्तव ने कहा कि भूजल संरक्षण एवं संचयन के लिए पुराने तालाबों , कुआं संरक्षित करके भूजल को संरक्षित कर जो जल का स्रोत हमें मिला है वो आने वाली पीढ़ी को देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष वर्मा सदस्य जिला पर्यावरण समिति, आशुवेंद्र वर्मा, डॉ विवेक कुमार वर्मा, शिवानी वर्मा सचिव, रवी धीमन, स्वेच्छा वर्मा मृत्युंजय पटेल, रजत वर्मा आशीष वर्मा आदि लोगों ने प्रतिभाग किया

# खुलेआम बिक रहे मादक पदार्थयुवाओं को बना रहे निशाना



**अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** गोशाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भीटी चौराहा, नगहरा, तेजापुर, राम महर, टंडौली, समदा, रामगंज, अमसिन, बंदनपुर जैसे अनेक गांव इन दिनों नशे के जाल में जकड़ते जा रहे हैं। गांजा, स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री हो रही है, जिससे स्थानीय आबादी खासकर नवयुवक बड़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। स्थानीयों का आरोप - पुलिस की मिलीभगत से फलफूल रहा धंधा क्षेत्रीय सूत्रों का कहना है कि यह काला कारोबार कथित रूप से पुलिस की शह पर चल रहा है। आरोप है कि मादक पदार्थों के सौदागर सुविधा शुल्क देकर कानून से ऊपर बने हुए हैं और खुलेआम नशे की सौदेबाजी कर रहे हैं। युवाओं में बढ़ रही नशे की लत, अभिभावक चिंतित गांवों में नशे की बढ़ती लत से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र के युवा हो रहे हैं। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र तक नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। चिंतित अभिभावकों की मानें तो उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन को सूचित किया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# अमृत भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का सिसवा में हुआ ठहराव



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** गोरखपुर नरकटियागंज रेल मार्ग से होकर चलने वाली मोतिहारी-आनंदविहार अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुक्रवार से ठहराव सिसवा बाजार स्टेशन पर सुनिश्चित हो गया। मोतिहारी से चलकर सिसवा स्टेशन पर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, भाजपा नेता व व्यापारियों ने ट्रेन का स्वागत करते हुए ट्रेन के लोको पायलट को फूलों की माला पहनाई।इसके पूर्व आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव ने भाजपा की उपलब्धियों को रेखांकित किया। कहा कि सिसवा स्टेशन पर अमृत भारत का ठहराव केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के पहल पर सुनिश्चित किया गया है। इसके उपरांत सांय करीब साढ़े चार बजे अमृत भारत सिसवा स्टेशन पहुंची। जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा नेताओं व व्यापारियों ने ट्रेन के लोको पायलट संजय चौधरी व तरूण कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया। 29 जुलाई से यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन नियमित प्रारंभ हो जाएगी। इस दौरान यातायात डीएसटी अमित मणि त्रिपाठी,निरीक्षक पडरौना चंदन लाल, उद्योग व्यापार मंडल के जिला मंत्री प्रमोद जायसवाल, नगर सभासद जितेंद्र वर्मा, जयप्रकाश भालोटिया, दीपक चौधरी, योगेश जायसवाल, डॉ. महेश सिंह सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को बताए बचाव के उपाय

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए महराजगंज पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज, आनंदनगर में शुक्रवार को साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं साइबर क्राइम थाना के नोडल अधिकारी सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय ने कहा कि साइबर अपराध डिजिटल यंत्रों और इंटरनेट का दुरुपयोग कर किए जाने वाले अपराध हैं, जिनसे बचाव का एकमात्र उपाय है जागरूकता। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सजनू यादव ने बताया कि साइबर अपराधी मोबाइल फोन, ओटीपी, फर्जी कॉल और वेबसाइट के माध्यम से आमजन



को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने साइबर अपराध से बचने के लिए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। हेड कांस्टेबल प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि किसी भी वेबसाइट पर लेन-देन करने से पहले उसमें ÷द्धह्लह्लश्चह्य-//÷ जरूर देखना चाहिए, जिससे उसकी प्रामाणिकता सुनिश्चित हो सके।हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह ने कॉलेज के छात्रों का ÷साइबर वॉलंटियर ग्रुप÷ व्हाट्सएप पर बनाकर जागरूकता की नई पहल शुरू की। वहीं हेड कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह ने जागरूकता पर्चियां वितरित कीं। महिला हेड कांस्टेबल चंद्रप्रभा वरमानी ने छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर बुलिंग से बचाव के टिप्स दिए। कार्यक्रम में थाना फरेंदा की उप निरीक्षक अंजली राय, महिला कांस्टेबल दीपिका मिश्रा, कांस्टेबल मनीष गौतम व राजेश मिश्रा ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के संचालन में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं – डॉ. अभिमन्यु शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, मुरलीधर जायसवाल, यशवंत सिंह, राजेश चौधरी, सत्य प्रकाश मौर्य, श्रीदयाल वर्मा, वंशदीप मौर्य, डॉ. मुकुलेश्वरी गुप्ता, रम्या मिश्रा, अनुपम पांडे, सतीश कुमार और अनिरुद्ध चौरसिया का सराहनीय योगदान रहा।

# अभियान चलाकर बड़े बकायेदारों से की जाए कर वसूली

**बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता)** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, तहसीलों में बकायेदारों, बैंक आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित अधिकारी व्यापार-कर सम्बन्धी मामलों की वसूली में विशेष ध्यान दे। नगर पालिका सहित अन्य देयकों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मार्ग-कर देयक की वसूली प्राथमिकता के साथ की जाए।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा(महराजगंज)।** शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष अभय कुमार दूबे की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार किया गया ।बैठक में सर्वसम्मति से डॉ अर्जुन प्रसाद को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। नव नियुक्त मीडिया प्रभारी अर्जुन प्रसाद ने कहा कि पूरी ऊर्जा से महासंघ के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करूँगा। इस अवसर पर डॉ गिरींद्र नाथ मिश्रा, आशीष कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, नागेंद्र प्रसाद, राजीव कुमार, राकेश कुमार गुप्ता,अनुराग मणि त्रिपाठी, सतीश कुमार, सतीश गोयल, प्रिंस शुक्ला, गिरिजा शंकर आदि उपस्थित रहे ।

# संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बैठक

**स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बचाव तथा उपचार के संबध में लोगों को जानकारी देंगे : डीएम**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो पर प्रभावी नियंत्रण के संबध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई जिसमें 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगों को जानकारी देगें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुये उनका का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करायें। स्टाप डायरिया कैम्पेन के अन्तर्गत फ्रन्टलाइन वर्कर्स अपने साथ ओ0आर0एस0 पैकेट एवं क्लोरीन की गोलियां भी रखेगें, जिससे लक्षणयुक्त व्यक्ति को तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। दस्तक अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आशा कार्यकत्री द्वारा भ्रमण किये जाने वाले प्रत्येक परिवार के सदस्यों का आभा आईडी बनाकर परिवार के सदस्यों को उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया। इसके साथ ही साथ स्कूलों, नगर निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में संचारी रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में जागरूक करें। स्कूलो के आसपास झाड़ियों की सफाई करना सुनिश्चित करायें। शौचालय का उपयोग करने हेतु लोगो को जागरूक करें। नालियों की साफ-सफाई एवं दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही डाटा फीडिंग कराने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी रूप से भूमिका निभाने के लिए आशा, ऑगनबाड़ी एवं ए0एन0एम0, स्कूली शिक्षक, ग्राम प्रधान की अहम भूमिका है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त रोगियों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में भेजकर त्वरित एवं सही उपचार कराने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यक्ता है।

इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए.के.झा, दस्तक/संचारी रोग प्रभारी डा0 अमित शर्मा, डा0 समीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने युवक को गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकरनगर ।** कोतवाली जलालपुर पुलिस ने एक युवक को एक किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार कर उस के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मदरहा मोड़ पर खड़ा है।जिस के पास एक झोले में नाजायज गांजा है। वह कहीं जाने की फिराक में है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और व्यक्ति को घेर कर पकड़ लिया। पूछ ताछ में उस ने अपना नाम मो.अदनान पुत्र अबुबकर निवासी मदरहा मंगुराडीला बताया। तलाशी के दौरान उस के हाथ मे रहे झोले से एक किलो 222 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद चंदौली के थाना नौगढ़ में गैंगस्टर ऐक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# कटघर कमाल में जुलूस ए अज़ा में उमड़ा अकीदतमंदों का जनसैलाब

**दानिश मेहदी/पद्मनाभ मिश्र**



**हजपुरा (अंबेडकरनगर)।** अय्याम-ए-अजा के क्रम में शुक्रवार को जलालपुर तहसीलत क्षेत्र के कटघर कमाल में जुलूस शोहदाए कर्बला का 29 वां दौर देर शाम संपन्न हुआ। अंजुमन सफीरे नासिर-उल-अजा की देखरेख में प्रात÷ इमामबारगाह तस्कीन-ए-जैनब से शुरू हुआ मातमी जुलूस नौहा मातम के साथ आगे बढ़ता रहा।

जुलूस-ए-अजा के कार्यक्रम में अमेठी, सुल्तानपुर, सेथल बरेली, गोपालपुर बिहार, के अलावा विभिन्न मातमी अंजुमनें शामिल हुई। दिल्ली से आए आलिम-ए-दीन मौलाना सैयद नजर मोहम्मद जैनबी, मौलाना डॉ. अब्बास रजा नैयर जलालपुरी, मौलाना सैयद मोहम्मद मेंहदी आजमगढ़, मौलाना सैयद बकी जाफरी, मौलाना सैयद मोहम्मद मशरेकैन, मौलाना सैयद फसीह हैदर मुजफ्फरनगर, मौलाना सैयद तफसीर हैदर सहित आधा दर्जन से अधिक धार्मिक वक्ता उपस्थित थे। मौलाना डॉ. अब्बास रजा नैयर जलालपुरी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम को बचाने के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी।

उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का बलिदान, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और सत्य के मार्ग पर चलने का प्रतीक है।हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों सहित कुर्बानी देकर केवल इस्लाम ही नहीं बल्कि आलम-ए-इन्सानियत को भी बचा लिया। दौराने जुलूस अंजुमन सिपाहे हुसैनी भनौली सादात सुल्तानपुर, अंजुमन यादगारे हुसैनी सेथल बरेली, अंजुमन फिरदोसिया गोपालपुर बिहार, अंजुमन हुसैनिया जाफराबाद जलालपुर समेत अंजुमन मोईनुल अजा दाउदपुर, अंजुमन असगरिया मछलीगांव, अंजुमन सफीर ए नासिर उल अजा कटघर कमाल के नौजवानों ने नौहा मातम कर कर्बला के शहीदों को याद किया। जुलूस का संचालन मीर तालिब अब्बास ने किया।

# ग्राम पंचायत रोमनदेई व हलौरा में चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत रोमनदेई में शुक्रवार को ÷गाँव की समस्या गाँव में समाधान÷ करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है।

उक्त अवसर पर पंचायत सचिव संजय कुमार, ग्राम प्रधान अब्दुल करीम, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितयों में पेड़ से लटकता मिला शव

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जैतपुर के यादव का पुरवा निवासी हरिश्चंद्र यादव का शुक्रवार को घर के सामने नीम के पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला शव। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पत्नी सुखना देवी ने बताया कि एक सप्ताह से घर में शराब के नशे में आकर लड़ाई झगड़ा करते रहते थे गुरुवार को शाम को शराब के नशे में घर में कलह करने लगे। मामला बढ़ ना जाए इसके वजह से हम अपने पड़ोसी घर मैं चले गए। डर के नाते पूरी रात भर नहीं जाए सुबह स्थानीय लोगों ने बताया कि मेरे पति का सब घर के सामने नीम के पेड़ से लटकता मिला। थाना प्रभारी जैतपुर वंदना अग्रहरि यह बताया कि पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया अभी शिकायत पत्र नहीं मिला है।

# जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी संपन्न

**प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि किसानों की आय दोगुनी हो**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम/तिलहन मेला का आयोजन सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ।

जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम/तिलहन मेला के अवसर पर लोहिया कला भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी/स्टाल का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त किया गया। जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी/त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम/तिलहन मेला का शुभारम्भ सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि श्री एस0पी0अग्रवाल द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सांसद, विधायक कपिलवस्तु को उप कृषि निदेशक द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि खरीफ के समय में धान, मक्का, उड़द, तिल, बाजरा आदि की खेती की जाती है। किसानों को केवल धान की खेती नहीं करनी चाहिए इसके साथ ही मोटे अनाज, तिलहन की फसल को शामिल करें। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि किसानों की आय दोगुनी हो और देश की अर्थव्यवस्था 05 ट्रिलियन डालर पहुंचाने का है। किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है जिससे वैज्ञानिक विधि से खेती कर अच्छी आय प्राप्त करें। किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत किसानो को डीबीटी के माध्यम से धनराशि दी जा रही है जिससे किसान खाद बीज खरीद सके। दैवीय आपदा में फयलो को हुई क्षति पूर्ति का भुगतान किसानो को दिया जा रहा है। उन्नतशील बीजएवं उर्वरक समय से किसानो को उपलब्ध कराया जाये। ओडीओपी के अन्तर्गत काला नमक चावल के लिए जिलाधिकारी को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पहले हम अनाज दूसरे देश से आयात करते थे आज हम दूसरे देशों को निर्यात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि किसानों की आय दोगुनी हो तथा वह धरातल पर दिख रहा है।

विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा किसानो की आय दोगुनी करने के लिए कार्य किया जा रहा है। काला नमक चावल की खुशबू पूरे विश्व में फैल रही है। किसानों द्वारा कड़ी मेहनत कर फसलों का उत्पादन किया जाता है उनके उत्पाद को उचित मूल्य मिलना चाहिए जिससे वह उन्नतशील बीज एवं तकनीकि के माध्यम से खेती कर सकें, जिससे आय दोगुनी हो सके।

इस अवसर पर डॉ0 राजा गणपति आर0 ने सभी किसान भाईयों से अपील किया गया कि कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा खेती करने के लिए जो तरीके बताये गये हैं उसको अपनाकर खेती करें, जिससे अच्छी पैदावार प्राप्त होगी और आपकी आय भी दोगुनी होगी। किसानों की जो भी समस्यायें होंगी सम्बंधित विभाग के माध्यम से निस्तारण कराया जायेगा। किसानो के लिए जो भी योजनाएं चलायी जा रही है सभी का लाभ पात्र लाभार्थियों को सीधे पहुँचाया जाये। जनपद में खाद की उपलब्धता के लिए खाद की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। किसानो को उर्वरक, बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानो को धान की खेती के साथ श्री अन्न की भी खेती करनी चाहिए जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

# आम आदमी पार्टी ने घोषित किए 16 जिलों के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के 16जिलों में महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष घोषित किए हैं। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव की ओर से जिला अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। पूजा वर्मा को अमेठी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

विद्या वर्मा अयोध्या, शोभा सिंह कौशाम्बी, पुष्प लता गाजियाबाद,मंजू देवी गोंडा ,सन्नो मौर्य चित्रकूट और नीतू कनौजिया प्रयागराज की आम आदमी पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनाई गई हैं।

माया गौतम को फतेहपुर, ज्योति विश्व कर्मा को बहराइच, अफसाना बानो को बाराबंकी,निर्मल शर्मा को मथुरा और मीरा देवी को मिर्जापुर का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

रानी कुमारी को मैनपुरी,प्राची गुप्ता को संभल , दुर्गा देवी को सोनभद्र और प्रिया को श्रावस्ती जिले का महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# तालाब की ज़मीन पर कब्ज़ा बरकरार बुलडोजर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रभावशाली लोगों के अवैध कब्जों के सामने प्रशासन मौन**

**अम्बेडकरनगर।** तहसील टांडा नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा बसखारी में अतिक्रमण को लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। टांडा रोड स्थित सरकारी तालाब की भूमि पर दबंगों द्वारा वर्षों से अवैध कब्जा किए जाने की शिकायतों के बाद आखिरकार प्रशासन ने पैमाइश कर चिन्हित किया और अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी जारी किए। कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया आरंभ भी की गई, लेकिन कार्रवाई अधूरी छोड़ दी गई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जहां एक ओर गरीबों के आशियानों को बिना देर किए गिरा दिया जाता है, वहीं प्रभावशाली लोगों के अवैध कब्जों के सामने प्रशासन मौन साध लेता है। अतिक्रमण हटाने गई टीम ने यह कहते हुए वापस लौटने की बात कही थी कि कब्जाधारी स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे, लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद न तो अतिक्रमण हटा और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई।

लोगों में यह चर्चा आम है कि प्रशासनिक बुलडोजर सिर्फ कुछ चुने हुए मकानों पर ही गरजता है, जबकि अन्य मामलों में 'प्रभावशाली' लोगों को चुपचाप मौका दे दिया जाता है। क्या राजस्व विभाग अपनी ही जमीन को सुरक्षित रखने में अक्षम हो चुका है या फिर जानबूझकर मामले को टालने की नीति अपनाई जा रही है?

अब सवाल यह उठता है कि यदि चिन्हित अवैध अतिक्रमण के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो आम जनता का भरोसा शासन-प्रशासन पर कैसे बना रहेगा? क्षेत्रीय नागरिकों ने जिलाधिकारी और तहसील प्रशासन से मांग की है कि बिना पक्षपात के अवैध कब्जाधारियों पर सख्त कार्रवाई कर सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाए।

# जंगल राज का उदाहरण है मौजूदा सरकार : कुशल

**डुमरियागंज में फागू शाह मजार को ढहाने सपा करेगी जन आंदोलन**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के चौखड़ा स्थित बदलिया में सैकड़ों वर्ष पुराने फागू शाह मजार को प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के ध्वस्त किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को जंगल राज का जीता जागता उदाहरण बताते हुए मौजूदा सरकार पर गंगा जमुना तहजीब को नफरत की राजनीति से मिटाने का आरोप लगाया है। सपा ने इस कार्रवाई के खिलाफ सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कुशल तिवारी ने नगर पंचायत डुमरियागंज के बैदौला चौराहे स्थित समाजवादी नेता डॉ. मोहम्मद वासिफ के कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि फागू शाह मजार सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक था, जहां हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मो के लोग मन्नतें मांगने आते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना किसी शिकायत या उचित प्रक्रिया का पालन किए, रातों-रात पूरे जिले की फोर्स लगाकर मजार को ध्वस्त कर दिया।

तिवारी ने बताया कि ढहाए गए मजार के बगल में विधायक निधि से अधिकारियों ने रैन बसेरा बनवाया था, जिसे प्रशासन ने पशुचर कहकर गिरा दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह स्थल स्वतंत्रता पूर्व से मजार के रूप में निर्मित था, तो उसे पशुचर कैसे बताया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्रवाई से गुरुवार को लगने वाले मेले में दर्जनों दुकानदारों की रोजी-रोटी छिन गई है। कुशल तिवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार विकास की जगह केवल धर्म विशेष के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से दूर कर रही है। उन्होंने प्रशासन से यह स्पष्ट करने की मांग की कि आखिर किस परिस्थिति में लोगों की भावनाओं के साथ यह खिलवाड़ किया गया।

सपा नेता ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने इस मामले पर स्पष्टीकरण नहीं दिया और प्रभावित लोगों के लिए उचित कदम नहीं उठाए, तो सपा इसे कत्तई सहन नहीं करेगी और सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, यह लड़ाई जुल्म के खिलाफ होगी और हम भाजपा सरकार के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। इस प्रेस वार्ता के दौरान घिसियावन यादव, विजय अग्रहरि, अफजाल, अमरजीत, प्रवेश, दानिश सहित कई अन्य समाजवादी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मॉडर्न मेडिकल स्टोर हर शनिवार लगेगा मेडिकल कैम्प

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डॉ0 वी0के0 सिंह एमबीबीएस, एमबी (मेडिसिन), डीएनबी न्यूरो (नस) एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ गोरखपुर के मशहूर डॉक्टर तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित मॉर्डन मेडिकल स्टोर निकट मॉर्डन हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने अब हर शनिवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेंगे।

शनिवार 19 जुलाई को निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिन लोगो को कमर दर्द, सियाटिका, हाथ पैर का सुन्न होना, सर्वाइकल, एड़ी का दर्द, मानसिक रोग, घुटनों का दर्द, गठिया, कंधों का जाम होना, पैरालिसिस जैसी बीमारी हो वह मॉर्डन मेडिकल स्टोर पर पहुंच कर जांच कराकर दवा ले सकते है। यह जानकारी कैफ़ी रिज़्वी ने देते हुए बताया कि पहले दिन किसी भी मरीज़ से फीस नही ली जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक संख्या में मरीज़ों को लेकर आने और मेडिकल कैम्प का लाभ उठाने की अपील की है।

# एआरपी एसोसिएशन के सत्येंद्र सिंह जिलाध्यक्ष अनंतदीप महामंत्री व उत्कर्ष बने जिला कोषाध्यक्ष



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** एकेडमिक रिसोर्स पर्सस उत्तर प्रदेश के जिला कार्यकारिणी का गठन बृहस्पतिवार को नव चयनित एआरपी की डायट बांसी में हुई बैठक में किया गया। चुनाव अधिकारी, एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिमोहन सिंह और पूर्व कोषाध्यक्ष मुस्तन शेरुल्लाह के देखरेख में सर्व सम्मति से सत्येंद्र बहादुर सिंह को जिला अध्यक्ष, अनंतदीप यादव को जिला महामंत्री और उत्कर्ष श्रीवास्तव को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया।

सभी का चुनाव निर्विरोध हुआ है। इन्हें चुनाव अधिकारियों द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिले के अन्य पदाधिकारियों के चुनाव के लिए इन्हें सर्व सम्मति से अधिकृत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए हरिमोहन सिंह ने कहा कि किसी संघ, संगठन का उद्देश्य उसके सदस्यों का हित में संघर्ष करना है। उम्मीद है कि एसोसिशन के सभी पदाधिकारी अपने सदस्यों के सुख दुख में साथ खड़े रहेंगे। मुस्तन शेरुल्लाह ने नई कार्यकारिणी को एआरपी, शिक्षक हित में कार्य करने का सुझाव देते हुए बधाई दी है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि एआरपी समूह ने जिस विश्वास के साथ उनका चयन किया है वह उस पर खरा उतरेंगे।

इस दौरान रूपेश सिंह, शिवम पाठक, संजय कर पाठक, जेपी गुप्ता, संगीत शुक्ला, प्रशांत सिंह, रितेश सिंह, मारुति नन्दन, गिरीश राय, मृत्युंजय, अनिरुद्ध मौर्य, बालगोविंद, अरविंद आर्या, पीके श्रीवास्तव, इश्तियाक, गणेश पाठक, संदीप द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास झाड़ियों में मिला 24 वर्षीय युवक का शव

**अवधनामा संवाददाता**

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**अम्बेडकरनगर।** 17 जुलाई की शाम थाना अलीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फतेहपुर कनौढ़ा में उस वक्त सनसनी फैल गई जब अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के रास्ते किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। शव की पहचान 24 वर्षीय रवि कुमार पुत्र हरिशचंद्र निवासी फतेहपुर कनौढ़ा के रूप में हुई है, जो बीते 15 जुलाई की शाम से लापता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रवि कुमार 15 जुलाई 2025 को शाम करीब 4÷30 बजे अपने दो दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकला था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा।परिजनों को शुरू में लगा कि रवि शायद दोस्तों के घर चला गया होगा, इसलिए उन्होंने तत्काल चिंता नहीं की। हालांकि गांव वालों ने बताया कि रवि के दोनों दोस्त उसी रात घर लौट आए थे, लेकिन रवि नहीं आया।जब दो दिन तक रवि की कोई खबर नहीं मिली, तो उसके पिता हरिशचंद्र ने थाना अलीगंज में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी बीच 17 जुलाई की शाम करीब 5÷30 बजे, ग्राम फतेहपुर में एक बकरी चरवाहे ने अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री मार्ग के किनारे झाड़ियों में एक शव देखा।और आस पास के ग्रामीण जनों को जानकारी दी वही सूचना पर थाना अलीगंज पुलिस पहुंची और शव की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई। विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

रवि के परिजनों ने सीधे तौर पर उसके साथ गए दो दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि जब रवि के दोस्तों से सवाल किए गए तो उन्होंने अलग-अलग बयान दिए—कोई कहता ÷अभी आ जाएगा÷, तो कोई ÷एक घंटे में आ जाएगा÷। इस तरह के विरोधाभासी जवाबों से संदेह और भी गहरा हो गया है। इस घटना से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र पर वितरण हुआ दिव्यांग बच्चों की जांच व प्रमाण पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दिव्यांग बच्चों की जांच और प्रमाण पत्र का वितरण हुआ। इस मेडिकल असेसमेंट कैंप में 75 बच्चों की जांच हुई इसमें 65 बच्चों का प्रमाण पत्र बना।

राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा एक से 12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था। जिला समन्यवक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने बताया कि कैंप में कुल 75 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से 65 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु चिन्हित किया गया। इसमें बौद्धिक अक्षमता के 13, श्रवण बाधित के आठ, दृष्टि दिव्यांगता के छह, अस्थि दिव्यांगता के 38 जबकि पांच बच्चों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया व पांच बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु अपात्र पाया गया। चिकित्सकों की टीम में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज/संयुक्त जिला चिकित्सालय से आर्थो सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी, नेत्र सर्जन डॉ. शमीम, ईएनटी सर्जन डॉ. संजय कुमार शर्मा, साइकेट्रिस्ट डॉ. अफजल, ऑडियोलॉजिस्ट, बृजदीप कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट अतुल कुमार शामिल थे।

## एफटीएफको नई नीति चाहिये

वर्तमान में दुनियां तक नालजी में नये नये अविष्कारों को लेकर आगे बढ़ रही है। एक विधा जो एक समय बहुत उपयोगी होती है कुछ समय में पुरानी हो जाती है। आतंकियों का टेकनालजी तक आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बनाती जा रही है। इनसे निपटने के लिये अब नई रणनीति चाहिये। एफएटीएफके अनुसार पुलवामा अटैक जो 2019 में हुआ था और गोरखपुर अटैक जो 2022 में हुआ था गोरखनाथ मन्दिर पर हुये हमले के लिये आनलाइन प्लेटफार्म का इस्तेमाल अतंकियों द्वारा आनलाइन प्लेट फार्म का इस्तेमाल अतंकियों द्वारा किया गया था। वह आईईडी का इस्तेमाल करके किया गया था। पुलवामा आई इस्तेमाल किया था। इसे बनाने के लिये एल्युमीनियम पाउडर अमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुये हमलों पैसो के लेन देन में आनलाइन का उपयोग किया गया। आतंकी संगठन टैक्स सेवी है। जिनका लोग करते है उन्हीं तकनीकों का इस्तेमाल करते है। गोरखपुर वाले केस में आतंकी प्रभावित शख्स ने इन्टरनेशल थर्ड पार्टी ट्रानजेक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया गया था। उसने आईएस आइल के समर्थन में निवेश में धन भेजा था। उसे बाहर से मदद मिली थी। वीपीएन से इस्तेमाल करने वाला आदमी अपनी पहचान लोकेशन और आनलाइन एक्टीविटी छुपा सकते है। दुनियां में करीब 1.75 अरब वीपीएल यूजर है। आकड़े को देख कर अन्दाजा लगाया जा सकता है कि अवैध लेन देन की निगरानी कितनी मुशकिल है।

दुनियां की एक तिहाई आबादी आनलाइन खरीददारी करती है। इस साल ग्लोबल ई कामर्स मारकेट को 7 अरब डालर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में 7वें नम्बर पर है। सवाल ये है अगर इन आकड़ों के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डालर की खरीददारी करते है जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है तो उसे चिन्हित कैसे किया जाये। एफएटीएफने कुछ दिनो पहले पहलगाम को लेकर कहा था इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी मदद के बिना सम्भव नहीं हो सकता। उसकी अभी की रिपोर्ट इसी बात को और मजबूती देती है आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। इन्टरनेट की दुनियां का ओट ले रहे है। आतंकवाद के इस चुनौती से निजात पाने के लिये वैश्विक स्तर पर प्रयास करने होगे। ई-कामर्स कम्पनियों का सहयोग जरूरी होगा। इस बारे में भी विचार करना होगा कि क्यों इसके लिये क्यों किसी रेगुलेशन की जरूरत है। आतंक और फन्ड की इतनी अधिकता देख भारत हर बैठक में इस मुद्दे को सही तरीके से उठाता रहता है क्योकि आतंक का घाव भारत सबसे ज्यादा सह रहा है। विदेशी संगठनों के आगे भारत का सहयोग करना चाहिये। चीन, पाक कुछ मुस्लिम संगठन हर बैठक से इसका विरोध करते रहते है। विश्व के परिदृष्य में आतंक और युद्ध का दायरा बढ़ता जा रहा है। स्थिति इतनी विस्फोटक है कि कभी भी विश्वयुद्ध का रूप ले सकता है।

**खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं।**

# क्या बिहार में सुशासन अब जंगलराज में बदल रहा है?

बिहार में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी



ललित गर्ग

विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर की गई लगातार हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को ज़िम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतूके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिन्ताजनक है। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मॉनसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही है ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं हैं। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं वह योजनागत अपराध के तहत है, जिस पर सरकार कड़ी करवाई कर रही है।' हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने, 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका



की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है।। हाल ही में राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं न केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है।

एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है, तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन, अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिन्ता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए।

बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है। लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही में कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा, तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की माने तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि, यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार के पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, न कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है।

## नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं।



डॉ. मनसुख मांडविया

ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र (IRCAs) और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर (ODICs) की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं।

भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में MY Bharat ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक युवा आध्यात्मिक समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए। इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे।

इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा MY Bharat के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें। अंत में एक काशी डिक्लेरेशन जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी। देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला युवा आध्यात्मिक समिट इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा। यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नई दिशा और ऊर्जा देगा। साथ ही, युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और आत्म-संयम का ऐसा भाव जागृत करेगा, जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

# 'ज्ञान की रौशनी, ममता की छाँव - हमारी अम्मी, हमारी दुनिया'

आसिफ़ ज़मां रिज़वी

**जब मैं अपने बचपन की दहलीज़ पर लौटता हूँ तो सबसे पहली झलक अम्मी की ही आती है। सुबह की नर्म धूप हो या शाम की खुशनुमा हवा, हर वक़्त उनकी मौजूदगी मेरे चारों तरफ़ रहती थी। वे मेरी पहली गुरू थीं और शायद मेरी आख़िरी भी रहेंगी। उन्होंने मुझे क़लम पकड़ना सिखाया, तख़्ती पर खूबसूरत अक्षर उकेरना सिखाया, गिनती और जोड़-घटाना सिखाया, पर इससे भी बढ़कर उन्होंने मुझे इंसान बनना सिखाया।**

मेरी कलम काँप रही है, और दिल अश्क़ों से भीग उठा है। फिर भी लिखना मेरी रूह की ज़रूरत बन गया है – क्योंकि शायद क़लम ही वह ज़रिया है जिससे मैं अपनी अम्मी की रौशन यादों को अमर कर सकूँ। उनकी रुख़सत को अब एक महीना से ज़्यादा वक़्त गुज़र चुका है। इस दरम्यान, हर लम्हा उनके नक़्श-ए-क़दम पर चलता रहा – हर सोच, हर एहसास उन्हीं के प्यार, उन्हीं की दुआओं, और उन्हीं की तालीम की रौशनी में नहाया हुआ लगा।

आज जो कुछ लिख रहा हूँ, वह सिर्फ़ एक शोक-लेख नहीं – यह एक बेटे के जज़्बात की बिखरी हुई तस्वीर है, उसकी साँसों का टूटता-बनता सिलसिला है – जिसमें उसकी माँ की यादें हर धड़कन के साथ ज़िंदा हैं।

जब मैं अपने बचपन की दहलीज़ पर लौटता हूँ तो सबसे पहली झलक अम्मी की ही आती है। सुबह की नर्म धूप हो या शाम की ख़ुशनुमा हवा, हर वक़्त उनकी मौजूदगी मेरे चारों तरफ़ रहती थी। वे मेरी पहली गुरू थीं और शायद मेरी आख़िरी भी रहेंगी। उन्होंने मुझे क़लम पकड़ना सिखाया, तख़्ती पर खूबसूरत अक्षर उकेरना सिखाया, गिनती और जोड़-घटाना सिखाया, पर इससे भी बढ़कर उन्होंने मुझे इंसान बनना सिखाया। जिस दिन मुझे गणित के इम्तिहान में नौ दशमलव पाँच अंक मिले और मैं पूरे दर्जे में अव्वल आया, वे मुस्कराई ज़रूर, मगर तुरंत पूछा, आधा नंबर क्यों कट गया? यह प्रश्न उनके भीतर छिपी उस उम्मीद की तस्वीर था जिसमें वे मुझे हमेशा बेहतरीन देखना चाहती थीं। डराने के लिए नहीं, उड़ान भरने के लिए वे मेरा हौसला बढ़ाती थीं। उस नन्हे-से समय में उन्होंने मुझे यह यक़ीन दिया कि सफलता कोई मुक़ाम नहीं, बल्कि निरंतरता का नाम है।

उनकी ज़िंदगी इबादत का मायना थी। पाँचों वक़्त की नमाज़ उनके लिए सांस लेने जैसा सहज कर्म था और तहज्जुद उनका रूहानी सुकून। अक्सर मैं रात के सन्नाटे में जागता और देखता कि कमरे की धुँधली रौशनी में अम्मी सजदे में झुकी हुई हैं, आँखों से आँसू बह रहे हैं और अल्लाह से किसी अनदेखे रौशन कल के लिए दुआ कर रही हैं। मुझे तब अहसास नहीं था कि उन दुआओं के सहारे मेरी राहों की सारी मुश्किलें पिघलती जाएँगी। उनको दो बार हज पर जाने का शरफ़ हासिल हुआ । पहली बार वे अपने वालिद, मेरे नाना अल्हाज क़ारी सय्यद वदूदुल हई नदवी के साथ गईं–एक बच्ची की मासूम उम्मीदों के साथ। दूसरी बार वे मेरे अब्बू, जनाब एजाज़ रिज़वी साहब के साथ रौजा-ए-रसूल में ख़ादिम बनीं और लौटकर बोलीं, तुम्हारी माँ ने अज़ाब की आग पर सब्र की ठंडी छाया माँगी है, देखना तुम्हें राह में कभी तन्हा नहीं छोड़ूँगी। आज जब उनके बिना जी रहा हूँ, इन शब्दों का मर्म समझ पाता हूँ।

अम्मी के तालीमी सफ़र पर नज़र डालूँ तो हैरत होती है कि यह वही औरत थी जो शादी के वक़्त महज़ इंटरमीडिएट पास थीं। अब्बू ने उनके भीतर छिपे ज्ञान के अलाव को पहचान लिया और कहा, तुम्हें पढ़ना है तो मैं हर दरवाज़ा खोल दूँगा। अम्मी ने उन खुलते दरवाज़ों से न सिर्फ़ क़दम बढ़ाया, बल्कि आसमान की बुलंदियों को छू लिया। उन्होंने



उर्दू, अरबी और फ़ारसी तीनों विषयों में एमए किया, साथ ही साथ एलएलबी की डिग्री भी हासिल की। फिर वह दिन आया जब उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के फ़ारसी विभाग में दाख़िला लेकर पीएचडी और उसके बाद डी-लिट्ट पूरा किया–यानि डबल डॉक्टरेट वाली पहली महिला बनीं। क़लम और किताबों के साथ उनका रिश्ता इतना गहरा था कि इमारतें पुरानी हुई पर उनके शोधपत्रों की ताज़गी कभी पुरानी नहीं पड़ी। इसी विश्वविद्यालय में वे फ़ारसी विभाग की पहली महिला लेक्चरर नियुक्त हुई, आगे चलकर रीडर, प्रोफ़ेसर और दस वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहीं। उनके नाम के साथ 'प्रथम महिला' का तमगा यूँ ही नहीं जुड़ा; यह उन अड़सठ सीढ़ियों की कहानी है जिन्हें उन्होंने पसीने और हिम्मत से तराशा था। साल 1999 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन जी ने उन्हें 'सर्टिफ़िकेट ऑफ़ ऑनर' देकर सम्मानित किया, और साथ ही नौकरी की अवधि में दो वर्ष का विशेष विस्तार दिया। 2004 में जब राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी ने उन्हें पद्मश्री से नवाज़ा, तो यह अलंकरण सिर्फ़ उनके सीने पर चमकीली धातु का टुकड़ा नहीं था, बल्कि उस संघर्ष का इकरार था जिसे उन्होंने चुपचाप जिया था। 2006 में उन्हें प्रोफ़ेसर एमेरिटस की उपाधि प्रदान की गई; फ़ारसी विभाग के इतिहास में यह पहला अवसर था जब किसी व्यक्ति को, और वह भी किसी महिला को, यह सम्मान मिला।

उनकी कलम की धार रोज़ तेज़ होती गई। उन्होंने कुल बत्तीस किताबें लिखीं–शोध-ग्रंथ, समीक्षाएँ, शब्दकोश, अनुवाद और शायरी के संकलन। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी ने इनमें आठ किताबों को पुरस्कृत किया, दिल्ली की ऑल इंडिया मेरी अकादमी ने एक अन्य रचना पर इनाम दिया। आबगीना नामक उनका पहला काव्य-संग्रह राजभवन लखनऊ में तत्कालीन राज्यपाल श्री राम नाइक जी के हाथों 2015 में लोकार्पित हुआ, और एहसास-ए-बेकराँ 2016 में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के कर-कमलों से जगज़ाहिर हुआ। जब वे इन किताबों की पांडुलिपियाँ तैयार करतीं, तो अक्सर रात के दो बजे दूध की कड़ाही चढ़ातीं, मेरे लिए गरम दूध में इलायची घोलतीं और मुस्कराकर कहतीं, इल्म दिल में उतरे तो नींद उड़ जाती है, पर थकान नहीं होती। उनकी ग़ज़लों की परवाज़ नामक डीवीडी भी राज्यपाल ने रिलीज़ की, और आज तक www.rekhta.com पर सुनी जा सकती है; ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज़ इंटरनेट की राह से लौट-लौटकर मेरी रूह को पुकारती है।

अकेडमिक जीवन में उन्होंने एक नहीं, एक-सौ सड़सठ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में व्याख्यान दिए। अमेरिका की अमीर खुसरो सोसाइटी ने उनके रिसर्च पेपर को 'बेस्ट रिसर्च पेपर' का खिताब दिया और उसे ग्लोबल पोर्टल पर अपलोड किया। ईरान के सांस्कृतिक मंत्री मुस्तफ़ावी साहब ने उन्हें इंटरनेशनल सादी अवार्ड से नवाज़ा–एक भारतीय महिला के लिए यह पुरस्कार पाना फ़ारसी जगत का ऐतिहासिक पड़ाव था। उनकी विद्वता का डंका सिर्फ़ विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहा; आकाशवाणी और दूरदर्शन पर उनकी आवाज़ पचास वर्षों तक गूँजी। वे 'ए ग्रेड' रेडियो-टीवी आर्टिस्ट रहीं और महिला दिवस पर आकाशवाणी लखनऊ ने उन्हें विशेष सम्मान दिया। इन उपलब्धियों के दौरान उन्होंने समाज सेवा की लौ भी जलाए रखी। लखनऊ के एक झुग्गी क्षेत्र में उन्होंने एक मान्यता-प्राप्त प्राथमिक विद्यालय खोला। बच्चे उन्हें 'नूर वाली मैडम' कहते थे, क्योंकि उनकी मुस्कराहट में सचमुच नूर उतरता था। अम्मी की उत्कृष्टता की आख़िरी पेशेवर पारी उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की 'चेयरपर्सन' के रूप में रही – जिसे उन्होंने दिल से जिया, क्योंकि यह न सिर्फ़ उनके अकादमिक रुझान का क्षेत्र था, बल्कि उनकी आत्मा से जुड़ा एक जुनून भी। इसके अलावा अम्मी आल इंडिया रेडियो की A+ ग्रेड आर्टिस्ट भी थीं। उनका सबसे लोकप्रिय नाटक 'उमराव जान' था जिसमें उनहोंने तीन रोल किये थे -उमराव जान एक बच्ची, उमराव जान की जवानी और उमराव जान एक उम्र दराज़ औरत के रूप में।

# अमेरिकी साम्राज्यवाद के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं आयतुल्लाह ख़ामनेई

**इस युद्ध में इज़रायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में क़रीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी क़तर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दाग़ी।**

पिछले दिनों ख़ासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर लगाये गये। भारत में इस तरह के पोस्टर प्रायः श्रीनगर से लेकर लखनऊ, उन्नाव, बिजनौर, भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाये गये। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें



तनवीर जाफ़री

सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया। भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहाँ तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर हाथों में लिये देखे गये। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने ज़रूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई पिछले दिनों ईरान, इज़रायल के मध्य हुये 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुये हैं। इस युद्ध में इज़रायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में क़रीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी क़तर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दाग़ी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज़ जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है। बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख़ तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा



हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिये भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमेरिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किये बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया।

ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाये गये थे। वह भी आयतुल्लाह ख़ामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज़ से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिये कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजयी होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना, यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ़ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नज़र में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमक़द प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर,पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमायें भी लगी हुई हैं। गाँधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की ग़रज़ से प्रयोग किये जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज़ नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहाँ क्यों? परन्तु भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र का विरोध करना ज़रूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र से नफ़रत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह ग़ज़ा में लगभग अस्सी हज़ार बेगुनाहों के हत्यारे इज़राईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिये कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने 21 नवंबर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध ग़ज़ा में युद्ध अपराध और मानवता के ख़िलाफ़ अपराधों के आरोप में गिरफ़्तारी वारंट जारी किया है। नेतन्याहू पर आम नागरिकों को निशाना बनाने , क्षेत्र में भुखमरी फैलाने , हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य के आरोप हैं जोकि केवल 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच ग़ज़ा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के दौरान अंजाम दिये गये हैं। जबकि 20 मई 2024 और इस वारंट के जारी होने के बाद नेतन्याहू की दमनात्मक कार्रवाइयों में और भी इज़ाफ़ा हुआ है। ब्रिटेन, कनाडा, नीदरलैंड, इटली, और अन्य यूरोपीय देश यह कह चुके हैं कि वे आईसीसी द्वारा जरी इस वारंट का पालन करेंगे। अतः 124 आईसीसी हस्ताक्षरकर्ता देशों में यात्रा करना नेतन्याहू के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन देशों में उन्हें गिरफ़्तार किया जा सकता है। ऐसे अपराधी व्यक्ति के समर्थन में खड़े होना व एक साहसी, निडर व अमेरिका के बजाय केवल सर्वशक्तमान ईश्वर की सत्ता पर विश्वास रखने वाले फ़क़ीर का विरोध करना चिंताजनक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# प्रेमी जगदीश ही निकला रानी का हत्यारा

## बुधवार को शहजाद नदी से प्लास्टिक की बोरी में मिला था महिला का शव

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बीते बुधवार को शहजाद बांध के भराव क्षेत्र में एक महिला का शव प्लास्टिक की बोरी में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्लास्टिक की बोरी से महिला के शव को बरामद कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तो वहीं पंचनामा से मिले तथ्यों के आधार पर महिला के हाथ पर लिखे आर-जगदीश को प्रमुख सुराग मानकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की फील्ड यूनिट ने मौके से साक्ष्य एकत्र किये तो वहीं आलाधिकारियों ने मौका मुआयना किया। मृतका की शिनाख्त के लिए सभी थानों, पीआरवी, चौकी प्रभारियों व नदी किनारे रहने वाले लोगों व ग्राम प्रधानों से जानकारी जुटाई गयी। शिनाख्त के प्रयास कुछ समय में ही पूरा हुआ, जिससे मृतका की शिनाख्त ग्राम करमई निवासी रानी रैकवार पत्नी नरेन्द्र के रूप में की गयी। अब पुलिस



महिला की हत्या से जुड़े तथ्यों की पड़ताल में जुटी थी। जिसके लिए इस अंधे हत्याकाण्ड के जल्द खुलासे को लेकर एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में चार टीमों में थाना बार पुलिस, स्वॉट, सर्विलांस और अन्य थाना-चौकियों की पुलिस का गठन किया गया। जांच-पड़ताल के दौरान प्रकाश में आये करमई गांव के ही जगदीश रैकवार पुत्र मूलचंद्र उर्फ मुलुआ को पुलिस ने ग्राम डुलावन की नहर पुलिया के पास से धर दबोचा। इधर पुलिस ने मृतका के परिजनों की तहरीर पर जगदीश रैकवार के खिलाफ मु.अ.सं. 248/2025 धारा 103 (1), 238 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पकड़े गये अभियुक्त जगदीश रैकवार ने पुलिस को बताया कि उसके गांव का नरेन्द्र रैकवार उसका मित्र था, जिस कारण उसका नरेन्द्र के घर आना-जाना होता रहता था। इसी बीच उसके व नरेन्द्र की पत्नी रानी के बीच प्रेम प्रसंग हो गया, जो कि एक वर्ष से चल रहा था। रानी का नरेन्द्र से प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद

■ दो दिन में पुलिस ने किया खुलासा, कीटनाशक दवा की शीशी, बाइक व फोन बरामद

भी हुआ था, जिसके बाद रानी अपने पति व दोनों बच्चों को छोड़कर उसके साथ आकर रहने लगी। यही कारण रहा कि जगदीश की शादी परिजनों ने कहीं और तय कर दी। शादी तय होने के बाद उसका रानी से मनमुटाव हो गया। पीड़ित ने बताया कि रानी ने इंस्ट्राग्राम के जरिए मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर निवासी यशवन्त गुर्जर से दोस्ती की और बात करने लगी, जिससे उसका विवाद भी रानी से हुआ। करीब 25 दिन पहले रानी उसे बिना बताये यशवंत के साथ चली गयी। इस बात से आक्रोशित होकर उसने रानी की हत्या की योजना बना डाली। योजना को अंजाम देने के लिए उसने रानी को वापस आने के लिए धमकाया। 6 जुलाई को रानी उसके साथ शहर के मोहल्ला नई बस्ती आ पहुंची, जहां वह किराए से रहने लगा।

# धौली प्याऊ की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण को पहुंचे नगर आयुक्त

**मथुरा ।** नगर आयुक्त जग प्रवेश के आकस्मिक निरीक्षण में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का फर्जीवाड़ा सामने आया है। वार्ड 41 में उपस्थिति पंजिका में अनियमितताएँ पाई गई जिसमें ओवरराइटिंग की गई थी। इस पर नोटिस जारी किया गया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा महानगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 41 धौली प्याऊ का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया, साथ ही उपस्थित पंजिका की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका में अनियमितताएँ पाई गई। सफाई पर्यवेक्षक द्वारा उपस्थिति विवरण में गड़बड़ी एवं ओवरराइटिंग की गई थी, जिससे स्पष्ट हो रहा था कि कर्मचारियों की वास्तविक उपस्थिति के साथ छेड़छाड़ की गई है।

# हरियाणा के हिसार में दलित परिवार से क्रूरता

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** हरियाणा के हिसार जिले के एचटीएम मिलगेट में पुलिस कर्मियों द्वारा एससी वर्ग के लोगों पर घर में घुसकर की क्रूरतम बर्बतापूर्वक घटना व 16 वर्षीय नाबालिग बच्चे की हत्या किये जाने के विरोध में भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा (रजि.) ने जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शहरदार के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन के जरिए महासभा ने उक्त प्रकरण की जांच करायी जाकर दोषी पुलिस कर्मियों को बर्खाश्त कर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि उक्त परिवार 7 जुलाई की रात करीब 10 बजे जन्म दिन मना रहा था। तभी लाउड स्पीकर की आवाज सुनकर जातिगत भेदभाव करते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक ने दलबल के साथ शराब के नशे में चूर होकर घर में जबरन घुसे और घर में मौजूद



■ पुलिस कर्मियों पर घर में घुसकर नाबालिग की हत्या का आरोप

महिलाओं, बच्चों, पुरुषों के साथ मारपीट कर दी। इस घटना के दौरान 16 वर्षीय नाबालिग बच्चे को छत से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर को भी उखाड़कर धमका ले गये। घटना को लेकर कई बार शिकायती पत्र दिये गये, लेकिन न तो मामला दर्ज किया गया और न ही कार्यवाही की गयी। बताया कि इस घटना के बाद से देश भर में आक्रोश व्याप्त है और लोग जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। महासभा ने ज्ञापन के जरिए महामहिम राष्ट्रपति से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शहरदार, दीपक घावरी, प्रदीप करौसिया, रमेश करौसिया, सचिन, द्रोपती देवी, अशोक करौसिया, विक्रम चौहान, ईश्वर, निखिल पिहाल, दीपक नाहर, विक्की घावरी, राहुल घावरी आदि मौजूद रहे।

# भव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम, हरदोई।** श्रावण मास की पावन बेला में बिलग्राम के शीतला माता मंदिर से भव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो भगवान शिव की भक्ति में डूबा एक आध्यात्मिक उत्सव बन गया। हजारों शिव भक्तों ने इस पवित्र यात्रा में हिस्सा लिया, जो शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर राजघाट की ओर बढ़ी। इस दौरान भक्तों के हृदय बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे।

नगर भ्रमण के दौरान भक्तों का जगह-जगह श्रद्धापूर्ण स्वागत हुआ। भाजपा नेत्री दीपा विश्वास ने अपने प्रतिष्ठान के सामने कांवरियों को अंग वस्त्र भेंटकर उनकी भक्ति को नमन किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने पालिका परिषद के सामने समिति के सदस्यों को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया, जबकि कौशलेंद्र सिंह गुड्डु ने पुष्प वर्षा कर भोलेनाथ के भक्तों का उत्साह बढ़ाया। पूर्व पालिका अध्यक्ष पति राजा रमन गुप्ता ने भी मुन्ना स्वीट्स के सामने कांवरियों का स्वागत कर इस आध्यात्मिक यात्रा को और पवित्र बनाया। यात्रा में शिव भक्तों ने शिव तांडव के मनमोहक प्रदर्शन से सभी को भक्ति के रंग में डुबो दिया। गंगा जल से भरे कलशों को लेकर चल रहे कांवरियों की भक्ति और समर्पण देखकर हर कोई अभिभूत हो उठा। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए।

# दो महिला अधिवक्ताओं में जम कर चले लात घुसे

**मथुरा।** शुक्रवार सुबह दो महिला अधिवक्ताओं में ऐसा घमासान हुआ कि लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। आज सुबह दिवानी कचहरी परिसर में सब कुछ सामान्य चल रहा था तभी अचानक दो महिला अधिवक्ता आपस में भिड़ गई। देखते ही देखते आपसी उठा पटक जबरदस्त मारपीट में परिवर्तित हो गई। फिर क्या था,आपस में भिड़ी दोनों महिला अधिवक्ता एक दूसरे को धूल चटाने में जुट गई।

गौर करने वाली बात यह थी कि भरी कचहरी में कोई भी अधिवक्ता दोनों को अलग कराने नहीं आया। सब दूर से खड़े होकर तमाशा देखने और वीडियो बनाने में मशगूल रहे। दो महिला अधिवक्ताओं के बीच हुए संग्राम की कचहरी परिसर में दिन भर चर्चा होती रही। कई लोग तो इस मामले को चटकारे लेकर घमासान को लच्छेदार बनाते हुए अपने-अपने तरीके से पेश करते हुए देखे गए।

# खुले में दाह संस्कार करने को विवश हैं अमऊखेड़ा के लोग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा की ग्राम पंचायत कपासी ग्राम अमऊखेड़ा से मानवता को शर्मसार करने की तस्वीर सामने आई है। यहां ग्रामीणों को सड़क, नाली, सफाई से जूझना तो पड़ ही रहा है, वहीं इंसान के मर जाने पर भी उसे सही तरीके से अंतिम संस्कार करने में भी परिजनों को असुविधा हो रही है। एक माह के अंदर मानवता को शर्मसार करने वाली दूसरी घटना सामने आई है, जहां गांव में शमशान घाट न होने की वजह से मृतक के दाह संस्कार के लिए ग्रामीणों को पॉलीथिन का सहारा लेकर उसका अंतिम संस्कार करना पड़ा। बताते चलें कि ग्राम अमऊखेड़ा में एक महीने के अंदर दूसरी घटना सामने आई है। जब ग्रामीण बरसात के समय में शमशान घाट न होने के चलते दाह संस्कार करने के लिए पॉलीथिन को चारों तरफ पकड़ कर



अंतिम संस्कार करने में लगे हुए है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी न हो लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इन दिनों बरसात जिले में जमकर कहर बरपा रही है, जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त बना हुआ है, कई जगह जल भराव की स्थिति बनी हुई तो अब तक कई ग्रामों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए है, लेकिन इसके बाद भी जिला प्रशासन कोई सुध नहीं ले रहा है।

### इनका कहना है

खुले में शव के दाह संस्कार किये जाने की खबर को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि उनके द्वारा शमशान घाट बनाये जाने की मांग का प्रस्ताव कई बार दिया गया है, लेकिन जनसंख्या कम होने का हवाला देकर यहां मुक्तिधाम का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। कहा कि यदि आगामी समय में मुक्तिधाम नहीं बनाया गया तो वह प्रधान पद से इस्तीफा देने का कार्य करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगजन के लिए प्रस्तावित केंद्र संचालन को आवेदन आमंत्रित

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार ने अवगत कराया है कि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 ने उ0प्र0 मानसिक चिकित्सालय, आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ वे होम, लॉग स्टे होम हेतु कार्ययोजना के दिशा निर्देशों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 का नवीन प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना है, तत्क्रम में जनपद में हाफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन हेतु सक्षम, पात्र स्वैच्छिक संस्थाऐं जो हाफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन हेतु नियमावली के अनुसार केन्द्र का संचालन कर सकें। अनुदान प्रस्ताव हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय में 25 जुलाई 2025 तक उपलब्ध कराये। उक्त योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कक्ष संख्या 35 जी0, राजीव भवन, मथुरा में संचालित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करे।

### बिजली के तार को लेकर विवाद हुआ

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** हरदोई के बिलग्राम थाना क्षेत्र के चौधीपुरवा में बिजली के तार को लेकर विवाद हुआ। यह घटना 17 जुलाई को दोपहर 1 बजे की है। शांति नाम की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नन्हे, कल्लू और जवाहर ने उनके घर के दरवाजे के खंभे से तार काटने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को गालियां दीं। इसके बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में शांति के सिर और शरीर पर चोटें आईं। शोर सुनकर बचाने आई उनकी बेटी शिवानी को भी आरोपियों ने पीटा। उसे घसीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना के वक्त शांति का पति बच्चों की दवा लेने गया था। पीड़िता ने कोतवाली बिलग्राम में प्रभारी निरीक्षक को शिकायत दी है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### व्यवस्था में पारदर्शिता जरूरी : राजेश यादव

**बिलग्राम हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर चारो तरफ गहमा गहमी है । इसी बीच



हरदोई में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और राज्य पिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य राजेश यादव ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। राजेश यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया के बहाने कहीं सुशासन बाबू कोई गड़बड़ी न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छ और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। यादव ने कहा कि यदि आयोग पर दबाव डालकर व्यवस्था को बदलने की कोशिश की गई, तो इसका परिणाम पिछले चुनावों की तरह होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और बिहार में लालू यादव के बढ़ते जनसमर्थन का जिक्र किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सचेत करते हुए कहा कि उनके कार्यकर्ता नंबर बढ़ाने के चक्कर में कोई ऐसा काम न करें, जिससे सारा परिणाम शून्य हो जाए।

### कछुआ तालाब अब नई सांस ले रहा



**बिलग्राम हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** बिलग्राम क्षेत्र में कंकराखेड़ा गांव का ऐतिहासिक कछुआ तालाब अब नई सांस ले रहा है। जलकुंभी के घने जाल से मुक्त हो चुके इस तालाब में अब कछुए स्वच्छंद रूप से विचरण कर सकेंगे। विभिन्न समाचार पत्रों खास कर दैनिक तरुण मित्र में तालाब की बदहाली को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। जिलाधिकारी के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी नीरज शर्मा ने ग्राम प्रधान ऊषा देवी को तालाब की सफाई का जिम्मा सौंपा। लगभग चार लाख रुपये की लागत से राज्य वित्त के सहयोग से तालाब को जलकुंभी मुक्त कराया गया। सैकड़ों ट्रॉली जलकुंभी को निकालकर ग्राम समाज की खलिहान भूमि पर जमा किया गया है।

# कांग्रेस सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा ने किए बांके बिहारी के दर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** तीर्थ नगरी मथुरा में कांग्रेस पार्टी का फोकस लगातार बढ़ रहा है हर नेता इस समय बाके बिहारी की दंडवत लगाने पहुंच रहा है मामला इस समय मथुरा में कोरिडोर का गरम है इस कारण भी कांग्रेस नेता मथुरा के रास्ते उत्तर प्रदेश में अपनी जगह बनाने को जुटी पड़ी है इसी कड़ी में कांग्रेस सीएलसी लीडर आराधना मिश्रा का बांके बिहारी की नगरी में यह दूसरा दौरा है।

वृन्दावन पहुंचने पर आराधना मिश्रा ने ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन कर प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया आराधना मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी बी टीम, सीबीआई, इडी, इनकम टैक्स विभाग के दम पर मानसून सत्र से पहले कांग्रेस पर दबाव बनाना चाहती है पर कांग्रेस ना



■ मंदिर सेवायतों ने किया पटका पहनकर सम्मान

कभी डरी है ना डरेगी।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन पूजा अर्चना करने पहुंची आराधना मिश्रा का मंदिर सेवायत शैलेन्द्र गोस्वामी ने पटका पहनाकर स्वागत किया तथा ठाकुर बांके बिहारी जी का प्रसाद भेंट किया, मंदिर सेवायत शैलेन्द्र गोस्वामी की गद्दी पर बैठ कर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 सालों से देश में भाजपा सरकार गद्दी पर काबिज है भाजपा गांधी परिवार को ईडी दफ्तर बुलाकर गीदड़ भभकी दे रही है, अगर इनके पास कोई साक्ष्य होते तो अब तक गिरफ्तार कर लेती, लेकिन भाजपा सरकार झूठे आरोपों से गांधी परिवार की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रही है, आराधना मिश्रा द्वारा कहा गया कि संसद के मानसूत्र सत्र से पहले भाजपा सरकार कांग्रेस पर दबाव बनाना चाहती है कांग्रेस ना कभी डरी है ना कभी डरेगी।

# सत्ताईस जुलाई को होगी महिला सशक्तिकरण विचार गोष्ठी

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में महिलाओं में जागरूकता के लिए महिला सशक्तिकरण के लिए विचार गोष्ठी समारोह आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया कि इस विचार गोष्ठी के आयोजन में महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया जायेगा और परिवार में जागरूकता संचार के लिए बात की जायेगी। बैठक को संबोधित करते हुये समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने कहा कि महिलायें हर क्षेत्र में विशेष मुकाम हांसिल कर परिवार व देश का नाम रौशन कर रहीं हैं, जिससे महिलाएं गौरवान्वित हैं। समिति सचिव श्रीमती गीता सेन ने कहा कि महिलाओं को जागरूकता के लिए यह आयोजन एक नया स्तम्भ बनेगा। महिलाएं जागरूक होंगी तो अपने अधिकारों को स्वयं प्राप्त कर सकेंगी।

# क्राइम कंट्रोल करने के लिए मथुरा पुलिस लेगी त्रिनेत्र का सहारा

अवधनामा संवाददाता

■ हर एंट्री प्वाइंट पर लगेंगे कैमरे

**मथुरा।** पुलिस अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने जिले के सभी 19 प्रवेश मार्गों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला लिया है। पहले चरण में आधा दर्जन मार्गों पर कैमरा लगाए जाएंगे। इसके बाद अन्य मार्गों को भी कैमरों से लैस कर दिया जाएगा। एसपी देहात ने सभी मार्गों की सूची तैयार कर एसएसपी श्लोक कुमार को भेज दी है। एसएसपी की संस्तुति के बाद सूची मुख्यालय भेजी जाएगी।



राजस्थान और हरियाणा से सीमा सटी होने के कारण मथुरा में आपराधिक गतिविधियां अधिक होती हैं। आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के बाद अपराधी सीमा पार चले जाते हैं और पुलिस उन्हें जिले के अंदर खोजती रहती है। इसके अलावा हरियाणा में शराब सस्ती होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग और यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए बिहार तक इस शराब की सप्लाई होती है। पुलिस बार्डर पर बैरियर लगाकर चेकिंग भी करती है, लेकिन तस्कर आसपास के मार्गों से होते हुए निकल जाते हैं। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले कुल 19 मार्ग हैं। इसमें कुछ अंतरराज्यीय तथा कुछ अंतर्जनपदीय हैं। पुलिस ने इसमें से 48 प्वाइंट ऐसे तय किए हैं जहां सीसीटीवी कैमरा लगना आवश्यक है। पहले चरण में 20 प्वाइंटों पर कैमरा लगाने की योजना तैयार की गई है। अगले चरण में अन्य मार्गों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एसपी देहात के सर्किल के आठ गांव रेड जोन में आते हैं। यहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा सामने आए हैं। साइबर अपराधी मथुरा में बैठकर अपराध करते हैं और इसके बाद सीमा पार कर दूसरे प्रदेश में चले जाते हैं।

# केएम अस्पताल में हुआ 'यूथ क्लिनिक' का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

■ केएम : युवकों के लिए अब उपलब्ध 'यूथ क्लिनिक'

**मथुरा।** 9 से 19 साल के युवक-युवती जिन्हें मेडीकल भाषा में एडोलेसेंट कहा जाता है, जिनमें स्वास्थ्य समस्याएं बिल्कुल अलग प्रकार की होती है, इन युवकों के स्वास्थ्य परामर्श के लिए केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल में यूथ क्लिनिक का शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा यह मथुरा का पहला यूथ क्लिनिक है। इस क्लिनिक में 9 से 19 साल के किशोर किसी भी स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क कर सकते है, जैसे पोषण सुधार, यौनिक और प्रजनन स्वास्थ्य सुधार, मानसिक स्वास्थ्य सुधार, चोट व हिंसा से रोक (लैंगिक हिंसा शामिल) नशीले पदार्थ के प्रयोग से बचाव, गैर संचारी रोग की समस्याएं शामिल है। शुभारंभ अवसर पर विवि के कुलपति डॉ. एनसी प्रजापति ने कहा राष्ट्रीय स्तर पर भी यह सुविधा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत प्रदान की जाती है। युवाओं को बेहतर परामर्श देने के साथ इस क्लिनिक में गोपनीयता, दोस्ताना, सहायक मददगार का माहौल प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रशिक्षक होने के साथ मेरा केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के कई विभागों में शोध कार्य भी चल रहा है, जिसमें बाल रोग, स्त्री रोग, मानसिक रोग, स्कैन एंड बीडी मुख्य है। बाल रोग विभागाध्यक्ष सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा यह यूथ क्लिनिक ओपीडी बाल रोग विभाग में प्रति सप्ताह शुक्रवार सुबह 9 बजे से लेकर 2 बजे तकश्च संचालित रहेगा।

# अवैध रूप से कारतूसों की बिक्री

**मथुरा।** होलीगेट स्थित शर्मा गन हाउस के संचालक को बृहस्पतिवार की शाम राजस्थान पुलिस अवैध रूप से कारतूस बेचने के मामले में गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई। सीओ भूषण वर्मा ने बताया कि राजस्थान के छोटी सादड़ी थाने की पुलिस बृहस्पतिवार की शाम कोतवाली पहुंची और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बताया कि होलीगेट स्थित शर्मा गन हाउस से हथियार तस्कर ने कारतूस खरीदे हैं। मध्यप्रदेश के कुख्यात बदमाश सलमान से पूछताछ के आधार पर पुलिस शर्मा गन हाउस पर पहुंची। यहां संचालक डेंपियर नगर निवासी गोपाल शर्मा उर्फ जॉली से पूछताछ की और कारतूसों का हिसाब देखा। हिसाब में गड़बड़ी मिलने के बाद राजस्थान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और अपने साथ ले गई। पुलिस ने 28 जून को गंगाधर निवासी राकेश राठौर को पिस्टल और खाली मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने मध्य प्रदेश के कुख्यात बदमाश सलमान खान और बाबू फकीरा उर्फ बाबू शूटर के गैंग को हथियार सप्लाई की जानकारी दी।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एनजीओ के माध्यम से 500 पौधे वितरित किए

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** शहर के मध्य डीग गेट पर (जी एन आर एफ) ग़रीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के माध्यम से 500 पौधे बांटे गए।

आज ग़रीब नवाज़ रिलीफ फाउंडेशन के बैनर तले बिगड़ते पर्यावरण को सुधारने के लिए पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, डीग गेट पर मुख्यातिथि नगर निगम मथुरा वृंदावन वार्ड सं0-31 के पार्षद मुन्ना मलिक की मौजूदगी में 500 पौधे वितरित किए।

पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा वातावरण को शुद्ध रखने में हर एक व्यक्ति अपना योगदान डालें। हर एक व्यक्ति को हर साल कम से कम दो पौधे जरूर लगाने चाहिए। आज के समय में हम ऑक्सीजन तो पैसे खर्च कर ले रहे हैं, परंतु फ्री में हमें मिल रही ऑक्सीजन हम नहीं ले रहे हैं। लाखों की तादात में पेड़ काटे जा रहे हैं, परंतु उनकी जगह पर पेड़ नहीं लगाए जा रहे हैं, यह एक चिंता का विषय है। वातावरण को शुद्ध और मौसम में आ रही तबदीली को देखते हुए हमारे जीवन में पेड़ बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आप सभी अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

अपने घर और आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाएं।

क्षेत्रीय जनता ने जी एन आर एफ के इस कार्य की सराहना की और प्रोत्साहित किया।

जी एन आर एफ के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक़ ने कहा कि जल और जंगलों के कारण ही जमीन जिंदा है। जहां इन दोनों का वजूद नहीं होता, वहां की जमीन भी बंजर हो जाती है। फिर इंसानों से लेकर पशु पक्षियों तक के जीवन पर संकट आ जाता है। पेड़ पौधों से जल की उपस्थिति बनी रहती है और ये दोनों मिलकर जमीन को भी उपजाऊ बनाए रखते हैं। सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें। पौधों को नियमित रूप से पानी दें और उनकी देखभाल करें। पौधे तैयार करने से घर व आस-पास के क्षेत्र में भी हरियाली का दायरा बढ़ जाएगा।

इस मौके पर मुख्यरूप से मौलाना क़ासिम मदनी, सुहैल अली, मौलाना रिज़वान, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद कामिल, मोहम्मद शुऐब, हाजी आमिल,समीर खान, आदि उपस्थित रहे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री का मथुरा दौरा शनिवार को

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा शनिवार, 19 जुलाई को मथुरा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे वृंदावन स्थित पागल बाबा विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे, जो क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।

इसके उपरांत मंत्री श्री शर्मा वृंदावन स्थित तुलसी तपोवन गौशाला, मावली में आयोजित गौ महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम विश्व जागरण मानव सेवा संघ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गौ सेवा, संरक्षण और जागरूकता को केंद्र में रखते हुए विविध गतिविधियाँ संपन्न होंगी। मंत्री शर्मा का अगला कार्यक्रम पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम, डैंपियर नगर में प्रस्तावित है, जहाँ वे नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य नगरीय सुविधाओं को बेहतर बनाना



तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में मथुरा-वृंदावन नगर निगम को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में '3 स्टार' के साथ देशभर में ग्यारहवां स्थान प्राप्त होने पर नगर निगम के अधिकारियों, सफाईकर्मियों और कर्मचारियों में विशेष उत्साह है। नगर निगम के अधिकारीगण मंत्री श्री शर्मा का स्वागत करने को पूरी तरह तत्पर हैं। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के विज़न, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता, और मंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में शहरी सुधारों की सतत निगरानी का परिणाम है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिका को बड़ी उपलब्धि मिली

■ मंडल में प्रथम और प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढाया

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नगर पालिका ने मंडल में प्रथम स्थान व स्टार रेटिंग तथा प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर मयंक गुप्ता ने नगरवासियों, सफाई कर्मियों एवं मीडिया के प्रति आभार जताया। शुक्रवार को पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि यह सफलता सदस्यगणों, पालिका कर्मियों, सफाई कर्मियों और नगरवासियों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। समस्त सदस्य गणों ने शासन की मंसा जनता तक पहुंचाई जिसके परिणाम हम सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में और भी बेहतर कार्य किए जाएंगे ताकि अगले सर्वेक्षण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जा सके। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए सर्वप्रथम नगर की मीडिया को धन्यवाद करना चाहूंगा जिसने पालिका द्वारा की जा रही नागरिक जागरूकता गतिविधियों को भली भांति कवर किया। जिससे जन सामान्य तक शासन की मंशा एवं पालिका के प्रयासों को पहुंचाने में सफलता प्राप्त हुई है। नगर वासियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया से आज यह यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर मयंक गुप्ता ने नगर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में पालिका की उपलब्धि पालिका कर्मचारियों, नगर की जनता एवं सभी सदस्य गणों के साझा प्रयासों का परिणाम है। यह परिणाम नगर की सफाई के प्रति पालिका की प्रतिबद्धता एवं प्रयासों को दिखाता है। यह सम्मान पूरे नगर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया और अपील की कि सभी लोग स्वच्छता के प्रति सजग रहें। इस अवसर पर पालिका कार्यालय में खुशी का माहौल रहा और मिठाई वितरण कर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी।

# घर से भागी बालिकाये हुईं दिल्ली से बरामद

■ बाल कल्याण समिति ने परिजनो को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**चंदौसी/संभल।** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत निवासी मौ0 कस्बा सिरसी 14 वर्षीय व 03 बर्षीय दो बालिकाएं तीन माह पूर्व अचानक घर से लापता हो गई थीं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया था। इस बीच वो दोनों किसी तरह दिल्ली पहुंच गई, जहां वो दोनों संदिग्ध अवस्था में दिल्ली पुलिस को मिली। दिल्ली पुलिस द्वारा तुरंत बाल संरक्षण कानूनों के तहत उन दोनों बालिकाओं को बालिकागृह दिल्ली में भेज दिया गया। पिछले तीन माह से वो दोनों दिल्ली के एक बालिका गृह में रह रही थीं। बातचीत के दौरान पता चला कि दोनों बच्चियां सम्भल जिले की हैं तो दिल्ली पुलिस ने बाल कल्याण समिति सम्भल से सम्पर्क किया,बाल कल्याण समिति के अथक प्रयास के बाद जब उन दोनों बच्चियों की पहचान पूरी तरह से सुनिश्चित हो गई, तो दिल्ली पुलिस उन दोनों बच्चियों को लेकर बाल कल्याण समिति सम्भल पहुंची और दोनों बच्चियों को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। बाल कल्याण समिति संभल में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों बच्चियों को सकुशल उसकी माता के हवाले कर दिया। पूर्व में भी ये बच्चियां घर से भाग चुकी हैं। ऐसे में बाल कल्याण समिति ने उसकी माता को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें।बाल कल्याण समिति की सक्रियता से दोनों बच्चियां सुरक्षित अपने घर पहुंच गई, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। बच्चियों की सुपुर्दगी देते समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा, नूतन चौधरी,नीलम राय उपस्थित रहे।

# काल को पुनर्जीवित कर महाकाल बने भोलेनाथ : प्रशान्त प्रभु

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** गोकुलबाबा मंदिर परिसर में शैवाचार्य प्रशांत प्रभुजी महाराज ने श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन मुनि श्वेत की कथा का वर्णन किया। श्वेत मुनि, जो भगवान शिव के परम भक्त थे, पर्वत पर एकांत में रहते थे और भगवान शिव की पूजा करते थे। वे मृत्यु से भी नहीं डरते थे, क्योंकि वे भगवान शिव की शरण में थे। जब उनका अंतिम समय आया, तो वे रुद्र अध्याय का पाठ कर रहे थे। तभी एक विकराल आकृति, यमदूत, उनके सामने प्रकट हुआ। श्वेत मुनि ने शिवलिंग को पकड़ लिया और यमदूत से कहा कि वे उन्हें नहीं ले जा सकते।

यमदूत ने शिवलिंग को शक्तिहीन और निश्चेतन बताया, लेकिन श्वेत मुनि ने दृढ़ता से शिवलिंग को पकड़े रखा। तब भगवान शिव ने अपने गण भैरव को भेजा, जिन्होंने यमदूतों को भगा दिया। यमराज स्वयं आए और उन्होंने भी शिवलिंग को चुनौती दी। यमराज और श्वेत मुनि के बीच युद्ध हुआ, जिसमें यमराज पराजित हुए। भगवान शिव ने तब प्रसन्न होकर श्वेत मुनि को अमरत्व प्रदान किया, और यमराज को भी पुनर्जीवित किया। कालरूपी यम को पुनः जीवित कर महाकाल के रूप में स्थापित हुए भोलेनाथ। यह कथा भगवान शिव की महिमा और उनके भक्तों के प्रति असीम प्रेम को दर्शाती है। यह कथा हमें यह भी सिखाती है कि मृत्यु से नहीं डरना चाहिए, और भगवान शिव में अटूट विश्वास रखना चाहिए। पूजन और आरती में सत्येंद्र सिंह, वंदना सिंह, हरिप्रसाद साहू, संतोष साहू, निशीथ निगम, राधा निगम, विक्रम सिंह, प्रिया सिंह, धीरज सिंह, सोनम सिंह, चंद्र प्रकाश बाजपेई, रंजना मिश्रा, संजय त्रिपाठी, नीलम त्रिपाठी, डॉ मनीष सिंह सेंगर, मनोज सिंह राहुल कश्यप, संजीव पांडेय, वीरेंद्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह, श्याम जी गुप्ता आदि ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा और उनके परिवार ने व्यास पीठ पर महाराजश्री को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य कार्तिकेय ने बताया महायज्ञ में शामिल होने वाले परिवारों की सुख समृद्धि और योगी आदित्य नाथ को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का अनुष्ठान किया जा रहा है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, महिला सहित छह घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडों के बीच महिला सहित छह लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मेकूपुरवा निवासी श्याम सिंह पुत्र भजन लाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 10 जुलाई को 06:30 बजे घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही गौरव, सौरभ, विजय व राजेश आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष के गौरव पुत्र उमाशंकर का कहना है कि वह घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही श्याम सिंह, देवेंद्र, सुरजीत, राजवीर ने उसे व उसके भाइयों सौरभ व प्रहलाद के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# सेवानिवृत्त स्वास्थ्य परिवेक्षिका को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई

■ चिकित्सकों एवं भाजपा नेताओं ने की उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन की कामना

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक द्वारा एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहीं स्वास्थ्य परिवेक्षिका किशन कुमारी दुबे को यादगार विदाई दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. शशांक चंद्रा ने सेवानिवृत्त कर्मचारी के सेवाकाल की सराहना की और उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। उन्होनें स्वास्थ्य परिवेक्षिका को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डा. नीरज कुमार, डा. शशांक श्रीवास्तव, भाजपा नगर महामंत्री अर्चना गुप्ता, उपाध्यक्ष रश्मि द्विवेदी, भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अमरदीप मिश्रा, भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह वर्मा सहित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सेवाभाव और समर्पण के लिए आभार प्रकट करते हुये कहा कि उन्होनें अपने कार्यकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और मरीजों के प्रति सेवाभाव का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सभी ने उनके उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह के अंत में मिठाई वितरित कर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कर्बला मे हजरत जैनब न होती तो कर्बला का पैगाम दुनिया तक नहीं पहुँच पाता

**अमरोहा।** नगर के मोहल्ल नई बस्ती मजापोता मे स्थित इमामबारगाह बाबुल मुराद में 20 मोहर्रम से 29 महोर्रम तक के अशरे की होने वाली दुरसी मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमे मजलिस को संबोधित करते हुए *मौलाना महोम्मद अली गौहर इलाहबादी ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन ने जो कुर्बानी दी, वह हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने जालिमों के सामने झुकने के बजाय, इस्लाम और हक के रास्ते पर चलते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी। मौलाना ने कहा कि कर्बला में हजरत जैनब न होतीं तो कर्बला का पैगाम दुनिया तक नहीं पहुंच पाता। उन्होंने अपने दोनों बेटों को हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम पर कुर्बान कर दिया। मजलिसे इमाम हुसैन इंसानियत को जागृत करने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं इस्लाम और मकसद ए कर्बला की सही पहचान कराता है। इससे इंसान अपनी जिंदगी कुरान की रोशनी और शरीयत के दायरे में जीना सीख जाता है। मजलिस की शुरुआत मास्टर तनवीर हैदर वा उनके साथियों ने मर्सिया वा सोज़ ओ सलाम से की।

# अलग-अलग सड़क हादसो में चार लोगो की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों मे बीते चौबीस घंटो में हुए सड़क हादसो में चार लोगो की मौत है गई। एक युवती सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पहली घटना में मौरावां थाना अंतर्गत सडक हादसे मे युवक की मौत हो गई हादसे मे उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के गांव गुदत्तखेड़ा निवासी पप्पू 45 पुत्र दयाराम गुरुवार दोपहर बाइक से अपनी बहन के साथ दवा लेने के लिए बलुआखेड़ा से भवानीगंज जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे लोडर ने बाइक मे टक्कर मार दी दुर्घटना में पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। दूसरी घटना में थाना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार भोर पहर एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 250 के पास एक अज्ञात भारी वाहन ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से पिकअप चालक व परिचालक की मौत हो गई शव केबिन में फंस गए। पुलिस और यूपीडा की टीम ने मौके पर पहुंचकर गैस कटर से पिकअप के केबिन मे फंसे शवों को बाहर निकाला। सडक हादसे में जनपद अयोध्या के गांव चंदौरा निवासी पिकअप चालक बेचूलाल 45 व परिचालक रुदौली के अरिहार गांव निवासी रमेश कुमार 40 की पुलिस शवो की तलाशी मे मिले कागजो के आधार पर पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घटना के समय पिकअप लखनऊ से आगरा की ओर जा रहा था। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। तीसरी घटना में गुरुवार भोरपहर बिहार थाना अंतर्गत बक्सर रोड पर खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कृषि अधिकारी ने छापा मार पकड़ी नकली कीटनाशक फैक्ट्री

**उन्नाव।** जिला कृषि/कृषि रक्षा अधिकारी शशांक को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि अकरमपुर मगरवारा स्थित गोदाम में अवैध तरीके से कीटनाशक रसायनों को बनाया व पैकिंग की जा रही है। सूचना मिलने पर कृषि रक्षा अधिकारी एवं कृषि रक्षा अधिकारी की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा गोदाम को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में भारी मात्रा में रॉ मटेरियल की बोरिया, कीटनाशक रसायन के पैकिंग गत्ते, पैकिंग मशीन, मिक्सिंग मशीन, पैकिंग में प्रयोग होने वाले धागे व खाली उर्वरक के पैकेट पाए गए। उक्त प्राप्त पैकिंग बैग, मशीनें, कीटनाशक रसायन व उर्वरक के बारे में पूछे जाने पर कोई भी संतोषजनक उत्तर व अभिलेख नहीं दिए गए। उपरोक्त पाई गई पैकिंग सामग्री कीटनाशक रसायन व उर्वरक प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध प्रतीत होने पर कीटनाशक रसायन का नियमानुसार नमूना ग्रहित किया गया, जिसे विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। उसके उपरांत कृषि रक्षा अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सदर धीरज त्रिपाठी की उपस्थिति में गोदाम को सील कर दिया गया।

# कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाहियों को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एनडीपीएस, गैंगस्टर, आबकारी तथा जुआ आदि पर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि भूमाफिया एवं गैंगस्टर कार्यवाहियों को बढ़ाया जाए। थाना नखासा देहपा के पास की एक अवैध शराब से संबंधित शिकायत के विषय में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में ढाबा एवं होटल पर छापेमारी कर अवैध रूप से बिक रही शराब को चेक करें और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई संज्ञान में लाएं। और उन्होंने कहा कि जो कार्रवाई की जाएं उसके विषय में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को भी अवगत कराएं। आगामी ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त ग्राम पंचायत में डॉ. अंबेडकर पार्क एवं अन्य विभूतियों के पार्क बने हुए हैं उनको देख लिया जाए एवं उन पार्कों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य भी किया जाए और जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत चुनाव के दृष्टिगत समस्त आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने एलआईयू को भी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया और उन्होंने कहा कि जनपद में सक्रिय रहकर अपना कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत ग्राम पंचायत में कोई जातिवाद को लेकर टिप्पणी करता है उस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा,अपर जिलाधिकारी न्यायिक सतीश कुमार कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार एवं उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएच. डी. कोर्स वर्क परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को पीएच.डी. प्रवेश तथा पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की-

1. डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक
2. प्रो. चन्दन जी, पीएच.डी. समन्वयक
3. प्रो. शोभा सईद, प्रवेश समन्वयक
4. डॉ. आताहर रहमान आज़मी, उप परीक्षा नियंत्रक

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए पीएच.डी. प्रवेश के आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 25 जुलाई 2025 तक किया जाता है, जो पूर्व में 17 जुलाई 2025 निर्धारित थी। इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

साथ ही यह भी तय किया गया कि पीएच.डी. कोर्स वर्क की परीक्षा अगले एक माह के भीतर आयोजित करवाई जाएगी, जिससे शोध कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सभी अधिकारियों ने कुलपति प्रो. अजय तनेजा के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रो. तनेजा द्वारा शोध विद्यार्थियों की सुविधा और गुणवत्ता पर विशेष बल दिए जाने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय की पीएच.डी. प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं सुगमता से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने प्रदेश महामंत्री का किया जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अशोक पाल का जनपद में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री अशोक पाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि शिक्षक हितों के लिए हम सभी एकजुट हैं। शिक्षक समस्याओं का निराकरण करना हमारा कर्तव्य है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के हमारे शिक्षक साथी भी हमारे अपने हैं और हम मिलकर शिक्षक हितों के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। श्री पाल ने विभिन्न मंचों से लेकर सदन के माध्यम से भी शिक्षकों के हितों के लिए आवाज उठवाई है व अधिकारियों के साथ होने वाली बैठकों में उन्होंने मजबूती के साथ शिक्षकों का पक्ष रखा है जिसे लेकर शिक्षकों में उनपर अटूट विश्वास भी है। प्रदेश महामंत्री पद पर निर्वाचन के बाद जनपद उन्नाव प्रथम आगमन पर उन्होंने बताया यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं आप सभी की आशाओं और उम्मीद पर खडा उतरने का प्रयास करूंगा। स्वागत करने वालों में जूनियर शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री ज्ञान प्रकाश, कार्यकारी जिला मंत्री देशदीपक द्विवेदी, संयुक्त मंत्री बृजकिशोर व संजीव श्रीवास्तव, राजकरन, मनोज थारू, अमित शर्मा, इमरान खान, वीरेंद्र, पवन, विनोद, दीपक, श्रीनाथ, देवेंद्र, राजकुमार, वैश्नव एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आरबीएसके की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्क्रीनिंग को बेहतर ढंग किया जाये। बेहदर, हरियावां, पिहानी में स्कीनिंग में कम सैम व मैम बच्चों को चिन्हित करने पर उन्होंने नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि संडीला में एनआरसी की शुरुआत जल्द करायी जाये। एनआरसी में सैम व मैम बच्चों को भर्ती कराया जाये। बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। विद्यालयों में अच्छी तरह से स्क्रीनिंग की जाये। प्रत्येक टीम को सर्जिकल चिकित्सकीय हस्तक्षेप के लिए कम से कम एक बच्चे को चिन्हित करने करने का लक्ष्य दिया जाये। चिन्हित विद्यालयों में आयुष मेडिकल किट वितरित की जाये। आरबीएसके टीम इस सम्बन्ध में अभिभावकों के साथ उन्मुखीकरण संवाद करे। जिस विद्यालय में विजिट की जाये वहाँ के बच्चों को एल्बेंडाजोल दी जाये। बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये। दृष्टिदोष वाले बच्चों को चश्मा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये। दिव्यांग व मानसिक मंदित बच्चों का यूडीआईडी बनवाया जाये। ऐसे बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया जाये। हरियावा, बेंहदर व मल्लावां की समग्र प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि ई कवच पोर्टल पर फीडिंग की प्रगति बढ़ाई जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति ( शासी निकाय ) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सैम बच्चों की ई - कवच पर फीडिंग को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक सीएचसी पर एक वार्ड आरक्षित करते हुए पोषण पुनर्वास केंद्र को स्थापित कराया जाए। एएनएम ,आशा, आंगनबाड़ी की बैठक न कराने पर नो वर्क नो पे के आधार पर रजपुरा के बीसीपीएम का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को दिए गये। एएनएम तथा आशा एवं आंगनबाड़ी की बैठक को लेकर एम ओ आई सी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीसीपीएम तथा बीएएम, तथा बीपीएम को समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर आने के लिए निर्देशित किया तथा डीपीएमयू के सदस्यों को लोकेशन लेने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वजन एवं माप मशीन लाये जाने को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में स्टेडियोमीटर, बच्चों के वजन माप मशीन नहीं हैं वहां मशीन से संतृप्त कराना सुनिश्चित करें। आशा एवं संगिनी के जनपद में रिक्त पदों को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त बीसीपीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि 21 जुलाई से पूर्व डेटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आकांक्षात्मक ब्लॉक को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। असमोली सीएचसी के एमओआईसी को बदलने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया। संस्थागत प्रसव को लेकर भी जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी चर्चा की तथा जेएसवाई के अन्तर्गत भुगतान को लेकर निर्देशित किया कि शीघ्र भुगतान कराना सुनिश्चित करें। जेएसवाई में कम भुगतान पर जुनावई बीएएम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम पर भी चर्चा की। सबसे खराब कार्य करने एवं अच्छा कार्य करने वाली एएनएम तथा आशा एवं संगिनी की सूची तैयार करने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम जोकि 11 अगस्त को समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा स्कूलों में होगा उसको लेकर भी चर्चा की गयी इसके उद्देश्य तथा बचाव, उपचार, एनडीडी कवरेज तथा आईसीडीएस विभाग एवं शिक्षा विभाग तथा अन्य सहयोगी विभागों की जिम्मेदारी एवं भूमिका पर भी चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। एन.क्यू.ए.एस के अन्तर्गत ग्राम मंसूरपुर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एमओआईसी, एएनएम, ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव, को प्रशस्ति देकर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई, समस्त एमओआईसी, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौलाना मजहरुल हक ने डॉ. अनवारुल हक से की शिष्टाचार

अवधनामा संवाददाता



**पटना।** मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी, पटना के नवनियुक्त रजिस्ट्रार डॉ. अनवारुल हक अंसारी साहब से ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के सक्रिय सदस्यों शब्बीर आलम, कलीम भाई और जमाल ने शिष्टाचार मुलाक़ात की। प्रतिनिधिमंडल ने इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए दिल से मुबारकबाद दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अंसारी की शैक्षणिक और प्रशासनिक सेवाओं की खुले दिल से सराहना की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्होंने शिक्षा विभाग में हमेशा ईमानदारी, दूरदर्शिता और समर्पण से कार्य किया है तथा शिक्षा को समाज की तरक्क़ी का माध्यम माना है। डॉ. अनवारुल हक अंसारी ने कहा शिक्षा इंसान को सिर्फ़ क़ाबिल ही नहीं बनाती, बल्कि उसे एक बेहतर इंसान भी बनाती है। मेरी कोशिश होगी कि विश्वविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता, अनुशासन और विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए।

# शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर दिखते हैं ऐसे लक्षण

हमारे ब्लड में हीमोग्लोबिन एक बेहद जरूर प्रोटीन होता है, जोकि रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है। इसका मुख्य काम फेफड़ों से ऑक्सीजन को बॉडी के हर हिस्से तक पहुंचाना और कार्बन डाइऑक्साइड को फेफड़ों तक वापस लाना है। हमारे ब्लड में हीमोग्लोबिन एक बेहद जरूर प्रोटीन होता है, जोकि रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है। इसका मुख्य काम फेफड़ों से ऑक्सीजन को बॉडी के हर हिस्से तक पहुंचाना और कार्बन डाइऑक्साइड को फेफड़ों तक वापस लाना है। यह एक तरह के श्वसन वर्णक है, जिसकी वजह से ब्लड का कलर लाल होता है। यह ऑक्सीजन को ऑक्सीहीमोग्लोबिन के तौर पर और कार्बन डाइऑक्साइड की कुछ मात्रा को कार्बामिनोहीमोग्लोबिन के रूप में ले जाता है।

**हीमोग्लोबिन का नॉर्मल लेवल**

बता दें कि हीमोग्लोबिन का लेवल ब्लड में ग्राम प्रति डेसीलीटर में मापा जाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति में हीमोग्लोबिन का नॉर्मल लेवल 12 से 20 द्द/स्रुरु के बीच होता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में हीमोग्लोबिन का लेवल थोड़ा ज्यादा होता है।

पुरुषों में नॉर्मल लेवल- 13.5 से 17.5 g/dL

महिलाओं में नॉर्मल लेवल- 12 से 15.5 g/dL

वहीं शरीर में हीमोग्लोबिन लेवल की कमी होने पर कई तरह की परेशानियां दिखने लगती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक जब शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल नॉर्मल से कम हो जाता है, तब इस कंडीशन को एनीमिया कहा जाता है। इसका मतलब है कि शरीर में पर्याप्त हेल्दी ब्लड सेल्स नहीं बन पा रहे हैं, जिसकी वजह से अंगों और टिश्यू तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है।

शरीर में हीमोग्लोबिन कम होने के लक्षण

हर समय थकान और कमजोरी महसूस होना।

खाने की इच्छे कम होना।

कई बार बर्फ, मिट्टी या स्टार्च खाने का मन होना।

बच्चों में मसल्स की ग्रोथ ठीक से नहीं होना।

पेट से जुड़ी समस्याएं होना।

मुंह कोनों से फटने लगता है।




जीभ में सूजन या फिर दर्द महसूस होना।

स्किन का रंग पीला पड़ना।

दिल की धड़कन तेज होना।

थोड़ी सी भी मेहनत करने पर भी सांस फूलना।

चक्कर आना या सिर घूमना।

स्किन और अंगों में बदलाव होना।

इम्यूनिटी कमजोर होना और बार-बार बीमार पड़ना।

नाखूनों का कमजोर होकर टूटना या फिर चम्मच के आकार का दिखना।

निचली पलक के अंदर का सफेद या हल्का गुलाबी दिखना।

**एनीमिया के मुख्य कारण**

हीमोग्लोबिन कम होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे डाइट में पर्याप्त आयरन युक्त भोजन न लेना।

एसिडिटी, दस्त जैसे पेट की या आंतों की सीलिएक रोग और एट्रोफिक गैस्ट्रिटिस जैसी कुछ समस्याएं होना।

वहीं कुछ दवाएं भी बॉडी में आयरन के अवशोषण को रोक सकती हैं।

पेट के कुछ हिस्से को हटाने से आयरन का अवशोषण रोक सकती हैं।

कई बार पुरानी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल गड़बड़ी की वजह से भी बॉडी आयरन का सही उपयोग नहीं कर पाता है।

पीरियड्स में हैवी ब्लीडिंग।

सर्जरी की वजह से या चोट लगने से ब्लड का बहना।

प्लाज्मा में मौजूद आयरन के भंडार के ज्यादा नष्ट होने पर भी शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो सकती है। खूनी बवासीर, ग्रासनली संबंधी वैरिकोज, पेट के अल्सर और परजीवी इंफेक्शन या किसी गंभीर बीमारी जैसे कैंसर की वजह से शरीर के अंदर से ब्लड का धीरे-धीरे रिसना।

पुरानी सूजन संबंधी बीमारियों की वजह से शरीर में आयरन का सही से उपयोग न हो पाना।

प्रेग्नेंट और ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं को बढ़ती ब्लड मात्रा और बच्चे के विकास के लिए भी आयरन की जरूरत होती है। जिसकी पूर्ति अक्सर डाइट से नहीं हो पाती है।

**ऐसे बढ़ाएं शरीर में हीमोग्लोबिन**

एनीमिया को दूर करने के लिए अपनी डाइट में आयरन से भरपूर फूड्स को बढ़ाएं। डाइट में उन चीजों को शामिल करें, जिनसे शरीर आयरन को आसानी से सोख लें।

एनिमल युक्त फूड्स जैसे किडनी, लिवर, फिश, मीट और चिकन आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। इनमें हीम आयरन होता है, जोकि आसानी से पच जाता है।

वहीं डाइट में बीन्स, नट्स, ड्राई फ्रूट्स, गहरे हरे पत्तेदार सब्जियां और आयरन फोर्टिफाइड साबुत अनाज जैसे प्लांट बेस चीजों को शामिल करें।

अमरूद, आंवला, नींबू और संतरा जैसे फलों में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाई जाती है। इसलिए डाइट में विटामिन सी से युक्त फूड्स को जरूर शामिल करें।

अगर आप खाने के साथ कॉफी या चाय आदि लेती हैं, तो ऐसा करने से बचना चाहिए।

# मानसून में बच्चों को Diarrhea से बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें?



इस मौसम में दस्त होने का मुख्य कारण अक्सर गलत खान-पान और रोटावायरस होता है। हालांकि, सही देखभाल से इस बीमारी से बचा जा सकता है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन करके आप अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं। मानसून आते ही बच्चों में बीमारियों का खतरा बढ जाता है, खासकर दस्त (डायरिया) की समस्या बहुत आम हो जाती है। यह माता-पिता के लिए चिंता का विषय बन जाता है। दरअसल, मानसून की बारिश से वातावरण में नमी बढ जाती है, जिससे बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं। ये कीटाणु बच्चों से लेकर बडों तक, सभी के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। इस मौसम में दस्त होने का मुख्य कारण अक्सर गलत खान-पान और रोटावायरस होता है। हालांकि, सही देखभाल से इस बीमारी से बचा जा सकता है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन करके आप अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं।

दस्त से बचाव और सही खान-पान, स्वास्थ्य मंत्रालय के जरूरी सुझाव

मानसून में दस्त से बचने और अगर हो जाए तो उससे उबरने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ खास और आसान सुझाव दिए हैं। इन्हें अपनाकर आप अपने और अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं-

विटामिन ए की खुराक- दस्त की गंभीरता को कम करने के लिए विटामिन ए की खुराक लेना फायदेमंद हो सकता है।

साफ पानी पिएं- हमेशा साफ और सुरक्षित पानी ही पिएं। यह बीमारियों से बचने का सबसे पहला कदम है।

हाथों की स्वच्छता- खाने से पहले और शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद, नियमित रूप से अपने हाथ धोएं। यह कीटाणुओं को फैलने से रोकता है।

संतुलित आहार- साल भर, खासकर मानसून के मौसम में, पौष्टिक और संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है। अपने आहार में ओआरएस (ORS) और नारियल पानी शामिल करें। इनमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं।

दस्त होने पर इन चीजों से करें परहेज, हेल्थलाइन की सलाह

अगर आपको दस्त हो गए हैं, तो कुछ खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए क्योंकि वे स्थिति को और खराब कर सकते हैं। हेल्थलाइन ने उन चीजों की एक सूची दी है जिनसे आपको परहेज करना चाहिए-

दूध और डेयरी उत्पाद- दूध और दूध से बनी चीजें (जैसे दूध वाले प्रोटीन ड्रिंक) न लें।

तले हुए और वसायुक्त खाद्य पदार्थ- ज्यादा तेल, चिकनाई और तले हुए खाने से बचें।

मसालेदार और प्रोसेस्ड फूड- बहुत ज्यादा मसालेदार खाना और प्रोसेस्ड फूड, खासकर जिनमें मिलावट हो, उनसे दूर रहें।

कुछ मांसाहारी भोजन- सुअर का मांस पोर्क और बछडे का मांस वील, साथ ही सारडिन मछली का सेवन न करें।

कुछ सब्जियां और फल- कच्ची सब्जियां, प्याज, मक्का और सभी खट्टे फल जैसे संतरा, नींबू न खाएं। अनानास, चेरी, बीज वाले जामुन, अंजीर, किशमिश और अंगूर जैसे फलों से भी परहेज करें।

शराब और कैफीन वाले पेय- शराब, कॉफी, सोडा और कोई भी कैफीनयुक्त या कार्बोनेटेड गैस वाले पेय न पिएं।

# सेहतमंद रहने के लिए इन चीजों का न करें सेवन



बारिश के मौसम में कुछ चीजों को खाने से संक्रमण, फूड पॉइजनिंग या अन्य पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको उन चार चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको खाने से परहेज करना चाहिए।

मानसून का मौसम हमें गर्मी से भले ही राहत देता है। लेकिन यह मौसम अपने साथ कई सेहत संबंधी चुनौतियां भी लाता है। इस दौरान बढ़ती नमी की वजह से हवा में बैक्टीरिया और फंगस पनपने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है। इसका सीधा असर हमारे पाचन तंत्र और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ती है। इसी वजह से इस मौसम में कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं, जिनको हम हेल्दी मानते हैं, लेकिन यह हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। इन चीजों को खाने से संक्रमण, फूड पॉइजनिंग या अन्य पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन चार चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको खाने से परहेज करना चाहिए।

**मशरूम**

मशरूम में प्रोटीन और विटामिन्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि मानसून में इसको खाने से बचना चाहिए। क्योंकि नमी की वजह से मशरूम पर फंगस और बैक्टीकिया आसानी से पनपते हैं। खासकर यदि सही तरीके से साफ न किए जाएं। ऐसे में दूषित मशरूम खाने से उल्टी, पेट दर्द और फूड पॉइजनिंग आदि हो सकती है। इसलिए बारिश के मौसम में खाने से परहेज करना चाहिए।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**

पालक, मेथी और सरसों जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पायी जाती है। बारिश के मौसम में इनको खाने से बचना चाहिए। क्योंकि नमी की वजह से सब्जियों पर बैक्टीरिया, कीड़े और कीटनाशक जमा हो जाते हैं। जोकि अच्छे से धोने के बाद भी रह सकते हैं। इन चीजों का सेवन करने से पेट में संक्रमण, जी मचलना या फिर दस्त आदि की समस्या हो सकती है।

**सीफूड्स**

बारिश के मौसम में सीफूड्, जैसे झींगा, मछली और केकड़े आदि जोखिम भरे हो सकते हैं। वहीं इस मौसम में समुद्री जीवों में टॉक्सिन्स और बैक्टीरिया की मात्रा बढ़ जाती है और यह पेट के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। अगर आप तटीय क्षेत्रों में रहते हैं, तो ताजा सीफूड्स चुनना चाहिए और उसको अच्छे से पकाकर खाएं।

**स्ट्रीट फूड**

मानसून में स्ट्रीट फूड्स जैसे चाट, पकौड़े और गोलगप्पे आदि खाना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकते हैं। सड़क किनारे बिकने वाले यह खाद्य पदार्थ अक्सर दूषित पानी, अनहाइजेनिक तरीके और गंदे बर्तनों में बनते हैं। इससे टाइफॉइड, पीलिया और डायरिया आदि का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए घर पर बने ताजे और गर्म खाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# हार्ट अटैक आने से पहले शरीर में दिखने वाले इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

आमतौर पर हार्ट अटैक का नाम सुनते ही जो लक्षण सबसे पहले हमारे दिमाग में आता है, वह सीने में दर्द होना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षण इससे कहीं अधिक जटिल हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान करना बेहद जरूरी होता है।

दुनियाभर में हार्ट अटैक मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। हाल के कुछ सालों में हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। साल 2023 में हार्ट सहित हृदय रोग के मामले भारत में मृत्यु के प्रमुख कारण रहे हैं। जो सभी मौतों का करीब 30% हिस्सा था। कम उम्र के लोगों यहां तक कि 30 से कम आयु वालों में भी न सिर्फ हार्ट अटैक के मामले सामने आए हैं। बल्कि इसकी वजह मौतों में भी वृद्धि देखी गई है।

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक हृदय की समस्याओं पर लगातार और गंभीरता से ध्यान देना बहुत जरूरी है। आजकल का जीवन काफी व्यस्त और तनावपूर्ण हो चुका है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। लाइफस्टाइल और खानपान में गड़बड़ी को हृदय रोगों



का मुख्य कारण माना जाता है। जिस पर कम उम्र से ही ध्यान देना जरूरी होता है। आमतौर पर हार्ट अटैक का नाम सुनते ही जो लक्षण सबसे पहले हमारे दिमाग में आता है, वह सीने में दर्द होना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हार्ट अटैक के लक्षण इससे कहीं अधिक जटिल हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान करना बेहद जरूरी होता है।

**हार्ट अटैक के सामान्य लक्षण**

हार्ट अटैक होने पर सीने में दर्द होना सबसे प्रमुख माना जाता है। ऐसा आपने फिल्मों में भी देखा होगा। यह दर्द अचानक से शुरू होता है, यह कंधे, पीठ, जबड़ा या गर्दन में भी फैल सकता है। लेकिन सिर्फ यह लक्षण हार्ट अटैक के संकेत नहीं होते हैं।

सीने में तीव्र दर्द, भारीपन या फिर दबाव महसूस होने के अलावा हार्ट अटैक में कई सारी और भी समस्याएं हो सकती हैं।

**शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द और सांस लेने में परेशानी**

हार्ट अटैक के दौरान सीने में दर्द होने के साथ ही अन्य हिस्सों में भी फैल जाता है। ऐसे लक्षण विशेष रूप से महिलाओं में अधिक सामान्य है।

हालांकि यह समझना जरूरी है कि हार्ट अटैक के समय दिल का ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इससे बॉडी में ऑक्सीजन में कमी होने लगती है, ऐसे में व्यक्ति को सांस लेने परेशानी महसूस हो सकती है। यह लक्षण सीने में दर्द के साथ बिना दर्द के भी हो सकते हैं। अगर आपको यह दिक्कतें महसूस हो रही हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए।

**ठंडे पसीने का आना या मतली और उल्टी**

हार्ट अटैक के दौरान शरीर में तनाव और रक्तचाप में बदलाव की वजह से व्यक्ति को ठंडा पसीना आने की समस्या हो सकती है। यह लक्षण अचानक और बहुत तेज हो सकते हैं। कई बार हार्ट अटैक के दौरान व्यक्ति को पेट में मतली, असहजता और उल्टी का भी अनुभव हो सकता है।

इसको सिर्फ पाचन की समस्या समझने की भूल न करें। क्योंकि यह हार्ट अटैक का भी संकेत हो सकता है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है।

# शरीर में होने वाले यह छोटे-छोटे बदलाव हो सकते हैं स्किन कैंसर का संकेत

अगर पहले से मौजूद मस्से, तिल या निशान के आकार, बनावट और रंग में बदलाव हो रहा है, तो भी आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्किन कैंसर के लक्षणों और इसके रिस्क फैक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

स्किन कैंसर दुनिया के सबसे कॉमन कैंसर है। लेकिन इसके बाद भी लोग इसको शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। अमेरिका में हर साल करीब 54 लाख लोगों को स्किन कैंसर डाइग्नोज होता है। स्किन पर मस्सा या रैशेज जैसे कई संकेत हो सकते हैं, जोकि इस गंभीर बीमारी की तरफ इशारा करते हैं। ऐसे में अगर इनको संकेत रहते पहचान लिया जाए, तो इलाज ज्यादा असरदार हो सकता है। साथ ही मरीज भी पूरी तरह से ठीक हो सकता है।

वहीं अल्ट्रावायलेट किरणों से स्किन की कोशिकाओं के बढ़ने के तरीके में होने वाले बदलाव से भी स्किन कैंसर हो सकता है। स्किन कैंसर के शुरूआती लक्षणों में स्किन पर नया उभार या दाग दिखाई दे सकता है। वहीं अगर पहले से मौजूद मस्से, तिल या निशान के आकार, बनावट और रंग में बदलाव हो रहा है, तो भी आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्किन कैंसर के लक्षणों और इसके रिस्क फैक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

**स्किन कैंसर क्या है**

स्किन कैंसर में स्किन की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं। पुरानी कोशिकाएं आमतौर पर मर जाती हैं और उनकी जगह नई कोशिकाएं बनती हैं। लेकिन अगर यह प्रोसेस गड़बड़ा जाता है, तो कोशिकाएं जरूरत से ज्यादा और गलत तरीके से बढ़ने लगती हैं। कुछ कोशिकाएं नॉन कैंसरस होती हैं। जोकि शरीर में नहीं फैलती हैं और ज्यादा नुकसान नहीं करती हैं। यही कैंसर वाली कोशिकाएं तेजी से फैलती हैं और शरीर के दूसरे हिस्सों को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं।

**स्किन कैंसर के लक्षण**

स्किन पर नया मस्सा, घाव, उभार या गहरे रंग का दाग होना।

यदि मस्से या दाग का आकार एक समान नहीं है।




मस्से या निशान के किनारे कटे-फटे या अनियमित हैं।

एक ही मस्से में कई रंग होना।

निशान का रंग गुलाबी, सफेद, नीला, काला या लाल है।

अगर मस्से या दाग की चौड़ाई 6 मिलीमीटर से अधिक है।

कोई घाव या दाग, जो बार-बार ठीक होने के बाद हो जाता है।

दाग या फिर मस्से के रंग, आकार या लक्षण अक्सर बदल रहा है।

**इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज**

लगातार खुजली या जलन होना

अगर स्किन पर बार-बार हल्की जलन या फिर खुजली हो रही है। जबकि आमतौर पर उन हिस्सों में जहां ऐसा नहीं होता है, तो यह स्किन कैंसर का संकेत हो सकता है। बेसल सेल कार्सिनोमा जोकि कॉमन स्किन कैंसर है। यह एक मोती, चमकदार जैसे दाने या फिर न भरने वाला निशान होता है।

**नाखूनों में बदलाव होना**

यदि नाखून के नीचे भूरे या काले रंग की धारियां दिख रही हैं, तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह सबएंगुअल मेलानोमा यानी रेयर, लेकिन गंभीर स्किन कैंसर का संकेत हो सकता है। पैर के नाखून या उंगली में एक पट्टी जैसी लाइन के रूप में दिखता है और नाखून को जड़ से अलग कर सकता है।

**स्किन का रंग बदलना**

अगर स्किन पर अचानक से लाल भूरे या बैंगनी रंग के पैच दिखते हैं, तो यह नॉर्मल रैश नहीं है, बल्कि कैंसर का लक्षण हो सकता है। रेयर स्किन कैंसर कपोसी सारकोमा ऐसा ही दिखता है। साथ ही यह कमजोर इम्यून सिस्टम की वजह से होता है।

**सूखे, खुरदरे या पपड़ीनुमा पैच होना**

अगर स्किन पर बार-बार पपड़ीनुमा या सूखे पैच बनते हैं और यह मॉइस्चराजर या क्रीम से भी नहीं ठीक होते हैं। तो यह एक्टिनिक कैरेटोसिस नाम की प्री-कैंसर कंडीशन हो सकता है। जोकि बाद में स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा में बदल सकती है।

**पुराने मस्से में बदलाव होना**

अगर आपके किसी पुरानी मस्से का आकार या रंग बदलने लगे और उसमें खून, खुजली या पपड़ी बनने लगे, तो इसको भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह मेलानोमा का संकेत हो सकता है। ऐसे मस्सों की नियमित जांच होना बेहद जरूरी होता है।

**घाव या अल्सर न भरना**

अगर त्वचा पर कोई घाव या अल्सर है, जोकि कई सप्ताह से ठीक नहीं हो रहा है या फिर ठीक होकर बार-बार फिर से खुल रहा है। तो यह भी खतरे की घंटी हो सकती है।

**नई गांठ या उभार**

30 साल के बाद त्वचा पर उभार या मस्सा बनना जो खासकर भूरे या गुलाबी रंग का हो या फिर कोई नई गांठ हो तो यह भी स्किन कैंसर का संकेत हो सकता है। बता दें कि यह गांठें कई बार पुराने घाव या मस्से जैसी लग सकती हैं।

**घाव न भरना**

अगर कोई मामूली कट या स्क्रैच ठीक नहीं हो रहा या फिर ठीक होने के बाद फिर से घाव भर जाता है, तो यह बेसल सेल कार्सिनोमा का लक्षण हो सकता है। आमतौर पर यह गर्दन, चेहरे, हाथ, पैर, कान या छाती जैसी धूप में खुली जगहों पर होता है।

# ब्रेस्ट को शेप में लाने के लिए रोजाना करें ये 3 योगासन



अगर आप भी अपने ब्रेस्ट को नेचुरली मजबूत और सुडौल बनाना चाहती हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं। जो सीने की मसल्स को मजबूत बनाने और ब्रेस्ट को सुडौल दिखाने में सहायता कर सकते हैं।

क्या आप भी अपनी शारीरिक बनावट खासकर ब्रेस्ट की शेप को लेकर परेशान रहती हैं। तो बता दें कि आप अपने चेस्ट की मसल्स को मजबूत करके ब्रेस्ट की दिखावट को टाइट और सुडौल बना सकती हैं। ब्रेस्ट मुख्य रूप से ग्लैंड्स, फैटी टिश्यूज और डक्ट्स से बने होते हैं। इसके नीचे पेक्टोरल मसल्स होती हैं। लेकिन प्रेग्नेंसी, वेट लॉस और बढ़ती उम्र के कारण ब्रेस्ट में ढीलापन आ जाता है। ऐसे में आप वेट ट्रेनिंग और योगासन से इन्हें मजबूत किया जा सकता है। जब यह मसल्स मजबूत होती हैं, तो यह ब्रेस्ट को सहारा देती हैं। जिससे कि वह ज्यादा टाइट और सुडौल दिखते हैं।

ऐसे में अगर आप भी अपने ब्रेस्ट को नेचुरली मजबूत और सुडौल बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 3 योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं। जो सीने की मसल्स को मजबूत बनाने और ब्रेस्ट को सुडौ दिखाने में सहायता कर सकते हैं।

**रिवर्स वॉरियर**

इसको वीरभद्रासन के नाम से भी जाना जाता है। यह आसन पैरों और कोर को मजबूत करने के साथ ही चेस्ट को खोलने और शरीर के साइड स्ट्रेच करने में भी सहायता करता है। इसको करने से चेस्ट की मसल्स में स्ट्रेच आता है और वह मजबूत होती हैं।

**ऐसे करें रिवर्स वॉरियर**

वॉरियर II से शुरुआत करें, इसमें एक पैर आगे की ओर मुड़ा होना चाहिए और दूसरा पीछे सीधा होना चाहिए।

अब पीछे वाले पैर की तरफ झुकें और उसी हाथ को नीचे पैर पर रखें।

अब आगे वाले हाथ को ऊपर की तरफ उठाएं और हथेलियों को भी ऊपर की तरफ रखें।

फिर अपने चेस्ट को ऊपर की तरफ खोलें।

इसके बाद गर्दन को थोड़ा पीछे मोड़कर ऊपर देखें।

इस पोजिशन में कुछ सांसों तक रुकें और फिर आसन को दूसरी तरफ से दोहराएं।

**साइड एंगल पोज**

इस आसन को पार्श्वकोणासन के नाम से भी जाना जाता है। इसको करने से पैर, कोर और हिप्स की मसल्स मजबूत होती हैं। साथ ही यह चेस्ट और कंधों को भी खोलता है। जिससे पेक्टोरल मसल्स में स्ट्रेच और मजबूती आती है।

**ऐसे करें साइड एंगल पोज**

इसकी शुरूआत आपको वॉरियर द्ध्द्ध से करनी है।

अब आगे वाले घुटने को मोड़ते हुए आगे वाली कोहनी को उस घुटने पर रखें।

इसके बाद पीछे वाले हाथ को सिर के ऊपर फैलाते हुए आगे की तरफ ले जाएं। जिससे शरीर की एक सीधी रेखा बनें।

अब अपनी चेस्ट को ऊपर की ओर खोलें और इस दौरान ऊपर की तरफ देखें।

इस आसन में थोड़ी देर रुका है और फिर दूसरी तरफ से दोहराएं

**डायनामिक ट्रायंगल पोज**

डायनामिक ट्रायंगल पोज को आपको मूवमेंट के साथ करना होता है। इसलिए इसको डायनामिक ट्रायंगल पोज कहा जाता है। वहीं इसको गतिशील त्रिकोणासन के नाम से भी जानते हैं। यह न सिर्फ शरीर के लचीलेपन को बढ़ाता है, बल्कि सीने की मसल्स को टाइट और ढीला करने का भी मौका देता है।

**ऐसे करें डायनामिक ट्रायंगल पोज**

इस आसन को करने के लिए सीधी खड़ी हो जाएं और फिर पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा अधिक फैलाएं।

अब दाएं पैर को आगे की तरफ घुमाएं और बाएं पैर को थोड़ा पीछे की तरफ फैलाएं।

सांस लेते हुए बाएं हाथ को नीचे रखें और दाएं हाथ को कंधों के लेवल पर सामने की तरफ फैलाएं।

# नमक ही नहीं शरीर में पोटैशियम की कमी भी हो सकती है हाई बीपी की वजह

ब्लड प्रेशर कंट्रोल इसलिए नहीं होता है, क्योंकि हमारी थाली में सिर्फ नमक ज्यादा नहीं है, बल्कि पोटैशियम बहुत कम है। इस कारण ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की जो कहानी है, वह अधूरी रह जाती है। हालांकि इसको करना मुश्किल नहीं है। जैसे ही लोग 40 की उम्र पार करते हैं, वैसे ही अधिकतर लोग अपनी थाली से नमक कम कर देते हैं। साथ ही अचार, पापड़ और चिप्स जैसी चीजों से दूरी बना लेते हैं। लेकिन इसके बाद भी उनका ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं होता है। क्योंकि हमारी थाली में सिर्फ नमक ज्यादा नहीं है, बल्कि पोटैशियम बहुत कम है। इस कारण ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की जो कहानी है, वह अधूरी रह जाती है। हालांकि इसको करना मुश्किल नहीं है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पोटैशियम की सही डोज क्या है और



इसको किस तरह से डाइट में शामिल करना चाहिए।

**पोटैशियम की सही डोज**

पोटैशियम न सिर्फ एक्स्ट्रा नमक को यूरिन के रास्ते बाहर निकालता है। लेकिन यह आर्टरी की मांसपेशियों को भी शांत करता है। रिसर्च के मुताबिक अगर डेली पोटैशियम 3.5 ग्राम से ज्यादा हो जाए, तो सिस्टोलिक बीपी में 4-6 द्द्वद्द तक की गिरावट आ सकती है। यह उतना ही होता है, जितना शुरूआती बीपी दवाओं से होता है।

**स्मार्ट बनाएं सुबह की शुरुआत**

रोजाना सुबह 200ml नारियल पानी या फिर 1 केला का सेवन करें। इन दोनों में ही 400mg पोटैशियम होता है।

नाश्ते में आप अंकुरित मूंग चाट खा सकते हैं। इसमें करीब 650mg पोटैशियम और सिर्फ 400mg सोडियम होता है।

वहीं दोपहर के खाने में आप ऐसी सब्जियों को शामिल करें, जोकि पोटैशियम से भरपूर हों।

शाम को स्नैक्स में आप चिप्स, पापड़ या भुजिया की जगह एक मुट्ठी बिना नमक वाली मूंगफली या उबले चने खा सकते हैं।

रात के खाने में आप कच्चा केला या तुरई की सब्जी और अंकुरित मूंग खा सकते हैं। इसमें 600-700mg पोटैशियम होता है।

# महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना जरूरी



**नई दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है। समाज में महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं और रुढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सभी योग्यताएं प्राप्त हैं। उन्होंने कहा- महिलाओं की स्वतंत्रता से पूरा समाज लाभान्वित होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है और उन्हें पुरानी व पिछड़ी सोच वाली परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। वे महाराष्ट्र के सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मोहन भागवत ने कहा, महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। मोहन भागवत ने कहा, ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है।

# प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स को मेघालय की कोर्ट से मिली जमानत, घर से मिले थे अहम सबूत

**लापता**

**इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी 23 मई को अपनी पत्नी सोनम के साथ मेघालय में हनीमून पर गए थे, जहां से वह लापता हो गए।**



**शिलांग।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स को मेघालय की एक कोर्ट से जमानत मिल गई है। मेघालय पुलिस की एसआईटी को जांच के दौरान उनके घर से अहम सबूत मिले थे। इनमें राजा की सोने की चेन भी शामिल थी। मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले की एक कोर्ट ने शुक्रवार को प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स को जमानत दी। उन्हें इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उनकी जमानत की याचिका पर सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई।

सोहरा अनुमंडल के प्रभारी न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) डीकेके मिशिल ने सिलोम जेम्स को जमानत दी। जेम्स की ओर से पेश वकील देवेश शर्मा ने यह जानकारी दी। सिलोम जेम्स इंदौर के रहने वाले हैं और प्रॉपर्टी डीलर के रूप में काम करते हैं। मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में स्थित सिलोम जेम्स के घर पर छापेमारी के दौरान अहम सबूत बरामद किए थे। इनमें राजा रघुवंशी की लापता सोने की चेन भी शामिल थी। सिलोम जेम्स के अलावा दो अन्य आरोपी लोकेंद्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवा को भी मेघालय पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इन पर न्याय में बाधा डालने और इंदौर के उस फ्लैट में सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप है, जहां राजा रघुवंशी की हत्या के बाद सोनम और उसका प्रेमी राज कुशवाहा रुके थे। लोकेंद्र तोमर और बलबीर अहिरवा को कोर्ट पहले ही 13 जुलाई को जमानत दे चुकी है। इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी 23 मई को अपनी पत्नी सोनम के साथ मेघालय में हनीमून पर गए थे, जहां से वह लापता हो गए। दो जून को उनका क्षत-विक्षत शव पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके की एक गहरी खाई में मिला। राजा रघुवंशी ने सोनम से 11 मई को शादी की थी। सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाहा पर आरोप है कि उन्होंने राजा की हत्या की साजिश रची और इसके लिए आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी को सुपारी दी। सोनम, राज कुशवाहा और तीनों गिरफ्तार अन्य आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# पडलकर और आव्हाड ने विधान भवन में समर्थकों की झड़प पर जताया खेद

**मुंबई।** इससे पहले जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। बीते दिन विधान भवन में भाजपा और राकांपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद जितेंद्र आव्हाड और उनके कार्यकर्ताओं ने शाम को पुलिस वाहन के आगे बैठकर कामकाज में बाधा डाली। मुंबई पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विधान भवन में हुई हाथापाई की घटना को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सख्ती से नए निर्देश देते हुए कहा कि सत्र के दौरान केवल विधायकों, उनके सहयोगियों और सरकारी अधिकारियों को ही अनुमति दी जाएगी। इस बीच भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और राकांपा (सपा) विधायक आव्हाड ने विधान भवन में अपने समर्थकों के बीच हुई मारपीट पर विधानसभा में खेद व्यक्त किया। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानमंडल के सत्र के दौरान विधान भवन में आगंतुकों का प्रवेश वर्जित रहेगा। केवल मंत्रियों, विधायकों, उनके आधिकारिक तौर पर नियुक्त निजी सचिवों और सरकारी अधिकारियों को ही अंदर जाने की अनुमति होगी। उन्होंने राज्य विधानमंडल के निचले सदन में यह घोषणा राकांपा (शरद गुट) विधायक जितेंद्र आव्हाड और भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर के समर्थकों के विधान भवन में मारपीट के एक दिन बाद की। इससे एक दिन पहले दोनों विधायकों के बीच तीखी बहस हुई थी। अध्यक्ष नार्वेकर ने कहा कि विधानमंडल आचार समिति के गठन पर एक सप्ताह में फैसला लिया जाएगा। सत्र के दौरान मंत्रियों को विधानमंडल परिसर में आधिकारिक बैठकें करने और आगंतुकों से मिलने की अनुमति नहीं होगी। संबंधित विधायकों को उनके साथ आए व्यक्तियों के आचरण के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक जितेंद्र अव्हाड और गोपीचंद पडलकर के सहयोगी नितिन देशमुख और सरजेराव टाकले को सदन के विशेषाधिकार हनन का सामना करना पड़ेगा। दोनों गुरुवार की हाथापाई में शामिल थे। उन्हें राज्य विधानमंडल के सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया था।

# जवानों ने अमृतसर बॉर्डर पर एक ही रात में मार गिराए छह पाकिस्तानी नार्को ड्रोन

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के सतर्क जवानों ने गुरुवार की रात एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए, अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में कई घटनाओं में 6 पाकिस्तानी नार्को ड्रोन मार गिराए। सर्च के दौरान खेतों में पड़े हेरोइन के 4 पैकेट भी बरामद किए गए हैं। बीएसएफ के मुताबिक, 17 जुलाई की रात को ड्यूटी पर तैनात सतर्क जवानों ने अमृतसर सीमा पर लगातार ड्रोन घुसपैठ को रोका। जवानों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, सीमा पर तैनात तकनीकी प्रतिरोधक उपायों को सक्रिय किया। इनकी मदद से पाकिस्तान की ओर से आने वाले हर नार्को ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया गया। इसके बाद बीएसएफ द्वारा की गई तलाशी में पुलमोरन गांव के पास खेतों से 4 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन के 3 पैकेट (कुल वजन-1.744 किलोग्राम) बरामद किए गए।

# गंभीर बीमार कैदियों की रिहाई के लिए समान नियम बनाएं सभी राज्य, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा कि उन्हें गंभीर रूप से बीमार कैदियों के लिए समान नियम बनाने चाहिए। कोर्ट ने नालसा की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। नालसा ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों की रिहाई की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जेल नियम हर राज्य के लिए अलग-अलग होते हैं, लेकिन गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई को लेकर सभी राज्यों को समान नियम बनाने चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखा, जिसमें गंभीर रूप से बीमार या 70 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों की रिहाई की मांग की गई थी। केंद्र सरकार ने बताया कि इस विषय पर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है और इसे रिकॉर्ड पर रखा गया है। हालांकि, बेंच ने कहा, आखिरकार जेल नियम राज्यों पर ही लागू होते हैं। सभी राज्यों को एक समान जेल नियम बनाने होंगे, जिसमें गंभीर बीमारियों से पीड़ित कैदियों की रिहाई का प्रावधान हो। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सरकार गंभीर रूप से बीमार कैदियों को लेकर चिंतित है और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को एसओपी के तहत ऐसे कैदियों की उचित देखभाल और प्रबंधन के लिए कदम उठाने की सलाह दी गई है। सरकार ने यह भी कहा कि राज्य या केंद्र शासित प्रदेश सामान्य माफी (जनरल एमनेस्टी) के तहत भी ऐसे कैदियों की रिहाई पर विचार कर सकते हैं।

**सजा**

**बेंच ने उन कैदियों पर भी विचार किया जिन्हें उम्रकैद की सजा दी गई है, जिसमें सजा उनकी प्राकृतिक मृत्यु तक चलती है।**

बेंच ने इस बात पर चिंता जताई कि इस व्यवस्था का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि यह तय करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश हों कि कौन-कौन से कैदी इस रिहाई के पात्र होंगे। नालसा की ओर से पेश वकील ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई एसओपी में यह स्पष्ट किया गया है कि कौन से कैदी गंभीर रूप से बीमार की श्रेणी में आएंगे और जेल के मेडिकल अधिकारी से इसका प्रमाण पत्र लिया जाएगा। इस पर बेंच ने टिप्पणी की, पहचान करना अलग बात है, लेकिन सत्यापित करने में ही असली मुश्किल है। इस व्यवस्था के दुरुपयोग की काफी संभावना है। भाटी ने बताया कि केंद्र की एसओपी में एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की बात कही गई है जो ऐसे मामलों की जांच करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि एक कैदी 1985 से अस्थमा से पीड़ित है। नालसा की ओर से यह भी बताया गया कि केरल में एक 94 वर्षीय कैदी है जो अब तक जेल में है। बेंच ने उन कैदियों पर भी विचार किया जिन्हें उम्रकैद की सजा दी गई है, जिसमें सजा उनकी प्राकृतिक मृत्यु तक चलती है। जस्टिस मेहता ने कहा, जयपुर केंद्रीय कारागार में कई कैदी हैं, जिन्हें बम विस्फोट के मामलों में सजा हुई है... उनमें से एक डॉक्टर था, जिनकी कुछ महीने पहले मृत्यु हो गई। वह 104 साल के थे। उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने बताया कि राज्य की 2018 की नीति में गंभीर रूप से बीमार कैदियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की व्यवस्था है। शीर्ष कोर्ट ने पांच मई को केंद्र और बिहार, उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों से इस याचिका पर जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया कि इन बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार कैदियों को विशेष देखभाल की जरूरत है, लेकिन जेलों में अधिक भीड़ के कारण जेल प्रशासन ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं है। नालसा ने बताया कि ये कैदी बिहार, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित कई राज्यों की जेलों में बंद हैं।

# लोकसभा में जस्टिस शेखर यादव का मुद्दा जोर-शोर से उठाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली।**आगामी मानसून सत्र में विपक्ष जस्टिस शेखर यादव के मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस बाबत अपनी रणनीति बताई है। उन्होंने कहा कि सरकार अकेले महाभियोग नहीं चला सकती। इसके लिए लोकसभा में 100 सांसद और राज्यसभा में 50 सांसदों की जरूरत होती है। हम (कांग्रेस) इस मामले पर प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद लोकसभा में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ लाए जाने वाले प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल होंगे। संविधान के अनुसार उच्च न्यायापालिका के किसी न्यायाधीश को सेवा से तभी हटाया जा सकता है जब संसद के दोनों सदनों द्वारा प्रस्ताव को वर्तमान सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से मंजूरी दे दी जाए। इसके बाद राष्ट्रपति को इसे मंजूरी देनी होती है। राज्यसभा में ऐसा प्रस्ताव तभी लाया जा सकता है जब बीते वर्ष 8 दिसंबर को जस्टिस शेखर कुमार यादव विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की कानूनी शाखा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। आरोप है कि न्यायमूर्ति शेखर ने इसी कार्यक्रम में बहुसंख्यक समुदाय के पक्ष में टिप्पणी की। इसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदुस्तान बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार काम करेगा और सुझाव दिया कि कानून बहुसंख्यकों के हितों के अनुरूप हो। न्यायाधीश ने मुस्लिम समुदाय के भीतर की प्रथाओं की भी आलोचना की, जिसमें बहुविवाह, हलाला और तीन तलाक का संदर्भ दिया गया और इनकी तुलना हिंदू परंपराओं से की गई। इन टिप्पणियों में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

# ट्रंप नहीं जाएंगे पाकिस्तान: व्हाइट हाउस ने खोली पाकिस्तानी मीडिया की पोल

**सूत्रों**

**पाकिस्तानी मीडिया में दिनभर सूत्रों के हवाले से यह खबर चलती रही कि ट्रंप सितंबर में पाकिस्तान का दौरा कर सकते**



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान दौरे को लेकर पाकिस्तानी मीडिया के दावों को व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को सिरे से खारिज कर दिया। जिसके बाद पाकिस्तान का झूठ एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है। व्हाइट हाउस ने ट्रंप की यात्रा योजना को लेकर साफ कहा कि फिलहाल राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा की कोई योजना नहीं है। बता दें कि जॉर्ज डब्ल्यू बुश 2006 में पाकिस्तान का दौरा करने वाले अंतिम अमेरिकी राष्ट्रपति थे। पाकिस्तानी मीडिया में दिनभर सूत्रों के हवाले से यह खबर चलती रही कि ट्रंप सितंबर में पाकिस्तान का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया था कि ट्रंप सितंबर में इस्लामाबाद जाएंगे। इतना ही नहीं यह भी कहा गया था कि पाकिस्तान के बाद वे भारत भी जाएंगे। हालांकि, बाद में कई पाकिस्तानी न्यूज चैनलों ने अपनी रिपोर्ट्स वापस ले लीं। वहीं, पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने इन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 25 से 29 जुलाई के बीच स्कॉटलैंड का दौरा करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ट्रंप इस दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लेविट ने बताया कि ट्रंप स्कॉटलैंड के टरनबेरी और एबरडीन भी जाएंगे। वहां वे स्टार्मर से मिलकर यूएस-यूके के बीच नए व्यापार समझौते को और मजबूत करने की बात करेंगे। यह व्यापार समझौता 30 जून को लागू हुआ था, जिसके तहत ब्रिटेन के ऑटोमोबाइल और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए अमेरिकी निर्यात शुल्क में कटौती की गई है। इससे ब्रिटिश कार निर्माता अब कम टैक्स दर (10त्न) पर अमेरिका में अपने वाहन बेच सकेंगे, जिससे सालाना करोड़ों डॉलर की बचत होगी और लाखों नौकरियां बनी रहेंगी।

# ब्रिटेन में मतदान की आयु अब 16 वर्ष, लेबर पार्टी सरकार ने न्यूनतम आयु दो साल घटाई

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन में मतदान करने की आयु अब 16 वर्ष होगी। लेबर पार्टी की सरकार ने न्यूनतम उम्र दो साल घटाने का फैसला लिया है। 1969 में 21 से घटाकर मतदान की आयु 18 वर्ष की गई थी। 16 साल में वोटिंग के नियम स्कॉटलैंड, वेल्स समेत कई देशों में पहले से लागू हैं। जानिए इस फैसले का मकसद ब्रिटेन में अब 16 वर्ष के किशोर भी मतदान कर सकेंगे। सरकार ने मतदान करने की न्यूनतम आयु 18 से घटाकर 16 वर्ष करने की घोषणा की है। सरकार ने अगले राष्ट्रीय चुनाव से पहले यह निर्णय लिया है, ताकि लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाई जा सके। केंद्र-वाम लेबर पार्टी ने जुलाई 2024 में निर्वाचित होने से पहले ब्रिटेन की संसद के चुनावों के लिए मतदान की आयु कम करने का संकल्प लिया था। स्कॉटलैंड और वेल्स पहले से ही स्थानीय और क्षेत्रीय चुनावों में 16 और 17 वर्ष के बच्चों को वोट देने की अनुमति देते हैं।

**चुनाव**

**सरकार ने अगले राष्ट्रीय चुनाव से पहले यह निर्णय लिया है, ताकि लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाई जा सके।**

ब्रिटेन उन देशों की छोटी सूची में शामिल होगा, जहां मतदान की आयु 16 वर्ष है। जैसे-इक्वाडोर, ऑस्ट्रिया और ब्राजील। यह कदम व्यापक सुधारों के साथ उठाया गया है, जिसमें राजनीतिक दलों को दान देने से संदिग्ध स्वामित्व वाली शेल कंपनियों को रोकने के लिए अभियान वित्त पोषण नियमों को कड़ा करना शामिल है। लोकतंत्र मंत्री रुशनारा अली ने कहा कि यह बदलाव ब्रिटिश राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ सुरक्षा उपायों को मजबूत करेगा। पिछली कंजर्वेटिव सरकार ने 2022 में मतदाताओं के लिए फोटो पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य कर दिया था और कहा था कि इससे धोखाधड़ी पर लगाम लगेगी। आलोचकों का तर्क था कि इससे लाखों मतदाता, खासकर युवा, गरीब और जातीय अल्पसंख्यक, मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। चुनाव निगरानी संस्था, चुनाव आयोग ने अनुमान लगाया है कि पिछले साल के चुनाव में 7.5 लाख लोगों ने पहचान पत्र नहीं होने के कारण मतदान नहीं किया था। 2024 के चुनाव में मतदान 59.7 प्रतिशत रहा, जो दो दशकों से भी अधिक समय में सबसे कम है। वामपंथी विचारधारा वाले थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च के प्रमुख हैरी क्विल्टर-पिनर ने कहा कि ये बदलाव 1969 के बाद से हमारी चुनावी प्रणाली में सबसे बड़ा सुधार हैं। तब मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी। इन बदलावों को संसद द्वारा अनुमोदित किया जाना जरूरी है। उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने कहा, अगला राष्ट्रीय चुनाव 2029 तक होना चाहिए। बहुत लंबे समय से हमारे लोकतंत्र में जनता का विश्वास कम होता रहा है और हमारी संस्थाओं में विश्वास कम होता रहा है। हम भागीदारी में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके।



# भारतीय मूल के व्यवसायी पर अमेरिका में वीजा धोखाधड़ी का आरोप




**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यवसायी पर वीजा धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इसके अलावा, तीन पुलिस प्रमुखों सहित चार अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर भी लुइसियाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, कैलिफोर्निया के ओकडेल निवासी चंद्रकांत पटेल, चाड डॉयल, ग्लिन डिक्सन, टेबो ओनिशिया और सिटी मार्शल माइकल स्लेनी पर बुधवार को ला-फेयेट में अभियोग लगाया गया। उन पर अमेरिकी सरकार के यू वीजा कार्यक्रम के तहत अप्रवासियों के वीजा दावों का समर्थन करने के लिए झूठी अपराध रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाया गया था। दस्तावेजों के मुताबिक, अप्रवासियों ने भारतीय मूल के व्यवसायी चंद्रकांत पटेल से संपर्क किया ताकि पुलिस रिपोर्ट में उनका नाम पीड़ितों के रूप में दर्ज किया जा सके। ताकि वे यू वीजा के लिए आवेदन कर सकें। उन्होंने खुद को डकैती का पीड़ित बताने के लिए उसे कहा था। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की वेबसाइट पर यू-वीजा के बारे में जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, यू वीजा उन अप्रवासियों के लिए तय किया गया है जो अपराध पीड़ित हों जिन्होंने मानसिक या शारीरिक शोषण का सामना किया है।

मामले में खुलासा हुआ है कि आरोपी चंद्रकांत पटेल ने इसके लिए अप्रवासियों से हजारों डॉलर भी वसूले थे। वहीं वह अपने सह-षड्यंत्रकारियों से झूठी पुलिस रिपोर्ट लिखवाने के लिए कहता था। बता दें कि मामले में आरोपी चंद्रकांत पटेल को भी सशस्त्र डकैती का शिकार होने के कथित आधार पर ही 2023 में यू-वीजा मिला था।

# रूसी पत्रकार की रिपोर्ट से अटका किम का टूरिज्म प्लान, मेगा रिजॉर्ट में विदेशी पर्यटकों पर लगी रोक



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने वॉन्सन-काल्मा बीच रिजॉर्ट में विदेशी पर्यटकों की एंट्री पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह फैसला रूसी पत्रकार की रिपोर्ट के बाद लिया गया, जिसमें बताया गया था कि रिजॉर्ट में दिखने वाले स्थानीय लोग असली पर्यटक नहीं थे। उत्तर कोरिया की इस परियोजना को किम जोंग उन ने बड़ी सफलता बताया था, लेकिन अब यह आर्थिक और छवि संकट में फंसती नजर आ रही है। उत्तर कोरिया ने अपने नवनिर्मित वॉन्सन-काल्मा बीच रिजॉर्ट में विदेशी पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी है। यह वही रिजॉर्ट है जिसे तानाशाह किम जोंग उन ने इस साल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया था। एक जुलाई को इस रिजॉर्ट को देश के नागरिकों के लिए खोला गया था और हाल ही में कुछ रूसी पर्यटकों को भी यहां लाया गया था। लेकिन अब आधिकारिक पर्यटन वेबसाइट डीपीआर कोरिया टूर ने घोषणा की है कि यह स्थान अस्थायी रूप से विदेशी पर्यटकों के लिए बंद है। इस पाबंदी की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कुछ दिन पहले ही रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इसी रिजॉर्ट में उत्तर कोरियाई विदेश मंत्री और किम जोंग उन से मुलाकात की थी। लावरोव ने उस समय वादा किया था कि रूसी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए रूस विशेष प्रयास करेगा। उन्होंने यहां तक कहा था कि रूसी पर्यटक निश्चित ही यहां आने के लिए उत्साहित होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पाबंदी उस रूसी पत्रकार की रिपोर्ट के बाद आई है, जो लावरोव के साथ उत्तर कोरिया गया था। रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि रिजॉर्ट में घूमने वाले उत्तर कोरियाई लोग वास्तविक पर्यटक नहीं थे, बल्कि उन्हें सरकार ने दिखावे के लिए भेजा था। इससे उत्तर कोरिया की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि वहां की सरकार ने विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगा दी है। रिजॉर्ट को बनाने में उत्तर कोरिया ने भारी खर्च किया है। वॉन्सन-काल्मा परियोजना देश की सबसे बड़ी पर्यटन योजनाओं में से एक मानी जाती है। दक्षिण कोरिया के थिंक टैंक वर्ल्ड इंस्टिट्यूट फॉर नॉर्थ कोरियन स्टडीज के प्रमुख आन चान-इल का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया विदेशी पर्यटकों को यहां आने नहीं देगा, तो उसे आर्थिक घाटा सहना पड़ेगा। विदेशी मुद्राओं जैसे रूबल, युआन और डॉलर की आमद न होने पर सरकार को रिजॉर्ट बंद भी करना पड़ सकता है। किम जोंग उन ने इस रिजॉर्ट को साल की सबसे बड़ी सफलता और देश में पर्यटन के विकास की ÷गर्व की पहली सीढ़ी÷ बताया था। सरकारी मीडिया के अनुसार, यह जगह उत्तर कोरियाई पर्यटकों से भरी हुई है। हालांकि, अभी भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की वापसी को लेकर उत्तर कोरिया ने कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है। उत्तर कोरिया ने कोविड-19 महामारी के समय से अपनी सीमाएं बंद कर रखी थीं। हाल ही में उसने सीमित संख्या में विदेशी नागरिकों के प्रवेश की अनुमति दी है। फरवरी 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक समूह को रासन शहर जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन वह कार्यक्रम एक महीने से भी कम समय में रद्द कर दिया गया। चीनी टूर ग्रुप्स, जो महामारी से पहले कुल पर्यटकों का 90त्न हिस्सा थे, अभी भी शुरू नहीं हुए हैं।

# डीएम ने वृहद वृक्षारोपड़ अभियान के तहत लगाये गये पौधे का किया अवलोकन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा पीली नदी के तट पर वृहद वृक्षारोपड़ अभियान के तहत लगाये गये पौधे का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीएफओ प्रोमिला को निर्देश दिया कि जो पौधे सूख गये है, उनके स्थान पर नये पौधे लगाये जाए और पीली नदी के तट पर रिक्त स्थानों पर वृहद पौधरोपड़ कराये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और बरसात में होने वाले लगातार कमी के दृष्टिगत अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक कार्य हो गया है। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि शासन के निर्देश के क्रम में कम से कम एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी के द्वारा एक जनपद, एक नदी अभियान के तहत जनपद की तहसील बदलापुर अंतर्गत स्थित पीली नदी के पुनरोद्धार कार्य को भी देखा गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से जनपद वासियों को पीली नदी पुनरुद्धार अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएं बधाई देते हुए कहा है कि जनपद जौनपुर के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में पीली नदी के पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में नदियों को जीवन दायिनी और पवित्र माना गया है। हमारी सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। नदिया हमारी आस्था की भी पोषक है, वर्तमान समय में नदियों में प्रदूषण बढ़ा है और उनकी निर्मलता व अविरलता भी प्रभावित हुई है। इसका प्रतिकूल प्रभाव मानव जीवन पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जल को जीवन का प्रतिरूप माना जाता है। प्राणिमात्र के कल्याण के लिए जळ का संरक्षण आवश्यक है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार विलुप्त होती नदियों के पुनर्जीवन से लेकर प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है, व्यापक जनसहभागिता और सहयोग से इस संकल्प को गति मिलती है।इसके दृष्टिगत जनपद जौनपुर में पीली नदी के पुनरुद्धार हेतु किया जा रहे प्रयास सराहनी है। उन्होंने कहा है कि मुझे विश्वास है कि अभियान अपने उत्कृष्ट लक्ष्य को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी योगिता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी धमेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामी गो-तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** जनपद के खुटहन थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक पुलिस कार्रवाई में 25 हजार रुपये के इनामी और वांछित गो-तस्कर कलीम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान कलीम के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए सीएचसी खुटहन भेजा गया, और फिर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहा था अभियान यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में की गई। खुटहन थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में यह मुठभेड़ बड़नपुर भट्टा के पास मरहट पुलिया के आगे रात 10:15 बजे हुई।कलीम पर 15 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं जिनमें गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, धोखाधड़ी, जालसाजी, हत्या के प्रयास, और वन अधिनियम शामिल हैं। वह जौनपुर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ में विभिन्न मामलों में वांछित रहा है।

# पीयू परिसर में कड़ी निगरानी में हुई प्रवेश परीक्षाएं

**सुचिता और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तीनों पाली की परीक्षा**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षाएं उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में सफलतापूर्वक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई, जिनमें पहली पाली सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक डी. फार्मा और बी.कॉम ऑनर्स, दूसरी पाली दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक एलएलबी (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड) और बी.टेक तथा तीसरी पाली अपराह्न 3:00 से 5:00 बजे तक बीसीए पाठ्यक्रम की परीक्षा कराई गई। प्रवेश परीक्षा अत्यंत सुचिता, पारदर्शिता और कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ सम्पन्न कराई गई। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ-साथ कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा समिति के सदस्य लगातार कमरों का भौतिक निरीक्षण भी कर रहे थे। परीक्षार्थियों की तलाशी के लिए प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की गई, जिससे अनुचित साधनों के प्रयोग की कोई संभावना न रहे। परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 18 जुलाई को कुल 1296 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी।

केंद्राध्यक्ष डॉ. संजीव गंगवार ने बताया कि 19 जुलाई को प्रथम पाली 9:00 बजे से 11:00 बजे बीएससी के सभी प्रोग्राम में, दूसरी पाली 12:00 से 2:00 के एमबीए, एमबीए के फाइनेंस एंड कंट्रोल, एचआरडी, ई-कॉमर्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स तथा तीसरी पाली 3:00 से 5:00 के बीच बीबीए, एलएलएम, एमसीए, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी के बायोटेक्नोलॉजी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा होगी।परीक्षा संचालन समिति के सदस्य प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ रसिकेश, अशोक कुमार यादव, सत्यम उपाध्याय,ज्ञानेंद्र पाल, डॉ. सुजीत चौरसिया, रीतेश श्रीवास्तव, संतोष यादव समूचे समय सक्रिय रूप से परीक्षा प्रक्रिया को संचालित करने में लगे रहे।

## जल रथ को हरी झंडी दिखाकर सीडीओ ने किया रवाना

**आजमगढ़।** उ0प्र0 शासन / निदेशक भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 के आदेशानुसार भूजल सप्ताह-2025 का आयोजन परीक्षित खटाना, मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु जल रथ को हरी झण्डी दिखाते हुए भूजल जन-जागरूकता कार्यकम का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में नगर क्षेत्र के कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय, हाईडिल सिधारी, आजमगढ़ की प्रधानाचार्या महोदया की अध्यक्षता में विद्यालय के छात्र/छात्राओं को गिरते भूजल स्तर और उस आसन्न संकट को दृष्टिगत विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि हम रोजमर्रा के जीवन में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर कैसे इसका बचाव कर सकते हैं तथा इसकी बर्बादी को रोक सकते हैं, क्योंकि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित है। जल के संचयन, संवर्धन एवं इसके संरक्षण हेतु विभिन्न उपयों से भी अवगत कराते हुए बच्चों को इसके बचाव के प्रति हर संभव प्रयास हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**बाज़ार से घर लौटते समय हुआ हादसा**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।(खेतासराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के शाहापुर में गुरुवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। आननफानन में ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने अस्पाल पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक अपने ननिहाल में परिवार समेत रहता था। वह स्थानीय क़स्बा खेतासराय से घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

विवरण के मुताबिक अनिल यादव (36) मूलरूप से आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र के अवराडार का निवासी है। वह अपने ननिहाल जमदहा(दुलीपुर) में परिवार के साथ रहता है। करीब 8:30 बजे शाहापुर भट्ठा के समीप बाज़ार से लौट समय दीदारगंज मार्ग की तरफ़ तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने नगर के एक निजीय अस्पताल पहुँचाया। अनिल की मौत से अस्साल से लेकर घर तक परिजनों के करुण क्रंदन से गांव में मातम का माहौल है। अचानक सड़क हादसे में युवक की मौत से हर कोई स्तब्ध दिखा। पुलिस मामले की तफ़्तीश कर रही है।

थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि अज्ञात वाहन से हुई हादसे में युवक के शव को पीएम के लिए भेजा गया है। सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी वाहन चालक की छानबीन की जा रही है।

## रील बनाते समय गंगा में डूबा 12वीं का छात्र

**प्रयागराज।** झूसी थाना क्षेत्र के छतनाग सोहम आश्रम घाट पर सोशल मीडिया के लिए रील बनाने के दौरान 21 वर्षीय छात्र गंगा में डूब गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्कैफ नाम का युवक झूंसी के कोहना गांव का रहने वाला था। वह अपने दो दोस्तों के साथ गंगा में नहाने आया था। नदी के गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। घाट पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन गंगा की तेज धारा के कारण कोई आगे नहीं बढ़ पाया। अल्कैफ चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था और 12वीं का छात्र था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। झूंसी पुलिस चौकी इंचार्ज दीपक जायसवाल ने गोताखोरों की टीम के साथ खोज अभियान शुरू किया। देर रात तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया कंटेंट के लिए खतरनाक स्टंट न करने और सावधानी बरतने की अपील की है।

# शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति करने में अपना योगदान दें शिक्षक

अवधनामा संवाददाता



**विद्यालय में पठन-पाठन का वातावरण हो विकसितः डीएम**

**प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को मिले छात्रवृत्ति का लाभ, कोई छात्र योजना का लाभ पाने से न रहे वंचित : अंजनी कुमार**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पूर्व दशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क-प्रतिपूर्ति प्रणाली के संबंध में शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि कोई भी पात्र छात्र शुल्क प्रतिपूर्ति, छात्रवृत्ति का लाभ पाने से वंचित न रहे, सभी शिक्षण संस्थाएं अपने यहां पंजीकृत प्रत्येक छात्र को छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दें, पात्र होने की दशा में उनसे समय से आवेदन करायें, समय से मास्टर डेटा अपलोड करें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए यदि किसी विद्यालय का कोई पात्र छात्र योजना का लाभ पाने से वंचित रहा तो संबंधित की जिम्मेदारी तयकर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होने शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो, प्रधानाचार्यो, प्रधानाध्यापकों से कहा कि छात्रवृत्ति नियमावली से विस्तृत रूप से भिज्ञ हो लें, मास्टर डाटा अपडेशन, आधार प्रमाणीकरण, छात्रों के बैंक खातों को एन.पी.सी.आई. से मैपिंग कराने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की निर्धारित तिथिवार जानकारी प्रदान की गयी है। उन्होने कहा कि मास्टर डाटा अपडेशन का कार्य कोई भी विद्यालय तंत्र कम्प्यूटर ऑपरेटर पर न छोड़ें बल्कि विद्यालय में छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति गठित कर अपने स्तर से मिलान करने के उपरांत ही फीडिंग का कार्य कराया जाये।

श्री सिंह ने उपस्थित प्रधानाचार्यो, शिक्षकों विशेषकर महाविद्यालयों के प्राचार्यो का आह्वान करते हुए कहा कि छात्रों को डिग्री उपलब्ध कराने तक सीमित न रहें, महाविद्यालयों में पठन-पाठन का वातावरण सृजित कर छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें ताकि युवा जीवन में प्रगति कर सकें। उन्होने छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों से कहा कि छात्रवृत्ति समय-सारिणी के अनुसार समस्त कार्यवाही की जाये, जनपद में पूर्व से मास्टर डाटा में सम्मिलित संस्थाएं दि. 25 जुलाई तक मास्टर डेटा तैयार करें, जिला विद्यालय निरीक्षक मास्टर डेटा में सम्मिलित संस्थाओं का सत्यापन दि. 05 अगस्त तक किया जाये, कक्षा 9-10 एवं 11-12 में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं के नवीनीकरण की प्रकिया शिक्षण संस्थाएं 31 अगस्त 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिक्षण संस्थाएं अपने नोटिस बोर्ड पर छात्रवृत्ति समय-सारिणी को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें ताकि प्रत्येक छात्र को जानकारी हो, कोई भी छात्र जानकारी के आभाव में योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि सभी विद्यालयों में छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति का गठन किया जाए, सभी विद्यालय दि. 25 जुलाई तक मास्टर डाटा अपलोड करें, मास्टर डाटा भरते समय पूर्णांक-प्राप्तांक की प्रविष्टि पूरी सावधानी से की जाए, किसी भी विद्यालय में पंजीकृत कोई भी छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, प्रवेश के समय छात्रों से मार्कशीट के साथ आय, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, बैंक विवरण, आधार कार्ड विद्यालय में सुरक्षित रखे जाएं ताकि छात्रवृत्ति का डेटा भरते समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि विगत शैक्षिक वर्ष में छात्रवृत्ति पोर्टल पर अंकित शिक्षण संस्थानों को वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिये मास्टर डाटा अद्यतन करना है, इसमें विशेष ध्यान रखा जाये कि प्राधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल प्रभारी वही विवरण दर्ज हो जो वर्तमान में विद्यालय में कार्यरत हों।

# कांवड़ियों पर लाठी-डंडे, तलवार से हमला

अवधनामा संवाददाता

**पथराव किया, महिलाओं से अभद्रता, झंडे फाड़े, पुलिस मौके पर**



**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय ख्वाजा गांव में शुक्रवार को कांवड़िए और नमाजी भिड़ गए। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि नमाजियों ने लाठी-डंडे और तलवार से कांवड़ियों पर हमला कर दिया। पथराव भी किया। इससे कई कांवड़िए घायल हो गए। विवाद डीजे बजाने को लेकर हुआ था। मुस्लिम पक्ष ने डीजे की आवाज कम करने को कहा था। सूचना पाकर दो थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने भी नमाजियों और कांवड़ियों में धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने किसी तरह हालात संभाला। मामला सराय ख्वाजा मऊआइमा के पास का है।

पीड़ित पक्ष ने 15 नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कड़ी सुरक्षा के बीच कांवड़ियों को मस्जिद के पास से निकाला गया।

कांवड़ यात्रा में शामिल महेंद्र कुमार निवासी सराय ख्वाजा थाना मऊआइमा ने आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है। महेंद्र के अनुसार दोपहर करीब 1֊30 बजे वह और सराय ख्वाजा गांव के रहने वाले राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, परशुराम सिंह, रामकृष्ण सरोज समेत दर्जनभर लोग कांवर लेकर डीजे की धुन पर निकले। सभी को संगम से कांवर में गंगाजल भरकर वाराणसी रवाना होना था। गांव के लोग उनकी विदाई करने के लिए अपने-अपने घरों से निकले। सभी गांव स्थित एक मस्जिद से करीब सौ मीटर दूर थे कि बड़ी संख्या में दूसरे समुदाय के लोग आ गए। जैसे ही यात्रा गांव के भोला जायसवाल के घर के पास पहुंची, तभी लगभग 200 मीटर दूर स्थित मस्जिद की दिशा से एक भीड़ आई। जिसमें तौहीद, यामीन, तस्लीम, राजू, मोहम्मद सहिल, अबरार, सहलाद, तुफैल अहमद, कल्लू, सुदैन अहमद, जीशान, गरजूर साई सहित करीब 50 अज्ञात लोग शामिल थे। आरोपियों के हाथों में तलवार, लाठी-डंडे और अन्य हथियार थे। इन्होंने कांवड़ यात्रा पर हमला कर दिया। हमलावरों ने यात्रा में शामिल लोगों को जातिसूचक गालियां दीं। धमकी दी कि ÷तुम लोग यहां यात्रा नहीं निकाल सकते, अगर दोबारा ऐसा किया तो जान से मार देंगे। आरोप है कि हमले के दौरान महिलाओं से भी अभद्रता और मारपीट की गई। एक महिला को घसीटते हुए कपड़े तक फाड़ दिए गए। यात्रियों के मोबाइल फोन तोड़ दिए गए, भगवा झंडा फाड़ दिया गया और कई श्रद्धालुओं से पैसे और जेवर भी छीन लिए गए।

इतना ही नहीं, आरोपियों ने ग्रामीणों को धमकाते हुए कहा कि अगर गांव से फिर कभी कोई धार्मिक यात्रा निकली तो वह उसे जानलेवा हमला करके रोक देंगे। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन्हें खदेड़ दिया और वीडियो डिलीट कराने की कोशिश की। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

## कानूनी अधिकारों के बारे में किया जागरूक

**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आज तहसील विधिक सेवा समिति- सदर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिविर में उपस्थित लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करना था। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंकित वर्मा द्वारा बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को कोई कानूनी समस्या है तथा उसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है तो ऐसा व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है, जिसका सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा निस्तारण किया जाता है। सचिव द्वारा बताया गया कि यदि कोई बन्दी गरीब तथा असहाय है और न्यायालय द्वारा जमानत हो जाने के बाद भी कारागार में निरूद्ध है तो ऐसे व्यक्ति को लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित ध्रुव चन्द्र त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, आजमगढ़ द्वारा शासन के अनुरूप चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।


## आम सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है जय महर्षि कश्यप समाज समिति, मकबरा रोड़, नजदीक संत विहार कालोनी, देवबन्द, जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है֊1. मनीष कुमार अध्यक्ष 2. प्रदीप उपाध्यक्ष 3. सोनू कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष 4. श्री सोनित कुमार कोषाध्यक्ष 5. श्री रवि कश्यप उपकोषाध्यक्ष 6. सोराज महामन्त्री 7. अजीत सिंह मन्त्री 8. सूर्य प्रताप मीडिया प्रभारी 9. रफल सिंह सलाहकार 10. सुशील कुमार ऑडिटर 11. सनदीप कुमार प्रचारमन्त्री 12. अनिल सदस्य 13. मनीष कुमार सदस्य 14. मनीष कुमार सदस्य 15. उदयपाल सिंह सदस्य 16. खेम करण सदस्य 17. श्री अरूण कुमार सदस्य 18. श्री नीटू कुमार सदस्य 19. श्री ब्रिजेश कुमार सदस्य 20. कुलदीप कश्यप सदस्य 21 श्याम सदस्य 22. श्री गुलशन कुमार सदस्य 23. श्री राजन कुमार सदस्य 24. श्री अमन कुमार सदस्य 25. श्री सतबीर सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 20 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष पेश करें निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार सम्भव न होगा, गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स. सहारनपुर

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मुझ विनोद कुमार पुत्र फकीर चंद नि. राय वाला, सुनारों वाली गली , सहारनपुर ने अपने पुत्र भरत भल्ला पुत्र वधु श्रीमति मालती भल्ला सहारनपुर को बुरी संगत व बुरे आचरण के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं वोह हम सब से अलग रहते हैं भविष्य अपने कृत्य हेतु खुद दोनों ज़िम्मेदार होंगें। सभी को सूचित कर रहा हूं कि मुझ लियाकत पुत्र खैरु निवासी नवादा दिक्का कलां, थाना सरसावा ज़ि सहारनपुर ने बुरी संगत और बुरे आचरण के कारण अपने पुत्र कादिर पुत्र वधु श्रीमति रुक्य्या को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में अपने किसी भी कार्य हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगें।

## कोर्ट नोटिस

मा. सिविल जज सी. डि. सहारनपुर प्रकीर्ण वाद सं. 255 सन 2024,1-श्रीमती गीता पत्नी स्व0 सचिन कुमार निवासी 7172, गली नम्बर 2. नियर एस.डी. कन्या इन्टर कॉलेज, एवन कालोनी, सहारनपुर 2- कृष्ण कुमार पुत्र स्व0 सचिन कुमार बनाम 1..सुनील कुमार 2.. सुमन लता में सुनवाई तिथि 23जुलाई सन 2025 पढ़ी जाए।

**प्रबंधक**


# अनुसंधान की भारतीय दृष्टि पर गहन मंथन

अवधनामा संवाददाता



**शोध फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय शोधशाला राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ**

**प्रयागराज।** शोध फाउंडेशन द्वारा अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पावन नगरी प्रयागराज स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में 'शोधशाला' नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें मुख्य स्थिति के रूप में ट्रिपल आईटी प्रयागराज के निदेशक प्रो. मुकुल शरद, मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, शोध फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक अर्जुन आनंद एवं अभाविप काशी प्रांत की अध्यक्षा प्रो. सुचिता त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में भारत के सभी राज्यों से आए कुल 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य अनुसंधान को अधिक प्रभावशाली बनाना, अकादमिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों के बीच समन्वय को सशक्त करना, तथा युवा शोधार्थियों को नवीनतम शोध पद्धतियों एवं संसाधनों से परिचित कराना रहा। उद्घाटन सत्र के उपरांत ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विचार रखे। दिल्ली विश्वविद्यालय स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रो. सुनीत कुमार सिंह ने भारत में जीवंत अनुसंधान के लिए प्रकाशन के अवसर विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने शोध में संभावनाएं एवं अवसर विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान तीन समानांतर संवाद सत्रों का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि ट्रिपल आईटी प्रयागराज के निदेशक प्रो. मुकुल शरद ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुसंधान को केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रयागराज में कुछ माह पूर्व आयोजित आध्यात्मिक महाकुंभ की भांति ही यह शोध कार्यशाला भी ज्ञान के मंथन का केंद्र बन रही है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज भी भारत की कई कंपनियां नवाचार के बजाय केवल नकल कर रही हैं और उनका योगदान आज भी अनुसंधान में काफी कम है। शोध फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक अर्जुन आनंद ने कहा कि आज भारत का शैक्षणिक तंत्र औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रसित है।

इससे बाहर निकलने के लिए आवश्यक है कि स्व से बदलाव की शुरुआत हो। अभाविप काशी प्रांत की अध्यक्षा प्रो. सुचिता त्रिपाठी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की विशिष्टता को रेखांकित किया और भारतीय अनुसंधान परंपरा को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सिविल डिफेंस डिवीजन चौक ने किया वृक्षारोपण का कार्यक्रम

**प्रयागराज।** सिविल डिफेंस डिविजन चौक पोस्ट 8 और दसों पोस्ट के वार्डन वह पूरी टीम ने मिलकर जगह जगह वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया और एक पेड़ अपनी मां के सम्मान में लगाकर वायुमंडल में दूषित हवा को स्वच्छ बनाने व फ्रेश ऑक्सीजन के प्रवाह को और गति देने के लिए नेक कार्य किया गया। कार्यक्रम में कल्याणी देवी पार्क, नैनी रोड बस स्टैंड के पास, बहादुरगंज गणेश पार्क, महेवा आदि में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने हिस्सा लिया और एक अच्छा वातावरण देने की उम्मीद के साथ पौधे को लगाया। साथ-साथ सभी ने कहा कि इस पौधे को पूरी देखभाल और निष्ठा के साथ करते रहेंगे। कार्यक्रम में पोस्ट 8 के मनी मेहरा, मो याकूब, राकेश मेहरोत्रा, मोहन जी टंडन, रवि कुमार साहू, परवेज़ अहमद, सद्दाम सिद्दीकी, जीशान, लतीफ, मो गुड्डू, आदर्श शामिल रहे।

# मुबारकपुर नगर पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में मिला जिले का पहला स्थान

अवधनामा संवाददाता




**मुबारकपुर/आजमगढ़।** भारत सरकार द्वारा गुरुवार को स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के परिणाम घोषित किए गए। आजमगढ़ जिले की तीन नगर पालिका और 13 नगर पंचायतों में नगरपालिका परिषद मुबारकपुर ने प्रदेश में 67वां स्थान प्राप्त किया। और ज़िले में पहला स्थान हासिल किया है। नगर पालिका परिषद आजमगढ़ को प्रदेश में 71 वां स्थान मिला। जिले में बिलरियागंज नगरपालिका परिषद 529वें स्थान पर रही। नगर पंचायतों में अजमतगढ़ को 286 वां, निजामाबाद को 374वां और जहानागंज को 388वां स्थान मिला। जीयनपुर नगर पंचायत 389वें, कटघर लालगंज 432वें और सरायमीर 437वें स्थान पर रहे। बुढ़नपुर नगर पंचायत को 488 वां स्थान मिला। मेंहनगर नगर पंचायत 566वें, माहुल 647वें और मार्टीनगंज 652 वें स्थान पर रहे। अतरौलिया नगर पंचायत को 653 वां, महराजगंज को 690वां और फूलपुर नगर पंचायत को 758वां स्थान प्राप्त हुआ। इस संबंध में मुबारकपुर अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हमारी नगरपालिका मुबारकपुर ने जनपद में पहला स्थान हासिल किया है . प्रदेश में 67वां रैंक प्राप्त किया है इसके लिए चेयरपर्सन डॉ सबा शमीम सहित पूरे नगर पालिका कर्मचारी व नगर की आम जनता बधाई के पात्र हैं, इन सभी लोगों की सहभागिता के कारण यह सफलता मिली है इस के लिए सभी का धन्यवाद।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

**निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–45 दिनाँक 11.07.2025**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एन्ड कमीशनिंग ऑफ आई.पी. बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) इन 1436 आई.सी.एफ. कोचेस इन एन.आर.। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 92,27,02,227.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 47,63,500/– मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.07.2025 से 12.08.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

2162/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 19 जुलाई 2025



# एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के लिए टाटा ने बनाया वेलफेयर ट्रस्ट, 500 करोड़ से की जाएगी मदद



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया के भीषण विमान हादसे के एक महीने बाद टाटा ग्रुप ने पीड़ितों के लिए वेलफेयर ट्रस्ट बनाया है। इसे मुंबई में रजिस्टर कराया गया है, इसका नाम एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट रखा गया है।

टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स ने शुक्रवार को एअर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों की मदद के लिए 500 करोड़ रुपये का एक वेलफेयर ट्रस्ट बनाने की घोषणा की है। इस ट्रस्ट का नाम एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट रखा गया है और इसे मुंबई में रजिस्टर किया गया है। टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स, दोनों ने इस ट्रस्ट में 250-250 करोड़ रुपये का योगदान देने का वादा किया है। यह पैसा सामाजिक और मानवीय मदद के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, इस हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज कराया जाएगा, इसके साथ हादसे में क्षतिग्रस्त हुए बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल की मरम्मत और दोबारा निर्माण में मदद की जाएगी। बता दें कि अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान हादसे के तुरंत बाद टाटा ग्रुप ने सभी मृतकों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर एक-एक करोड़ की राशि देने का एलान किया था। इससे अलग एअर इंडिया ने भी सभी को 25-25 लाख रुपये मुआवजा दिया।

यह हादसा 12 जून 2025 को हुआ था, जब अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई171 टेकऑफ के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 260 लोगों की जान गई, जिनमें 241 लोग विमान में सवार थे और 19 लोग जमीन पर मौजूद थे। इस विमान में 12 चालक दल के सदस्य और 230 यात्री मौजूद थे। इसमें 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक (एक जीवित बच गया), सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक भी शामिल है।

फिलहाल एएआईबी इस विमान हादसे की जांच कर रही है, इसका नेतृत्व विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के निदेशक संजय कुमार सिंह कर रहे हैं।

# व्यापार वार्ता में भारत को अपनानी होगी चतुराईः राजन



**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि भारत को व्यापार समझौते पर बातचीत करते समय चतुराई से काम लेने की जरूरत है, खासकर कृषि क्षेत्र के संबंध में, जिसे विकसित देशों द्वारा भारी सब्सिडी दी जाती है। भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करते समय बहुत सावधान और चतुराई से काम लेने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते में सबसे ज्यादा ध्यान कृषि क्षेत्र में देने की है, जिसे विकसीत देशों द्वारा भारी सब्सिडी दी जाती है। पीटीआई को दिए साक्षात्कार में राजन ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6 से 7 प्रतिशत के दायरे में स्थिर हो गई है। वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं कारण इस पर कुछ असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जहां व्यापार वार्ता अधिक कठिन है, वह कृषि जैसे क्षेत्र हैं, जहां प्रत्येक देश अपने उत्पादकों को सब्सिडी देते हैं। हमारे उत्पादक अपेक्षाकृत छोटे हो सकते हैं, उनकी सब्सिडी कुछ कम हो सकती है। ऐसे में अगर कृषि उत्पादों का बिना नियंत्रण के आयात होता है तो हमारे किसानों के लिए यह मुश्किलें पैदा कर सकता है। राजन ने कहा कि उदाहरण के तौर पर, क्या हम विकसित देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (स्नष्ठढ्ढ) को प्रोत्साहित कर सकते हैं ताकि कुछ क्षेत्रों में मूल्यवर्धन बढ़ाया जा सके। जैसे कि डेयरी क्षेत्र में जिससे दूध, मिल्क पाउडर, पनीर आदि जैसे उत्पादों में सुधार हो और हमारे दुग्ध उत्पादकों को लाभ हो सके।

इस सप्ताह के शुरुआत में भारतीय टीम प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता के लिए वाशिंगटन में थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता अमेरिका द्वारा इंडोनेशिया के साथ किए गए समझौते की तर्ज पर होगा।

# काइनेटिक ग्रीन और लैम्बोर्गिनी की साझेदारी से वैश्विक बाज़ार में उतरी इलेक्ट्रिक लग्ज़री कार्ट रेंज



**नई दिल्ली।** भारत की काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड और इटली की टोनिनो लैम्बोर्गिनी एसपीएने मिलकर वैश्विक बाजारों के लिए अपनी शानदार गोल्फ और लाइफस्टाइल कार्ट्स की एक्सक्लूसिव रेंज को लॉन्च किया है। ये खूबसूरती से डिज़ाइन किए गए गोल्फ और लाइफस्टाइल कार्ट्स लक्जरी मोबिलिटी को नया रूप देंगे। यह काइनेटिक ग्रीन की 4-व्हीलर मोबिलिटी सेगमेंट में पहली बार एंट्री और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता के वैश्विक विस्तार की शुरुआत है। इस साझेदारी में टोनिनो लैम्बोर्गिनी एसपीए का बेजोड़ इतालवी डिज़ाइन और काइनेटिक ग्रीन की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक का शानदार संयोजन किया गया है।

इस लॉन्च समारोह में भारत के माननीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री, श्री पीयूष गोयल, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि भारत में इटली के राजदूत, महामहिम डॉ. एंटोनियो बार्टोली, सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिसने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ किया। काइनेटिक ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अरुण फिरोदिया और टोनिनो लैम्बोर्गिनी एसपीए के संस्थापक डॉ. टोनिनो लैम्बोर्गिनी प्रमुख विशिष्ट अतिथियों में शामिल थे। इस लॉन्च में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, प्रमुख गोल्फ उत्साही, प्रमुख उद्योगपति और आतिथ्य क्षेत्र के दिग्गज, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया शामिल हुए।

इतालवी डिज़ाइन और भारतीय इंजीनियरिंग का एक शानदार मिश्रण, टोनिनो लैम्बोर्गिनी गोल्फकार्ट एक लक्जरी लाइफस्टाइल स्टेटमेंट है। दुनिया में पहली बार, ये उन्नत इलेक्ट्रिक वाहन - जो इटली में डिज़ाइन किए गए हैं - का उत्पादन भारत में किया जाएगा और विश्वस्तर पर प्रतिष्ठित टोनिनो लैम्बोर्गिनी ब्रांड के तहत इनकी मार्केटिंग की जाएगी। इसमें प्रतिष्ठित रेड शील्ड और आइकॉनिक बुल का प्रतीक होगा। टोनिनो लैम्बोर्गिनी विश्व के सबसे प्रतिष्ठित लक्जरी ब्रांड्स में से एक है, जिसे डॉ. टोनिनो लैम्बोर्गिनी ने 45 वर्षों से अधिक समय पहले स्थापित किया था। यह शानदार ब्रांड लाइफस्टाइल को नए अंदाज में पेश करता है और इसमें बीस्पोक फर्नीचर, लाइफस्टाइल एक्सेसरीज़, घड़ियाँ, स्मार्ट कैफे फॉर्मेट टीएल रोसो कैफे, प्रतिष्ठित ब्रांडेड रियलएस्टेट से लेकर हॉस्पिटैलिटी तक का व्यवसाय फैल चुका है।

# कमजोर नतीजों के बाद एक्सिस बैंक के शेयर 5% से अधिक टूटे

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने गुरुवार को जून तिमाही के नतीजे घोषित किए थे। इसके बाद शुक्रवार को शयेर बाजारों में बैंक के शयरों में गिरावट दर्ज हुई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 5.24 फीसदी गिरकर 1,099.10 रुपये पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी कंपनियों में यह शेयर सबसे अधिक पिछड़ने वाला रहा। पहली तिमाही के नतीजों के बाद एक्सिस बैंक के शेयर में 5 प्रतिशत से अधिक गिरावट दर्ज हुई। कंपनी ने जून तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ में तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। बीएसई पर कंपनी का शेयर 5.24 फीसदी गिरकर 1,099.10 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 7.40 फीसदी गिरकर 1,073.95 रुपये पर आ गया। वहीं एनएसई पर शेयर 5.26 फीसदी गिरकर 1,098.70 रुपये पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 6.36 फीसदी गिरकर 1,086 रुपये पर आ गया। सेंसेक्स और निफ्टी कंपनियों में यह शेयर सबसे अधिक पिछड़ने वाला रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 18,808.81 करोड़ रुपये घटकर 3,40,882.52 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्राइम रिसर्च प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा कि एक्सिस बैंक के नवीनतम वित्तीय परिणाम बाजार की उम्मीदों से कम रहे। उन्होंने कहा कि एक्सिस बैंक का जीडीआर गुरुवार को 4.8 प्रतिशत गिरकर 64.30 अमेरिकी डॉलर पर आ गया। यह जून तिमाही के दौरान बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में गिरावट के कारण हुआ। एक्सिस बैंक ने गुरुवार को बताया कि जून तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 3 प्रतिशत घटकर 6,243.72 करोड़ रुपये रह गया। यह गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और ऋण उन्नयन नीति में बदलाव के कार्यान्वयन से प्रभावित हुआ। निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े ऋणदाता का शुद्ध लाभ एक साल पहले की समान तिमाही के 6,034 करोड़ रुपये से घटकर 5,806 करोड़ रुपये रह गया, लेकिन पिछली तिमाही के 7,117 करोड़ रुपये की तुलना में इसमें भारी गिरावट आई।

# एचसीएल जीयूवीआई ने राज्य के एआई प्रज्ञा लक्ष्य के अनुरूप उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास विभाग के लिए एआई प्रशिक्षण का संचालन किया

**लखनऊ।** शासन को जमीनी स्तर से डिजिटल सशक्तीकरण प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने एचसीएल जीयूवीआई के साथ मिलकर एक गहन एआई प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच 100 से अधिक फील्ड एवं एग्ज़िक्यूटिव स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। यह अभियान एआई प्रज्ञा के लक्ष्यों को आगे बढ़ाता है, जो लोक प्रशासन और सेवा आपूर्ति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल करने के लिए राज्य का एक दूरदर्शी कार्यक्रम है। ''एप्लाईड एआई फॉर रूरल डेवलपमेंटः डेटा, इमेज, लैंग्वेज़ एंड जियोस्पैशल इंटैलिजेंस'' शीर्षक के इस प्रोग्राम ने अधिकारियों को आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), कंप्यूटर विज़न, नैचुरल लैंग्वेज़ प्रोसेसिंग (एनएलपी), ज्योग्रेफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस), और प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स के प्रायोगिक अनुप्रयोगों को समझने का अवसर दिया। इन सभी को ग्रामीण विकास में उपयोग के लिए अनुकूलित किया गया था।



एचसीएल के जीयूवीआई प्रोप्रायटरी एआई-पॉवर्ड लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रतिभागियों ने प्रि और पोस्ट ट्रेनिंग आकलनों, रियल-वर्ल्ड सरकारी डेटासेट्स, और परिदृश्य पर आधारित अभ्यासों में हिस्सा लिया। उन्होंने फ्रॉड डिटेक्शन, फोटो वैरिफिकेशन, ऑटोमेटेड शिकायत निवारण, जियो-टैग मैपिंग, और एआई-असिस्टेड रिपोर्टिंग का प्रायोगिक अनुभव प्राप्त किया। शासन में रिस्पॉन्सिबल एआई और एथिक्स पर एक समर्पित मॉड्यूल की मदद से प्रतिभागियों को इन टूल्स को सोच समझकर और जवाबदेह तरीके से इस्तेमाल करने का अनुभव प्राप्त हुआ। श्री जी. एस. प्रियदर्शी (आईएएस), कमिश्नर, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा, ÷यह प्रशिक्षण डिजिटल रूप से कुशल और भविष्य के लिए तैयार सरकारी कार्यबल तैयार करने के हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे एक पारदर्शी और कुशल शासन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जो एआई प्रज्ञा के उद्देश्यों के अनुरूप है।÷ जीयूवीआई के फाउंडर एवं सीईओ, अरुण प्रकाश ने कहा, ÷हम जागरूकता बढ़ाने से भी आगे निकल चुके हैं। इस प्रोग्राम ने वास्तविक, व्यावहारिक उपकरण प्रदान किए हैं जिनका ग्रामीण अधिकारी पहले दिन से ही उपयोग कर सकते हैं। हमें उत्तर प्रदेश के प्रगतिशील डिजिटल सफर का हिस्सा बनने पर गर्व है।'' अपूर्व जौहरी, हेड, कॉर्पोरेट प्रोग्राम्स, एचसीएल जीयूवीआई ने कहा, ''हमारा लक्ष्य था कि हम इसे तुरंत उपयोग कर सकें। प्रतिभागियों ने यहाँ फील्ड इमेज का विश्लेषण करने से लेकर वर्कफ्लो को ऑटोमेट करने तक अनेक व्यवहारिक कौशल सीखे, जो ऑपरेशंस को सुव्यवस्थित करेंगे।

# टेक महिन्द्रा का एबिट साल दर साल 34 प्रतिशत बढ़कर 1,477 करोड़ रुपये पहुंचा

**नोएडा।** सभी उद्योगों में उपक्रमों को टेक्नोलॉजी परामर्श और डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा ने 30 जून, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की आज घोषणा की। हमारा निष्पादन निरंतर मजबूत हो रहा है जिससे अनुशासित क्रियान्वयन और ध्यान केंद्रित रणनीति परिलक्षित होती है। पिछले 12 महीनों (एलटीएम) के आधार पर हासिल किए गए सौदे 44 प्रतिशत बढ़े हैं जिसकी वजह सभी वर्टिकल्स और भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापक गतिशीलता है। हमने लगातार सात तिमाहियों में मार्जिन बढ़ाया है जोकि हमारे पूरे संगठन में अनुशासन और ध्यान को परिलक्षित करता है। अनिश्चित माहौल में भी हमारे प्रोजेक्ट फोर्टियस प्रोग्राम ने निरंतर सार्थक परिणाम दिए और परिचालन में सुधार को गति दी।

# भारत के नॉर्थ इंडिया की 41 प्रतिशत 'सैंडविच पीढ़ी' उद्यमिता की ओर, देश के बाकी हिस्सों से आगे : एडलवाइस लाइफ सीडीओ

एडलवाइस लाइफ़ इंश्योरेंस के एक नए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि उत्तर भारत की 41 प्रतिशत 'सैंडविच पीढ़ी' अपने स्वयं का व्यवसाय शुरू करने को एक प्रमुख शोर्ट टर्म फाइनेंसियल गोल मानती है, जो देश के किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में सबसे अधिक है। यह मज़बूत उद्यमी सोच इस बात का संकेत है कि यह पीढ़ी वित्तीय स्वतंत्रता को अब केवल नौकरी की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता के रूप में देख रही है। एडलवाइस लाइफ़ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अनुप सेठ ने कहा

÷उत्तर भारत में हमेशा से उद्यमशीलता की गहरी प्रवृत्ति रही है–पारिवारिक व्यवसाय, व्यापारी समुदाय और स्व-रोज़गार इसकी आर्थिक डीएनए का हिस्सा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह प्रवृत्ति अधिक संगठित और महत्वाकांक्षी रूप ले रही है। गुरुग्राम जैसे शहर आधुनिक स्टार्टअप हब बन रहे हैं, और हम एक योजनाबद्ध, महत्वाकांक्षा-प्रेरित बदलाव देख रहे हैं। सैंडविच पीढ़ी केवल सपना नहीं देख रही–वे वित्तीय स्वतंत्रता और नियंत्रण पाने के लिए सक्रिय रूप से कदम बढ़ा रही है।हालांकि महत्वाकांक्षा साफ नज़र आती है, लेकिन वित्तीय योजना इसके साथ कदमताल नहीं कर पा रही है। आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपनी वित्तीय यात्रा में पीछे महसूस करते हैं–यह भावना उत्तर और पश्चिम भारत में अधिक गहरी है, जो उनके सपने को साकार करने की राह में एक बड़ी बाधा है।सेठ ने आगे कहा कमज़ोर नींव पर व्यापार खड़ा नहीं हो सकता। उद्यमिता जोखिम मांगती है–लेकिन जब आपकी व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति तंग हो, तो यह जोखिम संभालना कठिन हो जाता है। सैंडविच पीढ़ी, जो पहले से ही दो पीढ़ियों की ज़रूरतें पूरी कर रही है, के लिए यह अक्सर 'दोनों सिरों से मोमबत्ती जलाने' जैसा लगता है। सुरक्षा, बचत और आपातकालीन निधि जैसी बुनियादी वित्तीय तैयारी के बिना, आप न केवल अपने भविष्य के व्यवसाय को बल्कि अपने वर्तमान को भी जोखिम में डाल रहे हैं। जैसे-जैसे भारत का आर्थिक परिदृश्य बदल रहा है और क्षेत्रीय नवाचार गहरा रहा है, उत्तर भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। महत्वाकांक्षा मौजूद है; अब ज़रूरत है ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र की–वित्तीय और अन्य–जो सैंडविच पीढ़ी के इरादों को स्थायी प्रभाव में बदलने में मदद करे।

# मजबूत मांग के बीच सोना 100 रुपये बढ़कर 98770 रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 100 रुपये बढ़कर 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 100 रुपये बढ़कर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इस बीच चांदी की कीमतें 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 12.38 डॉलर या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 3,351.53 डॉलर प्रति औंस हो गया। वैश्विक बाजारों में हाजिर चांदी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 38.38 डॉलर प्रति औंस हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (कमोडिटी एवं करेंसी) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर सूचकांक में मामूली कमजोरी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई।


# नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे भारत में लॉन्च हुई





**नई दिल्ली।** भारत में आज न्यू बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे लॉन्च हो गई है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित सेकंड जेनरेशन बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे भारत में सिर्फ पेट्रोल पावरट्रेन में उपलब्ध होगी। ग्राहक इसे देशभर के सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स पर बुक कर सकते हैं, और इसकी डिलीवरी आज से शुरू हो गई है।बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे ने अपनी बेमिसाल डिज़ाइन और स्पोर्टी ड्राइविंग स्टाइल के दम पर खुद की अलग पहचान बनाई है। यह प्रीमियम कॉम्पैक्ट सेगमेंट में स्टाइल के साथ मजबूती और ग्रैन कूपे सिल्हूट चाहने वाले युवा शहरी ग्राहकों के बीच काफी तेजी से पसंदीदा बन गया है।श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ , बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ÷न्यू बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे जहां भी जाती है, अपने स्पोर्टी सिल्हूट और बोल्ड डिज़ाइन से सभी का ध्यान खींचती है। इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर में दी गई लग्ज़री फिनिश और एटीट्यूड इसे बेहद स्टाइलिश बनाते हैं। यह एक ऐसी कार है जो न सिर्फ अपने ड्राइवर की पर्सनैलिटी को दर्शाती है, बल्कि उसे और निखारती है। नई जनरेश की बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे शहरी युवा ग्राहकों की पहली पसंद बनने के लिए तैयार है, जो स्टाइल और गुणवत्ता दोनों की तलाश में हैं। जिसमें वह माहिर है पुरानी सोच को चुनौती देना, उम्मीदों को नया आकार देना और अपने बेजोड अंदाज से आगे बढ़ना।÷ इस कार की एक्स-शोरूम कीमत होगी - नई बीएमडब्ल्यू 218 एम स्पोर्ट 46, 90,000 रूपये और नई बीएमडब्ल्यू 218 एम स्पोर्ट प्रो 48, 90,000 रूपये में इनवॉइसिंग के समय प्रचलित कीमतें लागू होंगी। एक्स-शोरूम कीमत (जीएसटी और कंपेंनसेशन सेस सहित) लागू है. लेकिन इसमें रोड टैक्स, टैक्स कलेक्टेड ?ट सोर्स , टैक्स कलेक्टेड ?ट सोर्स पर जीएसटी, आरटीओ स्टेचुएरी टैक्स / फीस, अन्य लोकल टैक्स सेस लेवी और इंश्योरेंस शामिल नहीं है। यह कार निम्नलिखित पेंटवर्क्स में उपलब्ध है ब्रूकलिन ग्रे मेटैलिक, पोर्टिमाओ ब्लू मेटैलिक, ब्लैक सफायर मेटैलिक और अल्पाइन व्हाइट। निम्नलिखित अपहोल्स्ट्री ऑप्शन्स उपलब्ध हैं वेगेंजा मोका और वेगेंजा ऑइस्टर। इस नई कार के साथ ग्राहक सर्विस इनक्लूसिव और सर्विस इनक्लूसिव प्लस जैसी सुविधाएं भी चुन सकते हैं, जो कुल रखरखाव की लागत को काफी कम कर देती हैं। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार अवधि और किलोमीटर के हिसाब से सर्विस पैकेज चुन सकते हैं। ये पैकेज कंडिशन बेस्ड सर्विस और जरूरी मेंटेनेंस वर्क को कवर करते हैं। सर्विस प्लान की शुरुआत 3 4rs / 40,000 kms, से होती है, जिसे 10 4rs / 2,00,000 द्मद्वह्य तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, वारंटी प्रोग्राम को 10 साल तक बढ़ाने का विकल्प भी उपलब्ध है। बीएमडब्ल्यू इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ, ग्राहक बीएमडब्ल्यू स्मार्ट फाइनेंस के माध्यम से अनूठी सुविधा और बचत का अनुभव कर सकते हैं। इस योजना के तहत, ग्राहक व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार बनाए गए लचीले भुगतान समाधानों के साथ किफायती मासिक किस्त का लाभ उठा सकते हैं। अब ग्राहक बीएमडब्ल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज के माध्यम से नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे को केवल 35,000 रुपये प्रति माह में खरीद सकते हैं, जिसमें अवधि के अंत में गारंटीड बायबैक की सुविधा है, जो पूर्ण मानसिक शांति प्रदान करती है। इसके अलावा ग्राहक चाहें तो बीएमडब्ल्यू सर्विस इनक्लूसिव, बीएमडब्ल्यू सिक्योर एडवांस और एक्सटेंडेड वारंटी पैकेजेज जैसी सुविधाओं को भी अपने फाइनेंस प्लान में शामिल कर सकते हैं, जिससे खरीदारी और भी स्मार्ट और आसान बन जाती है।

# टाटा प्ले बिंज पर अब प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी





**लखनऊ।** टाटा प्ले बिंज पर प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म, वेव्स उपलब्ध हो गया है। यह ऐप टाटा प्ले बिंज को और ज्यादा विशाल ग्राहकों के बीच पहुँचाने में मदद करेगा। वेव्स पर सांस्कृतिक और परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकने वाला मनोरंजन उपलब्ध है। यहाँ पर क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, हिंदी और सदाबहार कार्यक्रम देखे जा सकते हैं। इस साझेदारी द्वारा दूरदर्शन के कार्यक्रम एक ही सदस्यता में टाटा प्ले बिंज पर देखे जा सकेंगे।टाटा प्ले बिंज के दर्शक वेव्स पर उपलब्ध सभी कार्यक्रम देख सकते हैं। यहाँ पूरे परिवार के लिए अलग-अलग इलाकों और संस्कृतियों से जुड़ा मनोरंजन मिलता है। 12 भारतीय भाषाओं में 20,000 से अधिक घंटों के मनोरंजन के साथ वेव्स पर ब्योमकेश बक्षी, फौजी और हम लोग जैसे धारावाहिक देखे जा सकते हैं। ओटीटी के साथ प्रसारण द्वारा इस प्लेटफॉर्म पर 35 से अधिक लाईव टीवी चैनल उपलब्ध हो गए हैं, जिससे दर्शकों को टेलीविज़न की पारंपरिकता का अनुभव ओटीटी स्ट्रीमिंग के साथ लेने का मौका मिलेगा।टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, ''टाटा प्ले बिंज ओटीटी कंटेंट को हर भारतीय तक आसानी से पहुँचाने के लिए शुरू किया गया था। प्रसार भारती के साथ हमारी यह साझेदारी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेव्स के साथ सांस्कृतिक, समावेशी और विविध कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध हुई है। ये कार्यक्रम नए दर्शकों के बीच पहुँचने चाहिए। हमें यह विशाल संग्रह भारतीय परिवारों के बीच पहुँचाने वाला पहला प्लेटफॉर्म होने पर गर्व है, जो देश में सभी लोगों के बीच जाकर उनका मनोरंजन करने और उन्हें सशक्त बनाने में स्ट्रीमिंग की शक्ति प्रदर्शित करता है।''

# आईकू ज़ेड10आर 24 जुलाई को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 24 जुलाई को आईकू ज़ेड10आर लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। छात्रों और नए कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तैयार यह स्मार्टफोन 4के फ्रंट और रियर कैमरा, अल्ट्रा-स्लिम क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले और सेगमेंट-लीडिंग मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7400 प्रोसेसर के साथ आता है, जो उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो हमेशा ऑन-द-गो रहते हैं और ऑनलाइन एक्टिव रहते हैं। चाहे कंटेंट बनाना हो, क्लासेज अटेंड करनी हों, रील्स स्क्रॉल करनी हों, ब्रेक में गेमिंग करनी हो या मल्टीपल ऐप्स के बीच स्विच करना हो - आईकू ज़ेड 10 आर को तेज़-तर्रार, मल्टीटास्किंग लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, आईकू ज़ेड10आर का निर्माण 1i1o के ग्रेटर नोएडा प्लांट में किया जाएगा। साथ ही, ग्राहकों को परेशानी-मुक्त आफ्टर-सेल्स सर्विस अनुभव देने के लिए, आईकू ग्राहक देशभर में मौजूद 670+ कंपनी-स्वामित्व वाले सर्विस सेंटर्स पर सेवा प्राप्त कर सकेंगे।






आईकू ज़ेड10आर खास तौर पर कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तैयार किए गए सेटअप के साथ आता है, जिसमें 50MP सोनी आईएमएक्स 882 OIS मेन कैमरा और सेगमेंट का सबसे बेहतर 32MP yK फ्रंट कैमरा है। फ्रंट और रियर दोनों कैमरों में 4K वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा है, जिससे यूज़र्स प्रोफेशनल क्वालिटी के साथ अल्ट्रा-क्लियर, HDR-क्वालिटी वीडियो शूट कर सकते हैं। अपने सेगमेंट का एकमात्र आईकू फोन जिसमें 4K 32 MP फ्रंट कैमरा है, आईकू ज़ेड10आर चलते-फिरते क्रिएटर्स के लिए एक बेहतरीन अपग्रेड है।

लंबे समय तक चलने वाली 5700 mAh बैटरी के साथ, iQOO Z10R लगातार वीडियो शूट करने, लेक्चर्स के बीच गेमिंग करने या क्लास और कंटेंट क्रिएशन के बीच स्विच करने के लिए तैयार है। इसके कोर में है सेगमेंट-लीडिंग मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7400 5त्र प्रोसेसर, जो हाई-एफिशिएंसी TSMC 4nm चिपसेट पर बना है। शूटिंग, एडिटिंग, स्ट्रीमिंग या मल्टीटास्किंग - हर स्थिति में यह स्मूद और लैग-फ्री एक्सपीरियंस देता है, जिससे क्रिएटिव फ्लो बाधित नहीं होता। विज़ुअल एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाता है भारत का सबसे स्लिम 120 H5 क्वाड-कर्व्ड अमोल्ड डिस्प्ले, जो ब्राइट सनलाइट में भी बेहतरीन क्लैरिटी और अल्ट्रा-स्मूद विज़ुअल्स प्रदान करता है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3 अरब डॉलर घटकर 696.672 अरब डॉलर पर, भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़



**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त हफ्ते के दौरान 3.064 अरब डॉलर घटकर 696.672 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। वहीं स्वर्ण भंडार 498 मिलियन डॉलर घटकर 84.348 अरब डॉलर रह गया।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.064 अरब डॉलर घटकर 696.672 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में कुल जमा 3.049 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 699.736 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर 2024 के अंत में भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.477 अरब डॉलर घटकर 588.81 अरब डॉलर रह गईं।

आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 498 मिलियन डॉलर घटकर 84.348 अरब डॉलर रह गया। साथ ही स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 66 मिलियन डॉलर घटकर 18.802 अरब डॉलर रह गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारतकी आरक्षित स्थिति 24 मिलियन डॉलर घटकर 4.7111 अरब डॉलर रह गई।

# विकास के लिए जनप्रतिनिधि-अधिकारी मिलकर कार्य करें : सांसद

- जिला समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई सम्पन्न
- समिति द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरुप अधिकारी करें कार्य : डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**



बैठक को संबोधित करते सांसद विजय दुबे

**कुशीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद विजय कुमार दुबे तथा सह अध्यक्ष सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में जनपद के सभी विधायकगण, अन्य जन प्रतिनिधि सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख विभागों/लाभार्थी परक योजनाओं के विकास की गतिविधियों को और प्रभावी व तेज गति से क्रियान्वित किए जाने की अपेक्षा की गई।

सांसद विजय कुमार दुबे ने समिति के शत प्रतिशत सदस्यों की उपस्थिति पर बधाई देते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं, विकास परक/सम्मानजनक तरीके से संपन्न की गई। उन्होंने कहा कि आज देश के किसान, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों के अंदर मजबूती आई है, उन्होंने कहा दिशा की बैठक में लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी देकर उनके कार्यों में सुधार लाने सहित योजनाओं के क्रियान्वयन में शत प्रतिशत की पूर्ति किए जाने का कार्य किया जाना है। कहा कि आज कुशीनगर में क्या नहीं है ये सौभाग्य है कि एयरपोर्ट, कृषि महाविद्यालय, सहित विभिन्न स्थानों पर फ्लाईओवर के कार्य गतिमान हैं। उन्होंने कहा कि सभी जन प्रतिनिधि का लक्ष्य है कि सभी योजनाओं का धरातल पर मूर्त रूप देकर शतप्रतिशत अनुपालन किया जाना। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी गण सभी जन प्रतिनिधियों का फोन अटेंड कर लें तो आधी समस्याएं ऐसे ही खत्म हो जाएंगी। उन्होंने विशेष रूप से जल निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा किए जाने पर बल देते हुए कह की सभी को स्वच्छ जल मिले, यूरिया खाद की उपलब्धता पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया, तथा बिजली संकट की समस्या को मुख्य रूप से ध्यान देकर व्यवस्थाएं सुधारने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में डीएम व सीडीओ के सहयोग से जनपद की तस्वीर निश्चित रूप से बदलेगी। समिति की सह-अध्यक्ष सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के विकास की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। अधिकारी व जनप्रतिनिधि जनता के हित में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक को एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, तमकुहीराज डॉ असीम कुमार, कसया पी एन पाठक, फाजिल नगर सुरेंद्र कुमार कुशवाहा विधायक सादर मनीष जायसवाल व रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने भी संबोधित किया।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि दिशा की बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से जिले के विकास की रूपरेखा तैयार करना है। उन्होंने बैठक में प्रतिभाग किए सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनपद के विकास और आगे बढ़ाए जाने के लिए बैठक में सभी सुझावों, अपेक्षाओं को अक्षरश पालन कराया जायेगा। इसके लिए उन्होने अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी दिशा निर्देश बैठक में प्राप्त हुए है उसका अभी से अनुपालन करना शुरु कर दें, ताकि आगमी बैठको में कोई भी प्रकरण अपूर्ण न रहे। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने गत बैठक की पुष्टि कराई एवं संचालित योजनाओं के विवरण भी प्रस्तुत किया।

# डेंगू बीमारी जानलेवा है इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय मच्छरों से बचना है

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** आज आरोग्य भारती के तत्वावधान में बरसात के दिनों में मच्छरों के पनपने से मच्छर जनित रोगों का होना स्वाभाविक है इसमें डेंगू जैसी बीमारी काफी खतरनाक है।

इस अवसर पर डेंगू पर जागरूकता अभियान के दौरान देवरिया विकास खंड के ग्राम सिगही में लोगों को डेंगू पर जागरूक करते हुए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि डेंगू बीमारी जानलेवा है इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय मच्छरों से बचना है और उचित सावधानी बरतना हैं. यह बीमारी एडीज मच्छर से फैलता है यह मच्छर दिन में काटते हैं। इस मच्छर जनित बीमारी से बचने के लिए मच्छरों पर नियंत्रण जरूरी है इसलिए पानी को एकत्रित न होने दे. आसपास सफाई रखें एडीज मच्छर दिन में ही काटते हैं इनके काटने से ही डेंगू फैलता है इस महामारी से बचने के लिए लोगों में जागरुकता जरूरी है। आसपास के स्थान को साफ और स्वच्छ रखें मच्छरों पर नियंत्रण रखने के लिए दवा का छिड़काव करें मच्छरदानी का प्रयोग करें। डेंगू की जांच कराए। इस बीमारी में रक्त जांच में प्लेटलेट की कमी और कमजोरी महसूस होती है आयुर्वेद मताअनुसार इसे दंडक ज्वर कहते हैं प्लेटलेट की कमी को पूरा करने के लिए पपीते का सेवन पपीते के पत्ते का स्वरस . ओआरएस . गिलोय घनवटी और कालमेघ. कूटकी. पर्याप्त मात्रा में पानी और विटामिन सी युक्त भोज्य पदार्थ का सेवन लाभप्रद है। इसमें बुखार तेजी से चढ़ता है और हड्डियों में भयानक दर्द होता है कभी-कभी उल्टी और उल्टी में रक्त का आना शरीर पर लाल चकत्ते पड़ जाना इसके लक्षण है . तेज बुखार होने पर शरीर को तोलिए को पानी में भिगोकर शरीर का कोल्ड स्पंजिंग करें . ज्वर में दर्द निवारक दवा जैसे पेरासिटामोल का इस्तेमाल करें और इसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाएं।

# विदेशों में रोजगार दिलाने के लिए जिले के 12 एजेंसियां ही वैध

- पंजीकृत एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश में रोजगार के लिए जाना सुरक्षित

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले की कुल 12 एजेंसियां ही लोगों को रोजगार के नाम पर विदेश भेजने के लिए पंजीकृत हैं। एसपी कार्यालय के मीडिया सेल ने इन एजेंसियों की सूची जारी की है और जनपदवासियों को आगाह किया है कि पंजीकृत एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश में रोजगार के लिए जाना सुरक्षित है। इनके अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति के माध्यम से विदेश जाना पूरी तरह अवैध व असुरक्षित है। ऐसे लोगों पर पुलिस की भी नजर है। विदेश मंत्रालय भारत सरकार की ओर से उप्र में अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ को नोडल एजेंसी के रुप में नामित किया गया है।

नोडल अधिकारी की ओर से जारी सूची के अनुसार डीएस प्लेसमेंट सर्विसेज पंजीकृत कार्यालय प्लॉट संख्या-71, गांव सखवानिया बुजुर्ग थाना कुबेरस्थान, ज्योति देवी तकनीकी प्रशिक्षण एवं ट्रेड परीक्षण केंद्र प्राधिकरण रायबरेली पंजीकृत कार्यालय ओंकार वाटिका कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास वार्ड नं. 16 पडरौना, मेसर्स ओपी सिंह कंसल्टेंट्स, प्राधिकरण रायबरेली पंजीकृत कार्यालय कमरा संख्या 101 ओपी सिंह हाउस तिलक नगर है।

इसके अलावा बलुचहा रोड पडरौना, न्यू मैक्स इंटरनेशनल प्राधिकरण रायबरेली रजिस्टर्ड ऑफिस गायत्रीनगर बलोचहा पडरौना, खान ओवरसीज ट्रेड सेंटर, प्राधिकरण पंजीकृत कार्यालय हाटा प्रथम तल राष्ट्रीय राजमार्ग सेवा रोड फलमंडी हाटा, शुभम् एंटरप्राइजेज प्राधिकरण पंजीकृत कार्यालय भुरिया कसया रोड, एफसीआई गोदाम के पास कसया, लकी एंटरप्राइजेज, शाखा कार्यालय एचएन 15 रंजीत द्वितीय तल भारत नगर, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली पंजीकृत कार्यालय उमा इलेक्ट्रॉनिक के सामने, सपहा रोड कसया, ओम इंटरनेशनल प्राधिकरण पकवा इनार हाटा, एमआईएस आइकन चर्कफोर्स सर्विसेज भैसहा सवर, कसया टोला गोबरही रोड हेतिमपुर, बेलटेक एंटरप्राइजेज वार्ड नंबर 9 कसया तुलसी नगर कसया, जीवा इंटरनेशनल कसया यस बिल्डिंग मटेरियल के सामने सपहा रोड कसया एवं एमएस आदर्श एंटरप्राइजेस टाटा निकट प्राइमरी कसया स्कूल सपहा रोड नरकटिया पंचायत भवन कसया वैध हैं।

# उपलब्धियों की ओर बढ़ती बाबा गोरखनाथ दुग्ध उत्पादक संस्था

- गोरखपुर के पचौरी व कुशीनगर के फरना में खुला दूध संकलन केंद्र

**अवधनामा ब्यूरो**



केंद्र पर दूध का पैमाईश करती महिला



कुशीनगर के फरना में दूध के लिए खड़ी महिलाएं

**कुशीनगर।** बेहद कम समय में महिला नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था ने गोरखपुर के पचौरी गांव और कुशीनगर के फरना गांव में अपने दो नए दूध संकलन केंद्रों का उद्घाटन किया।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) की महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत स्थापित यह पूर्ण महिला स्वामित्व वाली संस्था राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की सहायक कंपनी एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज (एनडीएस) के तकनीकी सहयोग से संचालित हो रही है। मात्र डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू हुई इस संस्था से अब तक गोरखपुर मंडल के चार जिलों की 25,000 से अधिक महिला पशुपालक जुड़ चुकी हैं, जो 518 दूध संकलन केंद्रों के माध्यम से दूध आपूर्ति कर मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। दूध संकलन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महिला सदस्यों ने फीता काटकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इन केंद्रों के शुरू होने से पशुपालकों को गांव में ही दूध संकलन की स्थाई सुविधा, गुणवत्ता के आधार पर उचित मूल्य और समय पर पारदर्शी भुगतान मिल सकेगा। इससे महिलाओं को दूध बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय की बचत के साथ आमदनी बढ़ेगी और घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

संस्था उन आंतरिक और दुर्गम गांवों में भी महिलाओं को मौका दे रही है जहां अब तक कोई दूध लेने नहीं पहुंचता था, ताकि इन ग्रामीण महिला पशुपालकों को भी मुख्य धारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा सके। यह केंद्र संस्था के उस विजन का हिस्सा हैं, जिसमें हर महिला पशुपालक को संस्था से जुड़ने का अवसर देकर उनके द्वार पर ही पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है ताकि महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें।

26 नवंबर 2023 यानी राष्ट्रीय दुग्ध दिवस एवं श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर परिचालन प्रारंभ करने वाली इस संस्था ने 21 दिसंबर 2024 को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 7 बीएमसी केंद्रों के उद्घाटन के साथ अपने कार्यों का विस्तार किया। संस्था ने गांव स्तर पर डेटा प्रोसेसर दूध संग्रहण इकाइयों के माध्यम से दूध का वजन, परीक्षण और मूल्य निर्धारण उत्पादक की उपस्थिति में सुनिश्चित कर पारदर्शिता और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी है।

कम्प्यूटरीकृत परीक्षण आधारित भुगतान व्यवस्था के तहत प्रत्येक माह की 3, 13 और 23 तारीख को महिला सदस्यों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। इसके साथ ही तकनीकी सुविधाओं और प्रशिक्षण के माध्यम से महिला पशुपालकों की आय वृद्धि और सशक्तिकरण के लिए संस्था निरंतर कार्य कर रही है।

# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 01 जुलाई से 30 सितम्बर

- मध्यस्थता कार्यवाही तहसील, जनपद स्तर पर आयोजित की जाएगी

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** माननीय उच्च न्यायालय, मध्यस्थता एवं सुलह केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा आयोजित ''राष्ट्र के लिए मध्यस्थता'' अभियान 01 जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025।

मध्यस्थता के लिए कौन से मामले संदर्भित किये जा सकते है- जैसे- वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, सेवा विवाद मामले, शमनीय अपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, ऋण वसूली के मामले, बंटवारा संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले, मध्यस्थता की महत्वपूर्ण बातें एवं प्रक्रिया यह अभियान 01 जुलाई 2025 से प्रारम्भ होकर 30 सितम्बर, 2025 तक प्रगामी रहेगा। उपरोक्त प्रकृति के मामलों को मध्यस्थता हेतु भेजने के लिए अपने न्यायालय से अनुरोध किया जा सकता है, जहाँ आपका मुकदमा लंबित है। मध्यस्थता कार्यवाही तहसील, जनपद स्तर पर लंबित वादों के लिए आपके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सप्ताह के सातों दिन आयोजित की जायेगी। मध्यस्थता का कार्य प्रशिक्षित एवं दक्ष मध्यस्थों द्वारा सम्पादित कराया जाता है। मध्यस्थता प्रक्रिया पक्षकारों की सुविधा के अनुरूप ऑनलाइन/ऑफलाइन दोनों प्रकार से संचालित की जा सकती है। मध्यस्थता सफल होने पर दोनों पक्षकारों द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार न्यायालय में लंबित प्रकरण का निपटारा कराया जायेगा। मध्यस्थता असफल होने पर आपके मुकदमें पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। अधिक जानकारी हेतु अपने निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया/तहसील विधिक सेवा समिति, देवरिया सदर/ सलेमपुर/ बरहज/भाटपाररानी/रूद्रपुर अथवा कॉल करें टोल फ्री नंबर 18004190234, 15100।

# किशोरी से रास्ता पूछने के बहाने अगवा करने का प्रयास, हड़कंप

- लबनिया चौराहे पर रात में हुई घटना, शोर मचाने पर फरार हुए बाइक सवार

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के लबनिया चौराहे पर गुरुवार की रात करीब नौ बजे एक किशोरी से रास्ता पूछने के बहाने दो बाइक सवार युवकों ने कथित रूप से अगवा करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर दोनों फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात तक संदिग्धों की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार घर के पास टहल रही किशोरी के पास दो युवक बाइक से पहुंचे और नहर की पटरी का रास्ता पूछने लगे। किशोरी ने उन्हें रास्ता बताया, लेकिन बाइक पर पीछे बैठे युवक ने कहा कि आगे चलकर रास्ता दिखा दो। इस पर किशोरी को शक हुआ और वह शोर मचाते हुए घर की ओर भागी। तभी युवक बाइक लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पीआरवी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। किशोरी से पूछताछ के बाद चौराहे पर अस्थायी रूप से रह रहे फेरीवालों से भी पूछताछ की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने बताया कि किशोरी ने किसी प्रकार की जबरदस्ती से इनकार किया है, लेकिन युवक की बातों से डरकर उसने शोर मचाया था।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**कप्तानगंज।** सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर दुर्गेश मणि त्रिपाठी के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर गणमान्य व्यक्तियों पर अभद्र टिप्पणी व भ्रामक पोस्ट कर रहा है। प्रकरण से संबंधित अभियुक्त दुर्गेश मणि त्रिपाठी पुत्र चिन्ता मणि त्रिपाठी निवासी जमुनी बरवा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस कार्यालय का किया निरीक्षण

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित कार्यों की समीक्षा की तथा उपलब्ध संसाधनों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सीसीटीएनएस परियोजना के तहत लंबित मामलों की प्रविष्टि, डेटा एंट्री की गुणवत्ता, एफआईआर फीडिंग, केस डायरी, चार्जशीट की प्रविष्टियों तथा न्यायालय संबंधित जानकारी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रविष्टियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए एवं डाटा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए जिससे कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि न हो। सीसीटीएनएस प्रणाली के माध्यम से अपराध और अपराधियों की जानकारी का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा दक्षता में वृद्धि हो रही है।

# गर्भावस्था के दौरान पंजीकरण कराने पर मिलेगा 11 हजार सहायता राशि

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत जागरूकता अभियान 15 से 31 जुलाई तक

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना (पीएमएमवीवाई 2.0) के लाभों को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 15 से 31 जुलाई तक एक विशेष अभियान जागरूकता एवं प्रचार प्रसार अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गर्भावस्था की प्रारम्भिक अवस्था में महिलाओं को समय से योजना का लाभ प्राप्त हो, जिससे उनकी पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके तथा कोई भी पात्र महिला इस योजना से वंचित न रहे।

इस अभियान के सफल बनाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी कुशीनगर राकेश कुमार मिश्र द्वारा जनपद के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्य करते हुए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें एवं अधिकतम पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करें। प्रथम किश्त 3000 रूपया, गर्भावस्था के पंजीकरण। एल.एम.पी. तिथि के 6 माह के भीतर कम से कम एक प्रसव पूर्व जॉच द्वितीय किश्त 2000 रूपया, बच्चे के जन्म का पंजीकरण। 14 सप्ताह की आयु तक के सभी टीके लगे हों।

तृतीय किश्त 6000 रूपया, दूसरे जीवित बच्चे (बालिका) के लिए लाभ प्राप्त करने के लिए गर्भावस्था दौरान पंजीकरण अनिवार्य है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जन सामान्य से अपील- किया है कि यदि आपके आस-पास कोई भी गर्भवती महिला, जो योजना की पात्रता रखती हो, निवास करती हो तो कृपया उसे अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकरण करवाने हेतु प्रेरित करें, जिससे वह इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## दो को गुण्डा घोषित कर किया गया जिला बदर

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** प्रिंस उर्फ छोटू पुत्र उदयभान निवासी नरायनपुर थाना हाटा जनपद कुशीनगर, एवं अमित पासवान पुत्र संजय पासवान निवासी नारायनपुर थाना हाटा कुशीनगर के विरूद्ध जारी नोटिस की पुष्टि करते हुए विपक्षी को उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 के उपधारा 3 के अन्तर्गत गुण्डा घोषित कर जनपद कुशीनगर से 06 माह की अवधि के लिए इस शर्त के साथ निष्काशित किया है कि इस अवधि में जनपद जनपद कुशीनगर की सीमा के बाहर जहां भी रात्रि विश्राम करेगा उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को देगा व इस न्यायालय के अनुमति के बिना जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करना है, लेकिन उक्त व्यक्ति को किसी विशिष्ट न्यायिक आदेश के अनुपालन से संबधित जनपद के किसी न्यायालय में उपस्थित होना आवश्यक हो तो उस न्यायालय में उपस्थित होने के लिए उस व्यक्ति को धारा 4 के अन्तर्गत अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# बंद स्कूल के सामने स्कूली बच्चों के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

- हमें मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए : जयसिंह प्रताप

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** शुक्रवार को योगी सरकार के प्राथमिक विद्यालय मर्जर आदेश के ख़िलाफ़ समाजवादी पार्टी के नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में भादर ब्लॉक के खाझा ग्रामसभा के अंतर्गत बंद प्राथमिक विद्यालय पूरे भोजई मिश्र स्कूल के सामने स्कूल के बच्चों व अभिभावकों के साथ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सरकार को चेताया कि पाठशाला चाहिये,मधुशाला नहीं।

सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि जब तक सरकार ये तुगलकी फरमान वापस नहीं ले लेती तब तक आन्दोलन जारी रहेगा, वर्तमान की सरकार गरीबों,कमजोरों,पिछड़े दलितों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर उन्हें मानसिक गुलाम बनाना चाहती है,बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में बच्चों को शिक्षा का जन्मसिद्ध अधिकार दिया गया है लेकिन यह सरकार संविधान विरोधी है,पाठशाला बंद करके गांव के चौराहे चौराहे पर मधुशाला खोलने का काम कर रही है ! सरकार का मुख्य उद्देश्य है स्कूल को गांव से दूर करके गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर करके उन्हें शिक्षा से वंचित कर दो,गांव के प्राथमिक विद्यालय में ग़रीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं जिनके शिक्षा का माध्यम सिर्फ़ सरकारी स्कूल है ये सरकार देश के भविष्य को शिक्षा से वंक्षित करना चाहती है सरकार शिक्षा के मंदिर को बंद करके मधुशाला खोल रही है ये सरकार सिर्फ नशे में कार्य कर रही हैं ग़रीब दलित पिछड़ों के बच्चों को शिक्षा से वंक्षित कर सिर्फ़ धर्म के नाम पर लड़ाने का काम कर रही है। इस सरकार को अपना तुकलगी फरमान वापस लेना होगा नहीं हम समाजवादी लोग सड़क से सदन तक आन्दोलन के माध्यम से संघर्ष जारी रखेंगे.आने वाले समय में इन्हीं गरीब बच्चों की श्राप अभिभावक इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे ! इस मौके पर मनु पाल, बृजेश यादव, राकेश कोरी,रोहित शर्मा, मो.शाहिद, चंद्रकांत पाल, संजय, सूरज, छोटेलाल, रामदेव कोरी आदि लोग मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने किया बस स्टेशन, अमेठी डिपो और वर्कशॉप का निरीक्षण

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से नियुक्त अयोध्या मंडल के नोडल अधिकारी विनोद कुमार ने शुक्रवार को अमेठी डिपो,बस स्टेशन और डिपो वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टेशन और कार्यशाला परिसर में ए आर एम काशी प्रसाद और सेवा प्रबंधक नीरज सोनकर के साथ पौधरोपण भी किया।

नोडल अधिकारी विनोद कुमार शुक्रवार को सुबह लगभग दस बजे बस स्टेशन पहुंचे।ए आर एम को साथ लेकर वे सीधे डिपो कार्यशाला गये। यहां उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था, डीजल रजिस्टर, स्टोर रूम और बस का निरीक्षण किया।साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। वर्कशॉप में निरीक्षण के दौरान अमेठी सुल्तानपुर मार्ग, अमेठी अठेहा मार्ग और अमेठी कानपुर मार्ग का लोड फैक्टर कम मिला। नोडल अधिकारी ने रोडवेज कर्मियों को लोड फैक्टर बढ़ाने के निर्देश दिए।

# मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए

- अभियान चलाकर युवाओं को नशे से दूर करें : डीएम
- एन कार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक में कसे अधिकारियों के पेंच

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** डी एम संजय चौहान ने एन कार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक में युवाओं के बीच बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई और बेसिक ,माध्यमिक विद्यालयों और डिग्री कालेजों में ?नशामुक्ति जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।डी एम ने मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, आबकारी विभाग, ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।डी एम ने कहा है कि सभी शराब की दुकानों पर सी सी टी वी कैमरे व ग्रिल अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। कृषि विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा व ग्रिल अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य आदि मौजूद रहे।

## गुटखा कम्पनियों के सामने पान की बिक्री पीछे हुई

**अमेठी।** नशामुक्ति अभियान का युवाओं के बीच कोई खास असर नहीं है। गुटखा कम्पनियों की बिक्री दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।पान का बाजार कमजोर हो गया है। गुटखा और तंबाकू का सेवन वहीं लोग बंद कर रहे हैं जो किसी न किसी बीमारी से परेशान हैं।

स्मैक,अफीम, गांजा और भांग का सेवन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ने से मादक पदार्थों का अवैध व्यापार लगातार बढ़ रहा है। पुलिस इस पर कोई अंकुश नहीं लगा पा रही है। पिछले दो महीने के भीतर जिले में लाखों रुपए कीमत का गांजा और लगभग बीस लाख रुपए से अधिक कीमत की अफीम पकड़ी जा चुकी है। गुटखों के पाउट में घटिया किस्म की तम्बाकू का प्रयोग होने के बाद भी शौकीन सेहत के प्रति गंभीर नहीं है।

# स्कूलों में कम मिलेंगे नौनिहाल तो संबंधित का वेतन होगा बाधितः आशीष

■ छात्र उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के समस्त विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा आईवीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्रेषित छात्र उपस्थिति की समीक्षा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा बीएसए कार्यालय के सभागार मे की गई, जिसमें पाया गया की जनपद की औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है। विद्यालयों को लगातार खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से 75 प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया जा रहा है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन राकेश



मिश्र, द्वारा 01 से 14 जुलाई तक के विद्यालयवार अटेंडेंस का विवरण व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रेषित भी किया गया जिससे कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके। समीक्षा में जिन विद्यालयों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम पाई गई उनसे संबंधित नगर क्षेत्र के 26, बलहा के 223, चित्तौरा के 232, हुजूरपुर के 201, जरवल के 194, कैसरगंज के 193, महसी के 192, मिहीपुरवा के 269, नवाबगंज के 183, पयागपुर के 190, फखरपुर के 211,रिसिया के 253, शिवपुर के 199, तजवापुर के 211 एवं विशेश्वरगंज के 183 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक / इंचार्ज प्रधानाध्यापक को कारण बताओं नोटिस निर्गत करते हुए माह जुलाई की उपस्थिति 75 प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। माह जुलाई में जिन विद्यालयों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम पाई जाएगी उन विद्यालयों के समस्त स्टाफ का वेतन बाधित करने/ अन्य विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक के साथ साथ सभी सहायक अध्यापक,सभी शिक्षामित्र, सभी अनुदेशक आदि की होगी।

# लूट के दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा घटना घटित होने के 05 घंटे के अन्दर 02 अभियुक्तगण को लूटे गये मोबाइल, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, 02 अवैध तमंचा 12 बोर व 04 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लूट की घटनाओं का सफल अनावरण कर वाछिंत अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना घटित होने के 05 घंटे के अन्दर मु0अ0सं0- 755/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तगण शिवम पुत्र राजीव निवासी सन्तनगर थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद, हिमांशु पुत्र राकेश निवासी गली नं0 4 राजपूताना थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को बडी बाउन्ड्री लालऊ के पास खाली पडे मकान बिहारीपुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के कब्जे से 01 मोबाइल ओप्पो कम्पनी व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल पल्सर नम्बर न्च् 83 6884 सम्बन्धित मु0अ0स0- 755/2025 धारा 309(4)/ 317(2) बीएनएस व 02 अवैध तमंचा 12 बोर व 04 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुए। अभियुक्तगण से बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0- 757/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम शिवम उपरोक्त व मु0अ0स0- 758/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम हिमाँशु उपरोक्त पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 सिंहराज सिंह, उ0नि0 योगेश गौतम, उ0नि0 सतीशचन्द्र, का0 135 ओमकार सिंह, का0 1326 हरेन्द्र कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# एक महिला सहित 2 अभियुक्तों को कारावास की सज़ा

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फिरोजाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं ठोस साक्ष्य संकलन के फलस्वरूप अभियुक्तगण राहुल, लवलेश यादव एवं श्रीमती लक्ष्मी यादव को न्यायालय एडीजे.08-डकैती कोर्ट द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा एवं 27.27 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे ''ऑपरेशन कन्विक्शनश'' अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 393/2009 धारा 302ए394ए 34ए411ए 120ठ भादवि0 के अभियुक्तगण राहुल पुत्र रामसेवक यादव निवासी हाथवंत थाना खैरगढ़ए, लवलेश यादव पुत्र अमीर सिंह व श्रीमती लक्ष्मी यादव पत्नी लवलेश यादव निवासीगण राजमल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को न्यायालय एडीजे.08/डकैती कोर्ट द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा एवं 27.27 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियुक्त को सजा दिलाने में अभियोजक अजय शर्मा व पुलिस मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार है0का0 हरेन्द्र शर्मा का विशेष योगदान रहा है।

## आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार, राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर सुल्तानपुर के निर्देशन में ,श्री संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 सुल्तानपुर ने मय स्टाफ अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। टीम में संकेत राय प्र आ सि, अंकित शर्मा आ.सि , राजीव शुक्ला आ.सि. सीताकुंड चौकी इंचार्ज संजय कुमार सिंह S I महिला प्रधान सिपाही अनीता मौर्य द्वारा ग्राम हथिया नाला , पांचों पीरन , बेचू खा का पुरवा में दबिश दी गई। मौके पर 05 अभियोग पंजीकृत करते हुए 68 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई । लगभग 250 किलो लहन बरामद की गई जिसे मौके पर नष्ट किया। 01 अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। क्षेत्र में संचालित कंपोजिट व देशी दुकानों का निरीक्षण किया गया। R O plant , कबाड़ियों की दुकान व ईट के भट्ठों की गहनता से चेकिंग की गई।

## राष्ट्र के लिए आयोजित हो रहा मध्यस्थता अभियान

**सुल्तानपुर,अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं लक्ष्मी कांत शुक्ल, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद सुलतानपुर एवं अमेठी के समस्त तहसीलो एवं जनपद न्यायालय में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान गत एक जुलाई से 30 सिंतबर तक चलेगा।प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार गुप्ता ने जनमानस से अपील किया है कि वे अपने न्यायालय में लम्बित प्रकरण को जो सुलह-समझौता के योग्य हो और जिसका शीघ्र निस्तारण कराना चाहते है ।वे सम्बन्धित न्यायालय से निवेदन करके अपने प्रकरण को मध्यस्थता केन्द्र में प्रेषित कर निस्तारण करा सकते है।

## कहीं छांगुर बाबा के गैंग में तो नही फंसी हैं सुलतानपुर की युवती

**सुल्तानपुर,अवधनामा संवाददाता।** अपने जिले से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आ रहा है। मूलत नगर कोतवाली निवासी एक हिन्दू लड़की पड़ोसी एक मुस्लिम युवक के झांसे में आकर शिकार बन चुकी है। आरोप है कि युवक जबरन उसका धर्म परिवर्तन करवा रहा है, रुपए पैसों के भी लालच दे रहा है। उसका अश्लील वीडियो और फोटो बनाया है। युवती का कहना हैं कि अल्पसंख्यक युवक के अंतर राष्ट्रीय गैंग से संबंध हैं। आरोपी युवक सुल्तानपुर जिले के उजू पुर का मूल निवासी है।अब नगर कोतवाली क्षेत्र के (सौरमऊ देहात)बघराजपुर में आवास विकास से बाई पास जाने वाली रोड पर घर बनाकर रहता है। यदि युवक की गतिविधियों की निष्पक्ष जाँच की जाएगी तो बड़ा खुलासा हो सकता है।

# एडीएम की बड़ी कार्यवाही तिलहर का लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज

■ सीएचसी के चंद कदमों की दूरी पर चल रहे ऑक्सीजन हॉस्पिटल पर नहीं पड़ी नजर

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद के तिलहर कस्बे में अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार ने अचानक अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं अस्पतालों पर छापेमार कार्यवाही की इस दौरान अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार द्वारा लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सीज कर दिया गया सूत्रों की माने तो मजे की बात यह है कि अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार की आने की खबर जैसे ही सीएचसी प्रभारी ओमेंद्र कुमार को लगी वैसे ही बगैर डॉक्टरों के चल रहे अस्पतालों में खलबली मच गई और एडीएम के जाने से पहले ही कई अस्पताल संचालक ताला डालकर सटक लिए जानकारों की माने तो प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक के बीच सदैव छत्तीस का आंकड़ा रहता है जिसका खामियाजा भी लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर को भुगतना पड़ा और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ओमेंद्र कुमार की मौजूदगी में एडीएम अरविंद कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाइफ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सीज कर दिया जबकि तिलहर सीएचसी के इर्द-गिर्द कई हॉस्पिटल बगैर डॉक्टर के चल रहे हैं जिसमें ऑक्सीजन हॉस्पिटल भी शामिल है लेकिन एडीएम अरविंद कुमार सीएचसी पर काफी समय तक बैठे रहे लेकिन इन हॉस्पिटलों पर एडीएम साहब की नजर नहीं पड़ी इसी का नतीजा रहा की अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार की छापे मार करवाई सिर्फ एक अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज करने तक सीमित रही फिलहाल तेज तर्रार और ईमानदार अधिकारी के रूप में जनपद में पहचान बना चुके अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार की इस छापेमार करवाई और अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज करने जैसी कार्रवाई से तिलहर नगर क्षेत्र में खलबली मच गई और फर्जी अस्पताल संचालकों में दहशत का माहौल है जो कब तक बरकरार रहेगा यह देखने लायक होगा फिलहाल बताया जा रहा है जिस लाइफ केयर सेंटर को सीज किया गया है उसे केंद्र के डॉक्टर कहीं बाहर गए हुए थे और स्टॉप जरूरी कागज मांगने पर नहीं दिखा सका इसीलिए सेंटर को सीज किया गया है वहीं दूसरी तरफ बीते दिनों सीएचसी पर गो संचालक के ड्राइवर मोहित और सरकारी कर्मचारी बीएचडब्लू सुशील कुमार के बीच सीएचसी पर हुई मारपीट के मामले में अपर जिलाधिकारी ने थाना अध्यक्ष को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## लापरवाही से सड़ी दाल बांटी

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के हलियापुर आंगनबाड़ी केंद्र पर मई में भेजा गया पुष्टाहार दो महीने तक गोदाम में दबा रह गया। आरोप है कि बाल विकास विभाग के बल्दीराय सीडीपीओ कार्यालय में तैनात लिपिक आलोक सिंह ने जो मई में वितरित होना था,वह पुष्टाहार जुलाई में भेजा।जिससे चने की दाल खराब हो गई।मामले का खुलासा तब हुआ जब केंद्र पर वितरित की गई सड़ी दाल को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्लन ने आपत्ति जताई। इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने सीडीपीओ अजीत कुमार से जांच कराई। रिपोर्ट में लिपिक की लापरवाही की पुष्टि हुई।

# लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहन योजनाएं की हुई शुरूआत

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान ने सरकार की एमएसएमई से संबंधित कई योजनाओं के बारे में बताया। सरकार ने लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं।

इस समय प्रदेश में उत्पादन की रफ्तार काफी तेजी से बढ़ रही है। यदि आपके पास 20 से 100 एकड़ का लैंड बैंक है और आप उसे इंडस्ट्रियल जोन में परिवर्तित करना चाहते हैं, तो स्टाम्प ड्यूटी पूरी तरह से मुक्त होगी। सरकार उसके पास तक पक्की सड़क, बिजली और पानी की सुविधा देगी। इसके अतिरिक्त, उसमें जो भी व्यक्ति या संस्था इंडस्ट्रियल प्लॉट खरीदेगी, उसकी रजिस्ट्री में भी 100ः की छूट मिलेगी। एक पांच सितारा होटल में उद्यमी संवाद में, मंत्री ने कहा कि अभी तक ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) स्कीम में उद्यमियों को 50 लाख रुपये का अनुदान और 1 करोड़ रुपये का लोन मिलता था, लेकिन अब शासन ने इसको बढ़ाकर अनुदान की राशि 50 लाख रुपये और लोन की राशि 2 करोड़ रुपये कर दी




है। आगरा, फिरोजाबाद के आस-पास का इलाका आलू के लिए प्रसिद्ध है, इसके लिए सरकार ने केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र के लिए 1105 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आलू की उन्नत किस्में विकसित करने पर विभिन्न शोध होंगे, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। आगरा व इसके आस-पास के क्षेत्रों में भी पर्यटन के विकास की संभावनाएं तलाश कर उन्हें भी विकसित किया जा रहा है। इससे रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्राप्त होंगे। टीटीजेड (ताज ट्रेपेजियम जोन) के बारे में उद्यमियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में, उन्होंने कहा कि टीटीजेड को किसी भी स्थिति में अनदेखा नहीं किया जाएगा। सरकार अच्छी तरह से इसकी पैरवी करेगी और टीटीजेड के लिए अन्य विकल्पों को (जिनमें प्रदूषण नहीं होता है) तलाश रही है, जिससे यहां का व्यक्ति कार्य करने के लिए अन्य स्थानों पर न जाए। उन्होंने बताया कि मथुरा पर्यटन की दृष्टि से और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, अतः वहां पर 50 हजार करोड़ की राशि से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार प्रदेश को उद्यमिता के साथ-साथ 'पर्यटन हब' भी बनाना चाहती है। अंत में, मंत्री ने आगरा व उसके आस-पास के उद्यमियों को 'लीजेंड अवार्ड 2025' से सम्मानित किया। इसमें फिरोजाबाद से दिलीप, विपिन व राजेंद्र गुप्ता को 'द ग्रांड गार्थिस' व 'राजदेवय' के लिए सम्मानित किया गया। पूरे उद्यमिता संवाद का संचालन रवि इवेंट्स की ओर से मनीष अग्रवाल द्वारा किया गया।

# खुद की जमीन पर अवैध निर्माण रुकवाने को जद्दोजहद कर रहा नहर विभाग

■ एसडीएम वोलीं नहीं हो रहा कोई अवैध कब्जा

■ एडीएम की जांच में पाया गया था अवैध कब्जा दर्ज हुआ था मुकदमा

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में शारदा नहर विभाग की सरकारी जमीन पर एक सप्ताह से हो रहा अवैध निर्माण चर्चा का विषय बना हुआ है यह मामला तहसील पुवायां क्षेत्र के चकऊदन की गाटा संख्या 4 रकवा .288 हेक्टेयर से जुड़ा हुआ है जो शारदा नहर पुल के पश्चिम निगोही पुवायां रोड पर स्थित है और रोड के किनारे होने के कारण करोड़ों की जमीन बताई जा रही है जिस पर नवापुर गंगा निवासी विश्वनाथ राय पुत्र नकुल राय व अनुज उर्फ गुड्डू अवैध निर्माण कर रहे हैं यह निर्माण करीब एक सप्ताह से चल रहा है इस संबंध में नहर विभाग उप जिला अधिकारी पुवायां, थाना कोतवाली अध्यक्ष पुवायां से अवैध निर्माण रूकवाने की गुहार लगा चुका है इस जमीन पर मार्च 2023 में भी अवैध निर्माण का प्रयास किया गया था जिसमें एडीएम के आदेश के बाद नायब तहसीलदार आशीष कुमार द्वारा नाप कराई गई थी और अवैध कब्जा भी पाया गया था इस मौके पर नायब तहसीलदार ने अवैध निर्माण रुकवा दिया था और जमीन कब्जा मुक्त करा दी थी और कब्जा करने वालों पर नहर विभाग ने थाना कोतवाली में मुकदमा भी पंजीकृत कराया था लेकिन दबंग हर का से बाज नहीं आए और फिर करोड़ की जमीन पर कब्जा करने लगे नहर विभाग द्वारा लगातार उप जिलाधिकारी पुवायां चित्रा निर्वाल और थाना कोतवाली पुवायां से अवैध निर्माण रुकवाने की गुहार लगाई गई लेकिन अवैध कब्जा करने वाले राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत बताया जा रहे हैं जिन पर तहसील प्रशासन अंकुश नहीं लग सका है वहीं दूसरी तरफ जब इस संबंध में एसडीएम पुवायां से संपर्क किया गया तो उन्होंने जो बताए वह चौंका देने वाला है जो जमीन वर्ष 2023 मार्च माह में नायब तहसीलदार द्वारा कराई गई पैमाइश में सरकारी पाई गई थी और थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था वही नाप अब एसडीएम पुवायां द्वारा दोबारा कराई गई और बताया गया कि कोई अवैध निर्माण नहीं हो रहा है ना सरकारी जमीन है अब ऐसी स्थिति में अवैध निर्माण ना रुकने पर देवेंद्र सिंह जिलेदार राष्ट्रीय जल प्रबंधन योजना शारदा नहर खंड शाहजहांपुर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध निर्माण रूकवाये जाने की मांग की है फिलहाल चर्चा का विषय बने अवैध निर्माण पर अभी तक जिला स्तर के उच्च अधिकारियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# पोषण, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी ने दिये कड़े निर्देश



■ समीक्षा बैठक में उठाए अहम मुद्दे , बीडीओ व सीडीपीओ को निर्देशित किया कि पोषाहार का उठान कर एक सप्ताह के भीतर उसका वितरण सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** कलेक्टेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, वितरण की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना के कार्यों एवं बच्चों के पोषण एवं शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं पर गहन चर्चा हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बीडीओ व सीडीपीओ को निर्देशित किया कि पोषाहार का उठान कर एक सप्ताह के भीतर उसका वितरण सुनिश्चित करें। जिन विकास खण्डों में पोषाहार उपलब्ध हो गया है, वहां सीडीपीओ व पर्यवेक्षकों को तत्काल वितरण कराने के सख्त निर्देश दिये गए। साथ ही वितरण के दौरान गुणवत्ता व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने सम्भव पोर्टल में गर्भवती महिलाओं का वजन फीड कराने, एएलसी जांच, वीएचएसएनडी दिवस आयोजन तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भ्रमण की सूचना दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नए निर्माण कार्यो को जल्द पूरा करें, साथ ही बालमैत्रिक शौचालय, पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ देना सुनिश्चित करें। पिपरहरी में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराने हेतु डीपीआरओ और विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया।

## शिक्षा विभाग की समीक्षा में दिये अहम निर्देश

शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत शेष कार्यों जैसे टाइल्स लगाना, बाउंड्रीवॉल बनाना, दिव्यांग शौचालय निर्माण आदि को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों की उपस्थिति के अनुसार भोजन वितरण की गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए, तथा मेनू के अनुसार वितरण हो। उन्होंने जिन ब्लॉकों में बच्चों का आधार कार्ड निर्माण प्रतिशत अधिक है, उन्हें प्राथमिकता में रखने को कहा। बालवाटिका योजना के क्रियान्वयन हेतु खंड शिक्षा अधिकारी व सीडीपीओ को समन्वय कर कार्य करने को कहा गया। साथ ही 1 किलोमीटर की दूरी के भीतर स्थित विद्यालयों की सूची बनाकर चिन्हांकन करने का निर्देश भी दिया गया। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में डॉर्मेट्री और कंप्यूटर लैब के निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्हें गुणवत्ता सहित शीघ्र पूरा करने पर बल दिया। वहीं केजीबीवी विद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है मेरी बेटी का बचपन मे नाम रूपल था इसी नाम से पोस्टऑफिस में राष्ट्रीय विकास पत्र लिया गया तथा बाकी सभी कागजातों में जैसे आधार व विद्यालय में उसका नाम आराधना है ऐ दो दोनों नाम मेरे पुत्री का ही है इसे दोनों नमो से जाना व पहचाना जाए।

**राधेश्याम पुत्र- रामलाल**
नगर पालिका परिषद-शास्त्री नगर
फरेंदा रोड महराजगंज वार्ड नंबर
19-पो0 महराजगंज

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुराने नाम MAHBOOB ALI (महबूब अली) का परित्याग करता हूं। अब मैं पुराने नाम को बदल कर नया नाम MAHABUB ALI महबूब अली रख लिया है। अब आज से मुझे नए नाम MAHABUB ALI S/O MOHAMMAD SALEEM महबूब अली पुत्र मोहम्मद सलीम से जाना व पहचाना जाय। यही नहीं मेरे पासपोर्ट संख्या -N4881175 में भी गलती से MAHBOOB ALI अंकित हो गया है जो गलत है।

MAHABUB ALI S/O
MOHAMMAD SALEEM
(महबूब अली पुत्र मोहम्मद सलीम)
बर्डपुर नंबर 1,टोला पोखरभिटवा
पोस्ट - पचगवां पिन 272202
थाना - कपिलवस्तु जिला,
सिद्धार्थनगर

**कार्यालय : ग्राम पंचायतःगाय घाट**
**विकास खण्ड-बर्डपुर, जनपद-सिद्धार्थनगर**

**सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गाय घाट ताप्पा घोष विकास खण्ड बर्डपुर तहसील- शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर के भू.प.स. की बैठक पंचायत भवन पर दिनांक 20.07.2025 को समय 11 बजे निश्चित किया गया है। जिसमें ग्राम सभा में उपलब्ध भूमि गाटा सं0 571, 338, 328, 726 क, 1070 क, 1064 ख, 675 क का कृषि आवटंन पात्र व्यक्तियों में किया जाना है।

सोनिया (ग्राम प्रधान)
भू.प.स. ग्राम पंचायत- गाय घाट,
ताप्पा-घोष, सिद्धार्थनगर

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, महराजगंज**



सावधान सावधान

संख्या-1167/जि0आ0अ0/महराजगंज/अपील/2025-26/ दिनांक : 18 जुलाई, 2025

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के पाउच वाली शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योंकि वह नकली एवं जानलेवा है तथा इसके सम्बन्ध में सूचना तत्काल उपलब्ध कराएॅ। अवैध स्त्रोतों/अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा जहरीली हो सकती है। अवैध शराब में मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है। अतः इनका सेवन किसी भी स्थिति में न करें।

यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, सदर, मोबाइल नम्बर 9454466220; आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2, फरेन्दा मोबाइल नम्बर-9454466221; आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3, निचलौल मोबाइल नम्बर-9454465911; आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4, नौतनवॉ, मोबाइल नम्बर-9454466547 तथा प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता आदि गोपनीय रखा जायेगा।

**(अतुल चन्द्र द्विवेदी)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**महाराजगंज।**

**(सन्तोष कुमार शर्मा)**
**जिलाधिकारी**
**महाराजगंज।**

# स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारी 21 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



सीएमओ कार्यालय में एंटी करप्शन टीम का छापा, लिपिक और आउटसोर्स कर्मचारी रंगे हाथों दबोचे गए

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को सीएमओ कार्यालय, हमीरपुर में छापा मारकर दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों कर्मचारी एक चिकित्सीय प्रतिपूर्ति (Medical Reimbursement) के भुगतान के एवज में 21 हजार रुपये की घूस मांग रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमीरपुर मुख्यालय स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) कार्यालय में तैनात एक लिपिक जो चिकित्सीय प्रतिपूर्ति संबंधी मामलों की देखरेख करता है, और एक आउटसोर्स कर्मचारी ने एक लाभार्थी से मेडिकल बिल पास कराने के बदले में रिश्वत की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन संगठन से की, जिसके बाद टीम ने सुनियोजित योजना के तहत मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में छापा मारा।

जैसे ही आरोपी कर्मचारियों ने शिकायतकर्ता से 21,000 रुपये की रिश्वत ली, टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर तलाशी लेकर रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। छापे के दौरान कार्यालय में हड़कंप मच गया और अन्य कर्मचारी भी सकते में आ गए। फिलहाल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है और संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध यह कार्रवाई सरकार की शून्य सहनशीलता की नीति का हिस्सा है और आगे भी इस प्रकार की सख्त कार्रवाइयां होती रहेंगी।

# तेज बारिश में ढहा गरीब मजदूर का मकान

- एकमात्र घर भी ढहा घरेलू सामान बर्बाद, अब तक प्रशासन नदारद



**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला।** विकास खंड सरीला के हरसुंडी गांव में गुरुवार रात को तेज बारिश के दौरान दो कच्चे मकान अचानक भरभराकर गिर गये। हादसे में परिवार के एक लोग मलबे में दबकर घायल हो गया। घटना गांव के छोटी बखोल के श्रमिक धर्मपाल के मकान पर हुई।

बताया गया कि बारिश के चलते मकान के आसपास पानी भर गया था और दीवारें कमजोर हो गई थीं। तभी मकान की दीवारें ढह गईं। हादसे के समय परिवार का एक मात्र सदस्य अंदर मौजूद था। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे में फंसे मजदूर को बाहर निकाला। गनीमत रही की शरीर मे कोई चोट नहीं आई। पीड़ित ने बताया की गांव मे सब्जी बेचकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मकान उसका एकमात्र आशियाना था। वही दो दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने कई गरीबो के रहने के आशियाने छीन लिए। गांव निवासी महेश राजपूत का कच्चा मकान सुबह भरभरा कर गिर गया गनीमत रही की उस समय घर के लोग बाहर बैठे थे नहीं कोई बड़ी घटना हो सकती थी। बारिश ने सबकुछ छीन लिया। घर का सारा सामान भी भीग गया। लेकिन जिला प्रशासन का कोई अधिकारी या कर्मचारी अब तक मौके पर नहीं पहुंचा है।

## भीषण बारिश से बढ़ा बाढ़ का खतरा, नदी नाले उफान पर

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र में और आसपास बीते चौबीस घंटों से अधिक समय से हो रही तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश ने जहां जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है तो वहीं आम आदमी की दिनचर्या भी पूरी तरह से प्रभावित हो गई है।कस्बे के आसपास से बहने वाले नदी नाले उफान पर आ गए हैं जिसके चलते सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है।तो वहीं रेलवे क्रासिंग पर बनाए गए अण्डर पासिंग ब्रिजों में पानी भर जाने से लगभग दो दर्जन गांवों का कस्बे से पूरी तरह से सम्पर्क कट गया है और लोगों को आवश्यक सेवाओं या कार्यों के लिए लम्बा चक्कर लगा कर कस्बे आना पड़ रहा है।कोतवाली क्षेत्र के तिंदुही, अरतरा, पढोरी, डीहडेरा, तिलसरस, बम्हरौली, करहय्या, खण्डेह, गुरदहा, इचौली, गुसियारी सहित दो दर्जन गांवों के रास्तों में बने अण्डर पास पानी से भर जाने के कारण लोगों का जीवन गावों तक सिमट कर रह गया है।

# आईटीआई प्रशिक्षुओं ने अव्यवस्थाओं पर जताया विरोध



- उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- बड़ेली नाले के तेज बहाव में जान जोखिम में डालकर पहुंचे थे परीक्षा देने

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा (हमीरपुर)।** स्थानीय आईटीआई संस्थान के प्रशिक्षु शुक्रवार को उस समय भारी परेशानी में पड़ गए जब प्रयोगात्मक परीक्षा के दिन उन्हें रास्ते में उफनते बड़ेली नाले का सामना करना पड़ा। तेज बहाव के चलते कुछ प्रशिक्षुओं को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ा, जबकि कई प्रशिक्षु परीक्षा देने से वंचित रह गए। प्रशिक्षुओं का कहना था कि सुबह लगभग 9 बजे वे संस्थान की ओर निकले थे, लेकिन रास्ते में स्थित बड़ेली नाले का जलस्तर इतना अधिक था कि पार करना बेहद कठिन हो गया। जब कॉलेज प्रशासन से संपर्क किया गया तो कोई स्पष्ट या संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। इससे आक्रोशित होकर प्रशिक्षु तहसील परिसर पहुंचे और उपजिलाधिकारी मौदहा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रशिक्षुओं ने नाले पर उपरगामी पुल के निर्माण, कॉलेज परिसर में पीने योग्य पानी, शौचालयों की नियमित सफाई और पानी की उपलब्धता जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयोगात्मक परीक्षा को दोबारा संचालित कराने के निर्देश दिए। प्रशासन के इस निर्णय से प्रशिक्षुओं को कुछ राहत मिली है। प्रशिक्षुओं ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन अब स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएगा, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो।

## पेड़ है तो प्राण है के तहत रोपित किए गए पौधे



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** पेड़ है तो प्रांण है के तहत शुक्रवार को सदर विधानसभा के आधा दर्जन गांवों में वृक्षारोपण किया गया। युवा समाजसेवी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण की शपथ लिया। समाजसेवी संदीप मिश्रा ने बताया कि सदर विधान सभा के तुरती, मझिगांवा, जगदीशपुर व लिलारी बूथ पर पौध रोपण किया गया। इसी तरह डुमरिया, नेवारी व चन्द्रपुरवा बूथ पर भी ग्रामीणों ने वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण की शपथ लिया। बताया कि पेड़ है तो प्रांण है के तहत अभियान चलाकर प्रत्येक गांव में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस अभियान में गांव के युवा व वृद्धों का सहयोग मिल रहा है। युवा बढ़चढ़ कर पौध रोपण अभियान में शामिल हो रहे है। इस अभियान के तहत दर्जनों ग्राम पंचायतों में हजारों पौधों का रोपण किया जा चुका है। कहा कि पेड़ों के अंधाधूंध कटान से वातावरण पर प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण प्रदूषण बनाए रखने के लिए सभी को बढ़चढ़ कर पौध रोपण करना होगा। इस मौके पर आकाश चौहान, शत्रुधन बिन्द, विजय चौहान, पुष्पा देवी, त्रिलोकी जायसवाल, अनिल बिन्द, धीरज बिन्द, रामू सैनी, कृष्णा बिन्द आदि मौजूद रहे।

## अब महिला कर्मियों के हाथ में होगी एनसीएल के कॉस्ट एंड बजट सेल की बागडोर’



**सोनभद्र/सिंगरौली,अवधनामा संवाददाता।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने वुमेन-लेड एंटरप्राइज़ की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। इसी क्रम में एनसीएल के वित्त विभाग का कॉस्ट एंड बजट सेल अब पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा। महिला नेतृत्व द्वारा चलित यह प्रकोष्ठ, कंपनी में बजट आवंटन, राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय, निगरानी और वार्षिक बजट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय विषयों का प्रबंधन करेगा। इस दौरान सीएमडी एनसीएल ने महिला कर्मियों को एनसीएल की फ्लैग बियरर (ध्वजवाहक) के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। यह पहल एनसीएल की सकारात्मक कार्य संस्कृति और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## सोननदी में बाढ़ से फसलों को भारी नुकसान, सैकड़ों किसान प्रभावित

**चोपन/सोनभद्र।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते सोननदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। खेतों में बाढ़ का पानी घुस जाने से कनछ क्षेत्र के पकड़ी, कन्हौरा, रानीडिह, ससनई, चकरिया, बसुहारी, पिंडारी सहित कई गांवों के सैकड़ों किसान प्रभावित हुए हैं। किसानों की मानें तो मक्का की फसल जो लगभग तैयार हो चुकी थी, वह पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। इसके साथ ही अरहर, तील जैसी अन्य फसलें भी बाढ़ के पानी में डूबकर नष्ट हो गई। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर, किसानों को राहत दिलाने की मांग को लेकर अपना दल (एस) के पूर्व जिला महासचिव श्यामाचरण गिरी ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी बाढ़ से किसानों को बड़ा नुकसान हुआ था, जिससे वे अभी उबर भी नहीं पाए थे कि इस वर्ष फिर से बर्बादी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल एक टीम गठित कर फसल क्षति का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए तथा प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा दिया जाए।

# खान अधिकारी पर लगाया भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप





**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शाश्वत मंच के अध्यक्ष ने शुक्रवार को खान अधिकारी पर अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। इन्होंने प्रेसवार्ता कर खनन अधिकारी के खिलाफ कई सबूत पेश किया। उन्होंने बताया कि एक सरकारी कर्मचारी की सीमित आय के बावजूद शैलेंद्र सिंह पटेल विलासिता भरा जीवन जी रहे हैं। शिकायतक के अनुसार, कुछ ऐसे रिश्तेदार हैं जिनका उत्तर प्रदेश से कोई संबंध नहीं था। लेकिन खनन अधिकारी के यहां ट्रांसफर होते ही जमीन, फ्लैट और फार्म हाउस खरीदे जाने लगे। शाश्वत मंच ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खनन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह के भ्रष्ट अधिकारी सरकार की छवि धूमिल करने का षड्यंत्र रच रहे है।वहीं, शिकायतकर्ता श्याम जी मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि 2008 में खनन अधिकारी के रूप में चित्रकूट में नियुक्ति से पहले सोनभद्र खान अधिकारी के पास महज 25 एकड़ जमीन और एक कच्चा मकान था। वर्तमान में अधिकारी के परिवार के पास करोड़ों की संपत्ति है। सभी संपत्तियां उनके भाई, माता और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर दर्ज हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खनन अधिकारी अवैध खनन और परमिट की काला बजारी कराकर प्रति माह करीब एक करोड़ रुपए की अवैध कमाई कर रहे हैं। विशेष रूप से 2016-17 से उनकी संपत्ति में भारी वृद्धि देखी गई है। शिकायतकर्ता ने इस मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने की बात कही है।

# पेड़ से गिरकर नाले में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत



- जामुन के चक्कर में गई मासूम की जान, गांव में छाया मातम

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा में गुरुवार की सुबह जामुन तोड़ने गए एक 12 वर्षीय बालक की नाले में डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद कुमार का पुत्र उपदेश (12) सुबह करीब 9 बजे अपने कुछ दोस्तों के साथ गांव के पास स्थित नाले के किनारे जामुन तोड़ने गया था। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह सीधे नाले में जा गिरा। बालक को डूबता देख उसके साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए उपदेश को नाले से बाहर निकाला।

हालत गंभीर देख परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल हमीरपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही सुमेरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मासूम की अचानक हुई मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। उपदेश की मौत ने जामुन के स्वाद की कीमत एक ज़िंदगी से चुकवा दी, जिससे ग्रामीणों में गहरी पीड़ा व्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### राठ तिराहे का होगा चौड़ीकरण, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा कैशलेस उपचार



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में सातवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति और दूसरी जिला विद्यालय यान समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राठ तिराहे को मौसमी तिराहे के रूप में चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि उपलब्ध भूमि के अनुसार चौराहे को गोलाकार बनाया जाए, ताकि ट्रैफिक की समस्या का समाधान हो। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए भारत सरकार की योजना-2025 लागू की गई है। इसके तहत दुर्घटना के सात दिनों के भीतर पीड़ितों को 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध होगा। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. गीतम सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अभिताभ राय, सहायक अभियंता डी.आर. भार्गव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वाइस चेयरमेन इं.अंकित तिवारी ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके श्रेष्ठ परिणाम के लिये दी बधाई



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में अध्ययनरत डीएलएड बैच 2022 चतुर्थ सेमेस्टर व डीएलएड बैच 2023 द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में प्रशिक्षुओं ने उत्क्रष्ट परिणाम से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। संस्था के वाइस चेयरमेन इं.अंकित तिवारी ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके श्रेष्ठ परिणाम के लिये बधाई दी है। डीएलएड बैच 2022 चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये गये इनमें प्रथम स्थान पर ईशू चंदेल, द्वितीय स्थान पर अभिषेक कुमार एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से श्लोक एवं प्रिया रहे। डीएलएड बैच 2023 द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर श्वेता कुमारी द्वितीय स्थान पर आराध्या तिवारी एवं तृतीय स्थान निशान्त तिवारी ने प्राप्त किया एवं अन्य प्रशिक्षुओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा शिक्षण संथान के प्राचार्य योगेश कुमार द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को मेडल पहना कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान के प्रवक्ता नितिन दुबे, योगीराज पुरवार, अनुज कुमार, गणेश शंकर, सुशील कुमार एवं चन्द्र कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षुओं के लिये उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### सफाई कर्मचारी संघ ने हरि किशोर तिवारी को जन्मदिन पर किया सम्मानित



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी का उनके आवास न्यू कॉलोनी चौगुनी में ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद के जिलाध्यक्ष अजय कुमार एवं उनकी संयुक्त टीम ने जन्मदिवस पर केक काटकर एवं फुल मलाये पहनकर मनाया। प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सभी कर्मचारियों को शुभाशीष एवं आशीर्वाद दिया और कहा कभी आप लोगों को कोई समस्या हो तो राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आपके आपके साथ कंधे से कंधा लगाकर हमेशा आपके लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे होते हुये इस जनपद में किसी भी सबर्ग के कर्मचारियों के साथ कोई भी अहित नहीं होने दूंगा। इस अवसर पर अजय कुमार जिला अध्यक्ष एवं उनके सहयोगी शोभराज, रविंद्र, प्रीतम, अनिल कुमार, राजकुमार, अमित कुमार, दीपक, पवन कुमार, गोविंद, राहुल कुमार सिंह, रामकुमार, आनंद बाबू, संजय, सुशील, अनूप कुमार, अमन आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण किशोरियों एवं महिलाओं हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना एवं ÷आह्वान स्वास्थ्य और कल्याण नीति÷ के सहयोग से दिनांक 17 जुलाई 2025 को स्थानीय कोटा पंचायत भवन में ग्रामीण किशोरियों एवं महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देना, उनकी देखभाल सुनिश्चित करना और समग्र कल्याण को बढ़ावा देकर उन्हें जागरूक करना था। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण परामर्श, मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता, और सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गई।

# लापरवाही पर अधिशासी अभियंता पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश

- सीएम डैशबोर्ड से डीएम ने विकास कार्यो की किया समीक्षा, दिए निर्देश
- निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से जिलाधिकारी बीएन सिंह ने विकास कार्यो की समीक्षा किया। निर्माण कार्यों की समीक्षा में राजकीय निर्माण निगम द्वारा राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज नन्दना व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निर्माण कार्य अधिशासी अभियन्ता राजकीय निर्माण निगम को धनराशि भुगतान करने के बाद भी कार्य रूका हुआ मिला, इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिशासी अभियन्ता के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार से एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत कार्य में शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का खण्ड विकास अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी साप्ताहिक भ्रमण करें और भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि गोवंश आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जाए। गोवंश आश्रय स्थलों के लिए पशुओं के चारे के लिए जो धनराशि का भुगतान किया गया है, उसकी जॉच के लिए जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, वह जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गोवंश आश्रय स्थल पर पशुओं के चारे, भूसे आदि की समस्या कदापि न होने पाए, इसकी सतत् निगरानी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत जो पौध रोपण किये गए है, सभी विभाग हरीतिमा ऐप पर जीओ टैगिंग कर फोटो अपलोड करें। जिला खनिज फाण्डेशन निधि से कराए जा रहे कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण किया जाए, जो भी कार्य खनिज फाउण्डेशन न्यास से कराए जा रहे हैं, उसकी जॉच करायी जाएगी। जिला कृषि अधिकारी को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद बिक्री हेतु संचालित दुकानों की निरन्तर जॉच की जाए। यदि कहीं भी ओवररेटिंग प्राप्त होती है, संबंधित दुकानदार के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 15 से 30 जुलाई तक फसल बीमा हेतु किये जाने वाली पंजीकरण का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और कृषक बन्धुओं के खरीफ फसल का बीमा पंजीकरण कराया जाए।

## अधिवक्ता अभिषेक राजपूत बने आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिला उपाध्यक्ष



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** आल इंडिया लायर्स यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गौर एडवोकेट ने अधिवक्ता अभिषेक राजपूत को आल इंडिया लायर्स यूनियन इटावा का जिला उपाध्यक्ष बनाया।श्री राजपूत को अध्यक्ष विद्याराम भारती, महामंत्री देवेंद्र पाल वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेंद्र चतुर्वेदी, बॉबी राजपूत, शशांक शेखर यादव, काशिफ़ा नाज़, रामशरण यादव, राम नरेश राजपूत, मैराज अली खान, अभिषेक त्रिपाठी, हैप्पी ठाकुर, प्रदीप राजपूत, शैलेंद्र वर्मा आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

# नेहा सिंह रघुवंशी और रिचा तिवारी ने किया कॉलेज टॉप



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन डी.एल.एड. (2022-24) चतुर्थ सेमेस्टर और डी.एल.एड.(2023-25) द्वितीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित हो गया है, जिसमें प्रशिक्षुओं ने शानदार प्रदर्शन करके अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की है। कॉलेज का रिजल्ट हमेशा की तरह ही शत-प्रतिशत रहा है। चतुर्थ सेमेस्टर से नेहा सिंह रघुवंशी और रिचा तिवारी ने ने 93.37 प्रतिशतअंक पाकर संयुक्त रूप से कॉलेज टॉप किया है। शालिनी ने 93.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय और स्मृति चतुर्वेदी ने 93.12 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय सेमेस्टर अनुपम ने 94.12 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज टॉप किया है। इशिता शाक्य और मोनिका दवे 93.87 प्रतिशतके साथ संयुक्त रूप से द्वितीय और रंजना व विकास कुमार 93.50 प्रतिशतअंक पाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। संस्थान के प्रबंधक डॉ.विवेक यादव, डायरेक्टर डॉ.यू एस शर्मा ने सफल हुए प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद दिया और संबंधित शिक्षकगणों को बधाई देते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सुनीता डुडेजा डॉ.सीमा तिवारी, निधी, रजत और सलमान द्वारा प्रशिक्षुओं को सम्मानित कर मिष्ठान खिलाने के साथ सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# एस एस पी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की परेड की सलामी ली



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया एवं रिक्रूट आरक्षियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात एस एस पी ने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन में स्थित जे0टी0सी/ आर0टी0सी0 बैरिक, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया पुलिस लाइन में स्थित पुलिस मेस का निरीक्षण किया गया एवं मेस बने में भोजन को ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासित रहकर रहन-सहन, व्यवहार एवं भाषा में मर्यादा और शिष्टाचार बनाए रखें तथा गंभीरता, लगन एवं निष्ठा से प्रशिक्षण पूर्ण करे, समय-समय पर दिए जाने वाले सभी निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। परेड के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एफ.डी.आर. तकनीक से बन रहीं सस्ती सड़कें: केशव मौर्य

- गांव की समृद्धि ही प्रदेश की प्रगति का आधार
- गांव का विकास ही, राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है: केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण में तकनीक को अपनाने व इसके लागत मे आ रही कमी पर इस कार्य मे लगे सभी अधिकारियो की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक न केवल सड़कों को अधिक टिकाऊ व दीर्घकालिक बना रही है, बल्कि इससे निर्माण लागत में भी कमी आ रही है। इसकी लागत के बारे मे विश्लेषण करने पर प्रकाश मे आया है कि आगणित दर मे लगभग एक हजार रूपये प्रति घन मीटर कमी आयेगी।

आपको बताते चलें कि पूर्व के प्रस्तावो मे प्रयुक्त की गयी एफ डी आर बेस की दर रू 3760.00 के स्थान पर एनालिसिस के अनुसार आगणित दर रू 2784.00 प्रति घनमीटर किये जाने के उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के प्रस्ताव को उप मुख्यमंत्री द्वारा सहमति/अनुमोदन प्रदान किया गया है। इससे पीएमजीएसवाई के तहत एफ डी आर बेस तकनीक से बनायी जा रही सड़कों की लागत मे और कमी आयेगी। बचत की धनराशि से और ग्रामीण सड़के व उन पर अवस्थापना सुविधाओं के कार्य कराये जा सकेगे।

केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक मे ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक मे प्रकाश मे आया कि थ्क्त् तकनीक पुराने सड़क ढांचे को पुनः उपयोग कर सड़क को मजबूत बनाती है, जिससे पर्यावरण की दृष्टि से भी यह लाभकारी है। मौर्य ने निर्देश दिये कि पीएमजीएसवाई की सभी सड़कों का निर्माण इसी तकनीक से किया जाए ताकि कम खर्च में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित हो। बैठक मे सम्बंधित अधिकारियो द्वारा बताया गया कि अब तक एफ डी आर तकनीक मे पीएमजीएसवाई की एक किमी लम्बाई (चौड़ाई 5.5मी0) सड़क लगभग रू 96 लाख मे तैयार होती थी, अब आगे के कामो मे इतने ही मानक की सड़क लगभग रू 82 लाख मे बनेगी। लगभग रू13 लाख75 हजार से अधिक की धनराशि की बचत एक किमी सड़क के निर्माण मे होने का अनुमान है। एफ डी आर तकनीक मे पहले ही सामान्य तकनीक की अपेक्षा कम लागत आती थी। नये विश्लेषण मे यह और बचत होने का आगणन हुआ है।

उप मुख्यमंत्री ने बैठक मे कहा कि गांवों की समृद्धि ही प्रदेश की प्रगति का आधार है।

गांव का विकास ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा-भावना से काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ गांवों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण विकास के बिना समग्र विकास की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए।

# शिफा पॉली क्लीनिक का भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ मलिहाबाद।** लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करते हुए जैनब बाग मस्जिद, मिर्ज़ागंज के पास शिफा पॉली क्लीनिक का भव्य शुभारंभ हो गया है। यह नया चिकित्सा केंद्र क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए एक ही छत के नीचे व्यापक और सफल इलाज उपलब्ध कराएगा। क्लीनिक के उद्घाटन अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति ने इसकी महत्ता को और बढ़ा दिया।

शिफा पॉली क्लीनिक में अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगी। इसमें मैनेजिंग डायरेक्टर अमित शुक्ला के साथ डॉ. अजय यादव, डॉ. अखिलेश यादव और डॉ. आरती सिंह शामिल हैं। यह बहु-विषयक टीम विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सटीक निदान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करेगी।

**व्यापक चिकित्सा सेवाएं**

यह पॉली क्लीनिक कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इलाज प्रदान करेगा, जिससे मलिहाबाद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहर के अस्पतालों तक जाने की आवश्यकता कम होगी। यहां निम्नलिखित प्रमुख बीमारियों का इलाज उपलब्ध होगाः

**पाचन संबंधी समस्याएं:** लिवर में सूजन, आंतों में सूजन, तिल्ली में सूजन, पेट दर्द, जी मितलाना।

**हड्डी एवं जोड़ संबंधी:** जोड़ों का दर्द।

**श्वसन संबंधी:** सांस का फूलना।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ:** महिलाओं से संबंधित विशेष रोगों का संपूर्ण व सफल इलाज किया जाएगा, जिनमें महावारी का समय पर न आना, बच्चेदानी में सूजन, सफेद पानी आना, गर्भ का ठहराव न होना, और बच्चेदानी में गांठ जैसी समस्याएं शामिल हैं।

**पुरुष रोग:** पुरुषों में होने वाले किसी भी प्रकार के रोगों का भी यहां सफल इलाज किया जाएगा।

**शिशु रोग:** शिशुओं (बच्चों) से संबंधित बीमारियों का भी यहां विशेष ध्यान रखा जाएगा और उनका सफल इलाज किया जाएगा।

# अरशद खुर्शीद से मिले अनीश रजा खान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान प्रदेश महासचिव अनीश रजा खान ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष व पूर्वी उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता अरशद खुर्शीद से उनके निवास पर भेंट कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा किया कि किस तरह की रणनीति बनाई जाय कि पार्टी को आशातीत सफलता मिल सके और पार्टी प्रदेश में मजबूत हो, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई जा सके।

अनीश रजा खान ने बताया कि शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष व पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुस्लिम कद्दावर नेता अरशद खुर्शीद से उनके निवास आत्मीय मुलाकात हुई और आगामी विधानसभा चुनाव और गठबंधन पर विस्तृत चर्चा हुई और कैसे बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए कैसे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बैठा कर प्रदेश की सत्ता पर कब्जा जमाया जाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भी दमदार उम्मीदवारों को मैदान में उतरने ओर पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूती से चुनाव लड़ने पर भी बातचीत हुई है। इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अनीस रजा खान, प्रदेश महासचिव सलमान खान (जिया) अल्पसंख्यक कांग्रेस लखनऊ के जिला अध्यक्ष जुबैर खान, ओबीसी कांग्रेस लखनऊ के जिला अध्यक्ष शमीम कुरैशी साहब, असलम खुर्शीद साहब आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छता में लखनऊ ने रचना इतिहास, प्रदेश का बढ़ाया सम्मान

**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा के संकल्प को साकार करने वाले उत्तर प्रदेश के नगरों और नागरिकों को 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 2024-25' के अंतर्गत मिले विभिन्न पुरस्कारों ने पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। राजधानी लखनऊ को मिले तृतीय श्रेणी तथा अन्य नगरों की उपलब्धियों पर राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल, लखनऊ नगर निगम के कर्मठ अधिकारियों, कर्मचारियों और पूरे नगरवासियों को हार्दिक बधाई प्रेषित की जाती है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने इस गौरवपूर्ण अवसर पर कहा कि यह सम्मान प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व और सरकार के समर्पित प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मिला यह सम्मान न केवल नगर निगम के कुशल संचालन का परिणाम है, बल्कि शहरवासियों की जागरूकता[ सहभागिता और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है।



# गोरखपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार देश में चौथा, प्रदेश में पहला पुरस्कार हासिल किया

- 3-10 लाख आबादी में देश में चौथा स्थान, राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया

**गोरखपुर।** नगर निगम गोरखपुर ने स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12500 में से 11278 अंक (90.22 प्रतिशत) अर्जित किए हैं।

यह प्रदर्शन 2023 की तुलना में उल्लेखनीय छलांग को दर्शाता है, जब नगर निगम ने 9500 में से 6403.70 अंक (67.40) प्राप्त किए थे। इस प्रकार 4875 अंकों की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख से 10 लाख की श्रेणी में गोरखपुर ने 101 शहरों में चौथा स्थान प्राप्त किया है, जबकि पिछले वर्ष इसका स्थान 74वां था—यानी 43 रैंक का सुधार हुआ है। प्रदेश स्तर पर भी गोरखपुर ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 3 से 10 लाख जनसंख्या की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो कि 2023 में 9वां था—इस प्रकार 8 स्थान की बढ़त दर्ज की गई है।




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम गोरखपुर ने तीन बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। पहली, गारबेज फ्री सिटी रेटिंग में गोरखपुर ने 2023 की 3-स्टार स्थिति से छलांग लगाकर इस बार 5-स्टार रेटिंग प्राप्त की है, जो शहर में ठोस कचरा प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और जनभागीदारी में उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण है। दूसरी उपलब्धि के रूप में नगर निगम को प्राप्त हुआ है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गोरखपुर ने अपशिष्ट जल के सुरक्षित निस्तारण, पुनः उपयोग और सफाई संबंधी राष्ट्रीय मानकों का सफलतापूर्वक पालन किया है। तीसरी और अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि यह रही कि गोरखपुर ने सफाईमित्र सुरक्षित शहर के राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशानिर्देशों के अनुरूप सफाई मित्रों की सुरक्षा, गरिमा और कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का परिणाम है, जिसमें मशीन आधारित सफाई, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षण और सुरक्षित कार्य प्रणाली को प्रमुखता दी गई। ये तीनों उपलब्धियाँ गोरखपुर को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की श्रेणी में स्थापित करती हैं।

# सूदखोरों के आगे नतमस्तक अंबेडकर नगर के अलीगंज थाने के पुलिस

- क्षेत्रीय नागरिकों का उत्पीड़न

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ/अम्बेडकर नगर।** सिविल प्रकरणों को फौजदारी का रंग देने की उत्तर प्रदेश पुलिस की कानपुर कमिश्नरेट की कार्यवाही का संज्ञान लेते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय की लताड़ एवं प्रदेश सरकार पर 50,000/- की शास्ति के बाद भी अंबेडकर नगर पुलिस नहीं चेत रही है। इस सम्बन्ध में टांडा अंबेडकर नगर निवासी मोहम्मद शारिक ने बताया कि आंबेडकर नगर के सूदखोर फ़िरोज़ खान उर्फ़ फ़िरोज़ कबाड़ी क्षेत्र में भोले भाले लोगों को उनकी मजबूरी का फायदा उठाते हुए बैंक रेट से दस गुना रेट पर लोन दे कर उनको पुलिस के माध्यम से वसूली करवाता है, और उसी सूदखोर ने पहले उनके विरुद्ध टांडा थाने में मुकदमा कायम कराया और पुनः अपनी सगी बहन शाहीना खातून के माध्यम से उसके द्वारा थाना अलीगंज में प्रार्थना पत्र दे कर थाने के दरोगा हरिकेश यादव के माध्यम से उसपर दबाव बनवा कर अवैध वसूली का प्रयास किया जा रहा है जिससे वह आत्महत्या करने को विवश हो रहा है। विगत 12 जून को फिरोज कबाड़ी वा उसके गुर्गे उसकी बहन ने शारिक पर हमला भी किया जिसकी तहरीर शारिक ने पुलिस कप्तान व सीओ टांडा को लिखत तौर पर दी फिर भी इन सूदखोरों के दबाव में शरीक खान की तरफ से मुकदमा नहीं लिखा गया।

शारिक के द्वारा पूरे प्रकरण में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पुलिस अधीक्षक आंबेडकर नगर एवं अन्य पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्यवाही की मांगे की है। उल्लेखनीय है कि शिकायती पत्र की जानकारी होने पर भी दरोगा हरिकेश यादव के द्वारा लगातार शारिक पर दबाव बनाया जा रहा है जिससे उसका पूरा परिवार भयभीत है। शारिक के अनुसार उक्त फ़िरोज़ कबाड़ी पुत्र अमजद कबाड़ी के द्वारा उससे जून 2022 में सूद पर दिए 4.10 लाख के एवज में मई 2024 तक 7.50 लाख वसूल लिए पर उसकी लोभी प्रवृत्ति शांत नहीं हुई और उसके द्वारा 4.10 लाख के सापेक्ष 16 लाख की मांग की जाने लगी।

## कांवड़ यात्रा सनातन परंपरा की अद्भुत पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल हरिद्वार से लौट रहे श्रद्धालु शिवभक्तों का मुज़फ्फरनगर जिले के पुरकाजी बार्डर पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मुज़फ्फरनगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने स्वयं पुष्प वर्षा कर शिवभक्तों का अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी सनातन परंपरा की अद्भुत पहचान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निःशुल्क भोजन, प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सुविधा एवं विश्राम स्थल से युक्त सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्ग पर स्वच्छता, यातायात नियंत्रण, जलापूर्ति एवं मेडिकल रिस्पॉन्स टीम जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है।

# पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत आरक्षण एवं परिसीमन प्रक्रिया शुरू

अवधनामा संवाददाता

- डीएम ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

**अलीगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियों के क्रम में शासन द्वारा आरक्षण एवं परिसीमन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विस्तृत समयबद्ध कार्यक्रम जारी करते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायत के वार्डों के निर्धारण और आरक्षण की कार्यवाही 18 जुलाई से प्रारंभ होकर 6 अगस्त 2025 तक संपन्न की जाएगी। सबसे पहले 18 से 22 जुलाई तक वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ग्राम पंचायतवार जनसंख्या की पुष्टि की जाएगी। इसके उपरांत 23 जुलाई को प्रस्तावित क्षेत्रों (वार्डों) की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रस्तावित परिसीमन क्षेत्रों पर आमजन से आपत्तियां 29 जुलाई से 2 अगस्त 2025 के मध्य प्राप्त की जाएंगी, जिनका निस्तारण 3 से 5 अगस्त तक किया जाएगा। अंततः 6 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक परिसीमन क्षेत्रों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, विकास खंड अधिकारियों, पंचायत राज अधिकारियों एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शासनादेशों के अनुपालन में प्रभावी ढंग से कार्यवाही करें और निर्धारित प्रारूपों में सूचनाएं हार्डकॉपी एवं सॉफ्टकॉपी में समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है, अतः इसमें किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# अपर जिला जज ने किया कारागार का साप्ताहिक भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पँवार ने जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण में सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पँवार ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी जा सकें। बबन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये।



इसके उपरान्त विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुये सचिव/अपर जिला जज पारुल पँवार ने शिविर का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम श्री प्रतीक सिंह ने बताया कि भारतीय संविधान की उद्देशिका के तहत भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय की बात की गयी है। समाज के सभी वर्गो को भारतीय न्यायिक प्रणाली में न्याय पाने का समुचित एवं सामान अवसरमिले, इसलिए भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39 A भारत देश के ग़रीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। निःशुल्क क़ानूनी सहायता का मतलब है किअभियुक्त या प्रार्थी को वक़ील की सेवाएं मुहैया करवाना। सीधे शब्दों में कहा जाये तो अपने देश में ज़्यादातर लोग जो जेलों में बंद हैं और जिनके ऊपर कोर्ट की कार्यवाही चल रही है, वह ग़रीब,अशिक्षित एवं अति पिछड़े वर्ग के लोग हैं। जिनको अपने अधिकारों के बारे में नहीं पता है। जिसकी वजह से वह जेल की यातनाओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि उनको उनके अधिकारों के बारे में न ही सिर्फ बताया जाये बल्कि क़ानूनी सहायता भी प्रदान की जाये। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल बर्मन, उपकारापाल श्री अमर सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे। लेक्ट्रेट परिसर स्थित वन स्टॉप सेन्टर उरई में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रबन्धक अंजना यादव व स्टॉप नर्स शारदा सहित स्टॉफ उपस्थित मिला।

# हर घर जल योजना को गति देने के निर्देश गुणवत्ता युक्त जल मिले अंतिम छोर तक

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध पूर्णता के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना सीधे जनस्वास्थ्य व जनसुविधा से जुड़ी है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने मेसर्स जीबीपीआर लिमिटेड और बीजीसीसी लिमिटेड को मैनपावर एवं मशीनरी बढ़ाकर कार्य की गति तीव्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद की तीनों सतही स्रोत आधारित योजनाओं के अंतर्गत सभी कम्पोनेंट्स और संरचनाओं पर युद्धस्तर पर संसाधन लगाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को सुचारु जलापूर्ति का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि हर घर जल से संतृप्त घोषित गांवों का अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें कुछ कमियां सामने आईं – जैसे कि अंतिम छोर तक जल न पहुंचना, कुछ घरों को कनेक्शन न मिल पाना आदि। इस पर उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता युक्त जल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक ग्राम में सुबह-शाम निर्धारित रोस्टर के अनुसार जलापूर्ति की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में जलापूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, वहां हर घर जल प्रमाणन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए। जल रिसाव, रोडरेस्टोरेशन जैसी समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष टीम गठित कर मरम्मत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल कनेक्शन, दबाव, क्लोरीनेशन, रिसाव और अंतिम छोर तक आपूर्ति की भौतिक समीक्षा करें और जहां कहीं भी खामियां हों, उन्हें प्राथमिकता पर दूर किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अंचल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता विद्युत द्वितीय महेन्द्र नाथ भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं फर्म प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पार्षद आशा रावत ने मेयर सुषमा खर्कवाल का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**काकोरी लखनऊ।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में लखनऊ नगर निगम को इस बार तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जो शहर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर, मां कल्याण सिंह वार्ड की पार्षद आशा रावत ने लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेयर खर्कवाल दिल्ली से लखनऊ वापस लौट रही थीं और उनके आगमन पर पार्षद आशा रावत ने अपने पार्षदीय क्षेत्र में, विशेष रूप से जीरो पॉइंट आगरा एक्सप्रेस-वे के पास, वार्ड के निवासियों के साथ मिलकर उनका फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान मेयर को शुभकामनाएं और बधाई भी दी गईं। इस स्वागत समारोह के अवसर पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने अपनी खुशी व्यक्त की और इस सफलता का श्रेय शहर के सभी नागरिकों और विशेषकर सफाई कर्मचारियों को दिया। उन्होंने कहा, आप सभी लोग इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं, क्योंकि कहीं न कहीं आप लोगों ने भी अपने-अपने वार्ड में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया, जिस कारण लखनऊ नगर निगम को आज तीसरा स्थान हासिल हुआ है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि यह केवल एक शुरुआत है और आगे अभी और कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु0 लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा।

सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 119 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के सभी कर्मचारीगण उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित नहीं थीं, जिसके बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि वह मेडिकल अस्पताल गयी हुयी हैं। संवासियों की चिकित्सा/प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई।



नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मु0 लहरियापुरवा में लखनऊ के एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में चौकीदार को छोडकर कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला। जिसके बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि प्रबन्धक शिवकुमार राठौर सब्जी लेने गये हैं। साथ ही प्रबन्धक शिवकुमार राठौर के भाई आश्रय गृह में अनधिकृत रूप से निवास कर रहे थे।